# लोक अदालत में निस्तारण योग्य वादों को करें चिन्हित- जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने सभी विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ द्वितीय चरण की बैठक सोमवार को की।

जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी विभाग ऐसे मामलों को चिन्हित कर लें, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। साथ ही सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेंजे जाएं और युद्ध स्तर पर इन्हें तामील कराया जाए।

प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व चकबन्दी वाद, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में परिवार न्यायलय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज अनुराग कुरील, श्रमायुक्त आर के गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला सूचनाधिकारी सुरन्द्र कुमार, चकबन्दी अधिकारी मनोहर लाल, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।


## 21 से होगा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर, व सीनियर वर्ग की बालक-बालिकाओं की आठ विधाओं एथलेटिक, वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, वेट लिफ्टिंग, फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो की प्रतियोगिता सभी ब्लॉकों में कराई जाएगी। जिसमें 21 नवंबर को लाला भाई इंटर कॉलिज कंपना पहाड़ी, 23 नवंबर को पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलिज मऊ, 25 नवंबर को कृषक इंटर कॉलेज भौंरी मानिकपुर, 27 नवंबर को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनपुर कर्वी व 29 नवंबर को गोस्वामी इंटर कॉलिज छीबो रामनगर में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

# रामपुर कल्याणगढ़ की सरकारी भूमि में कर लिया अवैध कब्जा, हटाने की मांग

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कर लिया गया है। जहां ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की है।

डुमानिकपुर तहसील के रामपुर कल्याणगढ़ में ग्रामीणों ने गांव के दबंगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि में अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी को सौंपे शिकायती में कहा है कि रामपुर कल्याणगढ़ के गाटा संख्या 237 जिसका रकबा 70 बीघे का है। जो नक्शे में पीड़ी पहाड़ के नाम से दर्ज है। इसी तरह से गाटा संख्या 239 जिसका रकबा 48 बीघे के करीब है। जिसमें गांव के दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जहां लोगों ने घर बनाकर बोरवेल भी करा लिया है।जबकि उक्त भूमि पशुओं के लिए कभी चारागाह हुआ करती थी। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में शिकायत करने पर संबंधित लेखपाल द्वारा गलत तरीके से रिपोर्ट लगाकर गाटा संख्या 237 को मतरूक का उल्लेख करते हुए अतिक्रमण मुक्त बताया है। जबकि गाटा संख्या 237 अतिक्रमण का शिकार है। इस गाटा संख्या की खतौनी राजस्व अभिलेखों में नहीं मिल रही है। हरिचरण, कमलेश, अवधेश, सोनू, शत्रुघ्न, भोले, अश्विनी आदि ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्रकार देकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। आरोप है कि ग्राम प्रधान की सह पर सरकारी भूमि में अवैध कब्जा किया जा रहा है।

### जिला व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष बने अंकित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में युवा व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमें अंकित केशरवानी को युवा व्यापार मंडल का जिलाध्यक्ष, हर्षित अग्रवाल को महामंत्री बनाया गया। इसी प्रकार राहुल गुप्ता को व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष, नितेश केशरवानी को नगर महामंत्री और गोपाल गुप्ता को युवा नगर अध्यक्ष बनाया गया। युवा जिलाध्यक्ष अंकित केशरवानी ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर स्तर में व्यापार मंडल व्यापारियों के साथ खड़ा है।

### रोजगार मेले में 240 को मिला ऑफर लेटर

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सदर ब्लाक के हडिया बाबा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलिज में सोमवार को प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के निर्देशन में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 360 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार के बाद एचआर सुजीत कुमार मिश्रा ने 240 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। इस मौके पर काउंसलर अरुणेन्द्र कुमार, जिला सेवा योजन अधिकारी संदीप, उमेश चन्द्र, सचिन कुमार पाल व अशोक कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ नारायण शुक्ल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पूर्ति निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** सोमवार को पूर्ति निरीक्षक के नेतृत्व में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा नगर के घरेलू गैस की रिफिलिंग की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से अवैध गैस रिफिलिंग न करने की हिदायत दी, उन्होंने कहा कि अगर कोई भी दुकानदार अवैध गैस रिफलिंग करते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार सिंह ने वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र कुमार तिवारी के साथ नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित मूंगफली मंडी पहुंचे, जहां पर उन्होंने राकेश पुरवार की दुकान का औचक निरीक्षण किया।

## विद्यार्थियों को बताया जल संरक्षण और जल संचयन का महत्व



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशानुसार जल संरक्षण और जल संचयन की जागरूकता बढ़ाने के लिए छह से 20 नवम्बर तक संचालित किए जा रहे जल उत्सव अभियान के तहत सदर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम पुरवा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को जल संरक्षण और जल संचयन के प्रति जागरूक करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के माध्यक्ष से छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। साथ ही विद्यालय में जल संरक्षण और जल संचयन उपाय विषय पर पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम पुरवा के प्रधानाध्यापक अभिषेक केशरवानी, सहायक शत्रुघन सोनी, सामाजिक पर्यावरण चिन्तक सर्वेश यादव, शिक्षा मित्र अनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा के खेत में चल रहे रोटावेटर की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा में आशीष तिवारी के खेत में रोटावेटर से खेत की मिट्टी को महीन कर खेत के समतलीकरण का कार्य किया जा रहा था। इसके लिए उन्होंने सिरसा दोगढ़ी गांव के ट्रैक्टर और रोटावेटर भाड़े पर मंगवाया था। बताया गया कि ट्रैक्टर चालक गौरव उर्फ तिलक सिंह रजक 19 वर्ष पुत्र संतोष कुमार अपने साथी मोहित निवसीगण सिरसा दोगढ़ी थाना माधौगढ़ के साथ रोटावेटर से काम कर रहा था। इसी दौरान उसने अपने साथी मोहित को ट्रैक्टर चलाने के लिए दे दिया और मोहित रोटावेटर चलाना सीख रहा था। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब तिलक ने देखा कि मोहित रोटावेटर को ढंग से नहीं चला पा रहा है तो वह ट्रैक्टर के पास पहुंच गया और चलते हुए ट्रैक्टर पर चढ़ने का प्रयास करने लगा। ट्रैक्टर पर चढ़ते समय अचानक से उसका पैर फिसल गया और वह रोटावेटर की चपेट में आ गया।

# मधुमेह रोग के प्रति रैली निकालकर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




संत रणछोड़ दास महराज द्वारा जानकीकुण्ड में स्थापित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों के साथ विश्व मधुमेह दिवस अभियान 2024 की शुरूआत की गई। जिसमें जनजागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगो को मधुमेह के प्रति जागरूक किया गया। अभियान का उद्घाटन करते हुए मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि मधुमेह से होने वाले नेत्र रोगों में तेजी से वृद्धि होती है। ऐसे अभियानों से लोगों को समय पर जांच और उपचार का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार इस प्रकार की जनहितैषी पहलों को प्रोत्साहित करेगी। अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सकों की टीम और आधुनिक चलित नेत्र परीक्षण वैन के माध्यम से लोगों की शुगर जांच और रेटिना की फंडस फोटो लेकर नेत्र रोगों की प्रारंभिक पहचान की गई।

सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन एवं डॉ आलोक सेन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मधुमेह के कारण होने वाले नेत्र रोगों से बचाव और इलाज के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। समय पर जागरूकता से नेत्रज्योति की हानि को रोका जा सकता है। सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के प्रशासक डॉ इलेश जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन समय पर होते रहना चाहिए। जिससे लोगों में जागरूकता आती है तथा समय से लोग चिकित्सालय में पहुंचकर डॉक्टर से परामर्श करते हैं। इस आयोजन ने क्षेत्र के हजारों लोगों को मधुमेह और नेत्र स्वास्थ्य के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया है। इस अभियान के अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें जागरूकता वार्ताएं, सेमिनार, रैलियां, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन गतिविधियों के जरिए मधुमेह के खतरे, प्रबंधन, और नेत्र रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी साझा की गई।

इस मौके पर सद्गुरु महिला समिति की अध्यक्ष ऊषा जैन, जानकीकुण्ड चिकित्सालय के प्रशासक एबीएस राजपूत, जनरल सर्जन डॉ पूनम आडवाणी, रेटीना नेत्र चिकित्सक डॉ सचिन शेट्टी, डॉ अमृता सहित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एएसपी ने डकोर कोतवाली का किया निरीक्षण, परखी व्यवस्थाएं

जन एक्सप्रेस। उरई




एएसपी ने सोमवार को डकोर कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर की साफ सफाई के अलावा महिला हेल्प डेस्क, मैस, आरक्षी बैरिक का निरीक्षण किया। बल्कि सम्बन्धितों को दिशा निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने सोमवार को डकोर कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर एएसपी ने सबसे पहले परिसर में साफ-सफाई का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया और महिला कोस्टेबल से बीट के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद गांवों के ग्राम प्रहरियों चौकीदारों से गांवों के हालचाल पूछे। इस दौरान चौकीदारों ने अपनी बात रखते हुए कहा साहब हम लोगों का वेतन बढ़ाया जाए। जिस पर एएसपी ने उनकी इस मांग को जिलाधिकारी के समक्ष रखने को कहा है। वहीं एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा ने धारा 107/16 में धनराशि के साथ पाबंद करने के निर्देश दिए हैं। असलहे व माल कक्ष के रखरखाव को भी गहनता से देखा, और आरक्षी बैरकों व मैस की भी व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान इंस्पेक्टर शशिकांत चौहान, अतिरिक्त निरीक्षक रामचंद्र वर्मा, एसआई प्रेम पाल, सुधाकर समेत थाने का स्टाफ मौजूद था।

### रोगों से बचने के लिए अपने आसपास रखें स्वच्छता

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सर्दी के मौसम के आगमन से पूर्व दिन प्रतिदिन बढ़ रही मच्छर जनित बीमारियों से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छा बनाए रखने की वेहद आवश्यकता है नागरिक फुल वांह के पूरे कपड़े पहनें। पेयजल को हमेशा बंद ढक्कन वाले कंटेनर में स्टोर करे। मच्छर के प्रजनन को रोकने के लिए पानी के भंडारण को नियमित रुप से साफ रखें। यह बात सोमवार को जिला अस्पताल स्थित बाल रोग विशेषक नें दर्जनों मरीजों को देखने के उपरांत डॉ.सीपी सिंह ने कही। बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन खांसी, जुखाम, खुजली, सूजन के मरीज अधिक संख्या में आ रहे हैं। जिनका परीक्षण कर निशुल्क परामर्श व दवाईयां वितरित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सर्दी लगकर बुखार आने, कमजोरी होने, सिर दर्द आदि होने पर विशेपज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर इलाज कराएं। इस दौरान फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।

# उप जिलाधिकारी ने गल्ला मंडी तथा क्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कालपी



जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में सोमवार को उपजिलाधिकारी/प्रशासक सुशील कुमार सिंह ने गल्ला मंडी तथा सरकारी क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों तथा केंद्र संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी दुकानदार या केंद्र संचालक कृषकों के साथ गड़बड़ी करते पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि पिछले सप्ताह गल्ले की तौल में किसानों के माल में गड़बड़ी करने तथा हेराफेरी करने का मामला काफी सुर्खियों में बना हुआ था। इसी को दृष्टिगत रखकर उपजिलाधिकारी/प्रशासक सुशील कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में स्थित गल्ला कारोबारी की दुकानों में पहुँचे तथा इलैक्ट्रानिक धर्मकाटों में उपजिलाधिकारी ने खुद खड़े होकर वजन की नाप तौल कराई। मंडी में मौजूद किसानों से संवाद स्थापित करके किसानों की समस्याओं को सुना तथा जल्द की समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी ने गल्ला कारोबारियों को जिंसों की तौल को ठीक तरीके से करने के सख्त निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने सरकारी क्रय केंद्र पीसीएफ सेंटर का निरीक्षण किया। केंद्र में ज्वार, बाजरा तथा धान की खरीद की हकीकत को देखा था वहां मौजूद किसानों बातचीत करके केंद्र संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गौशाला संचालन समस्या को लेकर ग्राम प्रधान ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद के ग्राम प्रधानों ने सोमवार को गौशाला संचालन की समस्या को लेकर जिला कलेक्टरेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष की अगुवाई में अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व उमेश चन्द्र निगम को ज्ञापन भी सौंपा।

ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने बताया कि पिछली 15 जुलाई से लिखित आदेश होने पर गौशालाओं का संचालन शुरु किया गया था। जिनकी रोजाना जीपीएस फोटोग्राफ के अलावा जिले व ब्लाक स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारी भ्रमण कर निरीक्षण भी करते रहे है। कहा कि पांच महीने बीतने जा रहे है, लेकिन अभी तक गौशालाओं के भरण-पोषण का कोई भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान न होने से गौशालाओं की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रधानों के लिए गौशालाओं का संचालन करना मुश्किल होता जा रहा है। सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। कहा कि अगर अगस्त माह से भुगतान नहीं हुआ तो गौशालाओं में होने वाली अव्यवस्थाओं के जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारी होंगे। जल्द ही सभी ग्राम प्रधान गौशालाओं की चाभी कलेक्टरेट सभागार में एक साथ जमा कर देंगे तथा सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर से गौशालाओं का संचालन करा लें। इसके बाद सभी ग्राम प्रधान मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से भी वार्ता की। जिस पर सीडीओ ने कहा कि अभी अक्टूबर माह का ही भुगतान किया गया है। पिछले अन्य महीनों के भुगतान को लेकर शासन से धनराशि मांगी जाएगी।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष कर्वी विष्णुकात पांडेय, पहाड़ी अभिलाष पटेल, रामनगर पुष्पलता सिंह, मऊ जगदीश पटेल, मीडिया प्रभारी विपिन मिश्रा, इंद्रजीत, आनंद सिंह पटेल, रघुनंदन, कृष्णा रावत, बेलपतिया, प्रदीप सिंह, भूपेन्द्र सिंह, विक्की सिंह, राकेश द्विवेदी, जगदीश पटेल, अरुण सिंह, कमल यादव, दीपक तिवारी, सुनील शुक्ला, विद्यासागर, करन सिंह, दादूराज, रामनाथ, रामशरण, रामेश्वर, विपिन, रवि कुमार, राधेश्याम, रामबाबू, रामआसरे, राजेन्द्र सिंह, मुन्ना आदि मौजूद रहे।

## परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 4 परिवारों में कराए गए समझौते




जन एक्सप्रेस। उरई

पुलिस कार्यालय में सोमवार को महिला परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। जिसमें पति-पत्नी के विवाद में बिखरने की कगार पर पहुंचे परिवारों का आपस में सुले समझौता करा कर उन्हें फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। पुलिस कार्यालय में सोमवार को महिला परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन हुआ। महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी व अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं की गयी । जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने और परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी। परिवार परामर्श केंद्र की टीम के द्वारा कराए गए समझौते में एक हुए चार परिवारों के लोग हंसी-खुशी अपने घर वापस लौट गए।

# जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में जमकर लिखी जा रही बाहर की दवा

जन एक्सप्रेस। शत्रुघ्न सिंह/इरफान बाबा



**उरई।** जिला अस्पताल व इमरजेंसी में जमकर वाहर की दवाएं लिखने का सिलसिला बखूवी जारी है। वहीं अस्पताल के आसपास दलालों का जमघट लगा रहता है। जबकि इस बात की सीएमएस पुलिस में शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी दलालों का अस्पताल में आना बंद नहीं हुआ है। कुछ पीड़ित लोगों ने उन लोगों की शिकायत की। आपको बता दे जिला अस्पताल के ब्लॉक नंबर एक व दो में जमकर लिखी जा रही है बाहर की दवाएं। नाम ना बताने की शर्त पर एक तीमारदार ने बताया कि एक बरिष्ठ डॉक्टर है जो जिला अस्पताल की ट्रामा सेंटर में ड्यूटी करते हैं और उसी के पेज में पीछे की ओर बाहर की दवा लिखकर लोगों को थमा देते हैं। जिसके चलते तीमारदार बहुत परेशान हो रहे हैं और उनको बाहर की दवा मजबूरी में खरीदनी पड़ रही है। वही दलालों का अलग से जमघट लगा रहता है। जब इसकी शिकायत वहां पर मौजूद लोगों ने सीएमएस से की तो उन्होंने एक कर्मचारी को पुलिस के हवाले कर दिया था। इसके बाद दूसरे दिन से वही कर्मचारी फिर जिला अस्पताल में पहुंचा और डॉक्टरों द्वारा लिखी जा रही बाहर की दवाओ को मरीज से पैसे लेते हुए उसको पकड़ा जा चुका है। एक पीड़ित ने जब उनसे कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है तो उन्होंने कहा कि चाहै कुछ करो आप बाहर की ही दवा ले आओ जिससे की आराम मिलेगा। यहां की दवा सही नहीं है। इस सारी घटनाक्रम की जानकारी सीएमएस जेजे राम से की जा चुकी है, उनका कहना है मामले की जांच करने के बाद दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### किसान सभा ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रादेशिक आवाहन पर सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व किसान सभा की जिला इकाई ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही किसान समस्याओं के सम्बन्ध में सभा करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। सभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव का. अमित यादव अधिवक्ता ने कहा कि भारतीय किसान एक निर्मम षड्यंत्र के तहत लूटे जा रहे हैं। किसान विरोधी देशी-परदेशी सरकारी नीतियां तो किसानों को लूट ही रही है। साथ ही असमय वर्षा, बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि और जैविक हमलों से प्रकृति भी लूट रही है। इस कारण से प्रदेश के बुंदेलखंड में भी रोजाना चार-पांच किसान आत्महत्या कर रहे हैं। कहा कि सरकार बड़े-बड़े पूंजी पतियों, उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर सकती है, परंतु किसान का कर्ज माफ करने में हीला-हवाली करती है। किसान नकली खाद, बीज और कीटनाशक ऊंचे दामों पर बेईमान सरकारी तंत्र के चलते खरीदने के लिए विवश है। जब किसान खाद के लिए कई दिन लाइन में खड़ा रहता है, तब उसे एक बोरी खाद मिलती है।



**मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर बड़ा फैसला...**

इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगाए जाने के बीच, मणिपुर सरकार, सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इन जिलों में राज्य विश्वविद्यालयों समेत संस्थानों, कॉलेजों को मंगलवार तक बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय मणिपुर सरकार के... पढ़ें पेज 12 पर...

# उपचुनाव का प्रचार खत्म, जोर- आजमाइश का दौर शुरू

## सपा और भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव बने इस उपचुनाव में इन दोनों पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं का भी राजनीतिक करियर दांव पर

- सभी 9 सीटों पर वैसे तो मुकाबला बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए और समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के बीच
- इस बार बसपा ने भी सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर सियासी समीकरण बिगाड़ने की कोशिश की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार शाम 5 बजे प्रचार का शोर थम गया। सपा और भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव बने इस उपचुनाव में इन दोनों पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों के बीच भी जोर आजमाइश है। सभी 9 सीटों पर वैसे तो मुकाबला बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए और समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के तहत है, लेकिन इस बार बसपा ने भी सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर सियासी समीकरण बिगाड़ने की कोशिश की है। इसके अलावा आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर ने भी प्रमुख सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं।

### एनडीए 6 सीटों पर मजबूत नजर आ रहा, करहल में सपा का माहौल

बीजेपी और समाजवादी पार्टी की तरफ से पूरी ताकत इस चुनाव में लगाई गई है। जिन 9 सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें मुजफ्फरनगर की मीरापुर, मोरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, अम्बेडकरनगर की कटेहरी, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल और मिर्जापुर की मझवां सीट की शामिल है। सभी सीटों की ग्राउंड रिपोर्ट देखें तो बीजेपी की अगुवाई वाली एनडीए 6 सीटों पर मजबूत नजर आ रही है, जबकि समाजवादी पार्टी करहल सीट पर बढ़त बनाती दिख रही है। कानपुर की सीसामऊ और मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर इस बार कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है।

### कुंदरकी में 12 में से 11 प्रत्याशी मुस्लिम

इसी तरह मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर भी बीजेपी ने पूरी ताकत लगाई है। 64 फीसदी मुस्लिम आबादी वाली इस सीट पर 12 में से 11 प्रत्याशी मुस्लिम हैं। बीजेपी ने रामवीर सिंह को टिकट दिया है, जबकि सपा ने हाजी रिजवान को उम्मीदवार बनाया है। बापसा और आसपा ने भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारे हैं। बीजेपी को लगता है कि अगर मुस्लिम वोटों में बंटवारा होता है तो उसे फायदा मिल सकता है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उपचुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है

2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को गाजियाबाद, खैर, मझवां, फूलपुर और मीरपुर सीट पर सहयोगी रालोद को जीत मिली थी। वहीं, समाजवादी पार्टी को करहल, कुंदरकी और सीसामऊ सीट पर जीत मिली थी। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिली अप्रत्याशित जीत के बाद अखिलेश यादव के लिए उपचुनाव किसी लिटमस टेस्ट से कम नहीं है। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उपचुनाव को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। यही वजह है कि दोनों ही नेताओं ने सभी सीटों पर धुंआधार प्रचार भी किया है।

### 31 साल से सीसामऊ सीट पर सपा के इरफान सोलंकी परिवार का ही कब्ज़ा

सियासी और जातीय समीकरण को देखते हुए बीजेपी गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, मझवां और कटेहरी सीट अपनी झोली में डाल सकती है, जबकि मीरापुर सीट रालोद के खाते में जा सकती है। वहीं करहल सीट पर सपा के तेज प्रताप यादव अपने फूफा और बीजेपी प्रत्याशी अनुजेश यादव पर भारी पड़ रहे हैं। सीसामऊ सीट पर इस बार बीजेपी ने पूरी ताकत लगाई है। 31 साल से इस सीट पर सपा के इरफान सोलंकी परिवार का ही कब्ज़ा रहा है। इरफ़ान सोलंकी को सजा होने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। सपा की तरफ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है। उनके खिलाफ बीजेपी ने ब्राह्मण प्रत्याशी सुरेश अवस्थी को उम्मीदवार बनाया है। मुस्लिम बहुलिस सीट पर दलित वोटर निर्णायक साबित होगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### द्वितीय चरण का सक्रिय सदस्यता फॉर्म का सत्यापन जारी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सक्रिय सदस्यता अभियान अधिकारी श्रीकृष्ण शास्त्री, मान सिंह द्वारा आठ सौ से अधिक सक्रिय सदस्यता फॉर्म का सत्यापन किया गया। वहीं लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि 25 नवंबर तक शेष सक्रिय सदस्यता फॉर्म का सत्यापन कार्य पूर्ण लिया जायेगा, जिसके बाद कार्यालय द्वारा द्वितीय चरण के सक्रिय सदस्यों की लिस्ट जारी की जायेगी। वहीं उपरोक्त कार्य में महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, कार्यालय मंत्री दीपक कुमार शुक्ला, विनायक पाण्डेय, अभिषेक खरे, चेतन विष्ठ, विजय भुर्जी अन्य मौजूद रहें।




### आज़ सैरपुर में अखिलेश विशाल जनसभा में होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के सैरपुर थाना क्षेत्र के सैरपुर बाजार स्थित समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार सुबह 11 बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं की विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा हैं।जिसमें हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं इस कार्यक्रम में मंगलवार दोपहर 11 बजे समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव शामिल होंगे, इस दौरान विशाल जनसभा में समाजवादी कार्यकर्ताओं को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संबोधित करेंगे। वहीं समाजवादी पार्टी लखनऊ जिला उपाध्यक्ष सुनील भदोरिया ने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम मंगलवार दोपहर 11 बजे सैरपुर बाजार के पास रखा गया हैं, जिसमें हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं युवा कार्यकर्ता शामिल होंगें। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने और अखिलेश यादव के विचारों को सुनने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।

### शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में कस्बा चौकी से शव मीटर की दूरी पर सोमवार की सुबह करीब सात बजे शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई, चंद मिनट में ही आग ने विकराल रूप ले लिया। करीब दो घंटे की मेहनत मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कस्बा काकोरी के कटरा बाजार में कमरान पुत्र निसाद अहमद की रेडीमेड की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखे करीब साढ़े तीन लाख का सामान जलकर राख हो गया, वहीं दुकान के अंदर खड़ी एक बाइक और एक स्कूटी भी जलकर हुई राख हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी की मदद से दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका।

### बुंदेलखण्ड पैकेज: कृषि विभाग की दो परियोजनाओं के लिए 2608.14 लाख मंजूर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में बुंदेलखण्ड पैकेज के तहत कृषि विभाग की दो परियोजनाओं के अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के लिए 2608.14 लाख रूपये मंजूर किये हैं। दोनो परियोजनाओं की 2608.14 लाख रूपये की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए 2608.14 लाख रूपये मंजूर किये गये है। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, कृषि विभाग के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, कृषि विभाग को भेज दी गई है। शासनादेश के अनुसार रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विद्यालय, झांसी में बुंदेलखण्ड क्षेत्र में जैविक,प्राकृतिक रूप सें उगाये गये उत्पादन के लिए प्रमाणन प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 1272.10 लाख रूपये तथा रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में न्यूट्री-सीरियल्स हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 1336.04 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। इन कार्यों के लिए एनबीबीसी लिमिटेड कार्यदायी संस्था होगी।

## नगर निगम की जमीन पर प्रापर्टी डीलरों द्वारा की जा रही प्लॉटिंग

- नगर आयुक्त की टीम अपनी जमीन सुरक्षित कराने के लिए जल्द करेगा कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

क्षेत्रीय भूँ-माफिया प्रापर्टी डीलरों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर कर रहें अपना हाथ साफ। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर निगम जोन-6 के ग्राम सदरौना में गाटा संख्या 1212 रकबा 0.247हे0 जो राजस्व अभिलेखों में बंजर में दर्ज है। नगर निगम की इस कीमती जमीन पर क्षेत्रीय प्रापर्टी डीलरों द्वारा अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग की जा रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा सम्बंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को की जा चुकी है।

> मैं मौके पर जाकर जांच करूंगा अगर कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही करूंगा।
> – अजीत तिवारी, नगर निगम लेखपाल

> मामला मेरी जानकारी में नहीं है मैं क्षेत्रीय लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच कराता हूं।
> – रत्नेश कुमार, नायब तहसीलदार

### सूर्यमित्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण यूपीनेडा के चिनहट, लखनऊ स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में उउत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत सोलर पीवी इन्स्टालर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित सूर्यमित्र प्रशिक्षणार्थियों हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य कर रहीं प्रतिष्ठित फर्मो में से 14 फर्मो द्वारा प्रतिभाग किया। इस रोजगार मेले में सोलर पीवी इन्सटॉलर प्रशिक्षण में प्रशिक्षित 75 सूर्यमित्रो द्वारा रोजगार प्राप्त किये जाने हेतु प्रतिभाग किया गया। विभिन्न फर्मो द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थियों मे 16 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्रदान किया गया।

## स्वरोजगार से अन्य लोगों का करें सहयोग: राज्यपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्यपाल आनंदी बेन पटेल विद्यार्थियों को केवल नौकरी के पीछे न भागने का सुझाव देते हुए कहा कि उन्हें अपने कौशल का विकास करना चाहिए और स्वरोजगार के माध्यम से अन्य लोगों की भी सहयोग करना चाहिए। राज्यपाल ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज शिक्षा और शोध के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कुशलता से मार्गदर्शन दे रहे हैं और उनकी नीति से आज भारत को पूरे विश्व में अलग पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज कई देश युद्ध की विभीषिका से प्रभावित हो रहे हैं, जबकि भारत अपने दूरदर्शी नेतृत्व के कारण शिक्षा, शोध, कौशल और नवाचार को आधार बनाकर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक नागरिक ही शांतिपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति और ज्ञान की विरासत को समझने की आवश्यकता है। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने कई शोध और आविष्कार किए हैं, जिनका लाभ आज दुनिया उठा रही है। ऋषि भारद्वाज ने विमान का आविष्कार किया था, लेकिन इसका श्रेय अन्य देश को मिल गया और अब इसे राइट ब्रदर्स का आविष्कार माना जाता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में ऐसे अनगिनत ज्ञान छिपे हुए हैं, जिन्हें विद्यार्थियों को पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को हमारी प्राचीन पुस्तकों के अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि उन्हें यह समझ में आ सके कि हमारे पूर्वजों ने कितना अद्वितीय शोध और आविष्कार किया था। क्योंकि ये पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है और हम युद्ध के बजाय शांति के मार्ग को पसंद करते हैं। नैक मूल्यांकन में उत्तर प्रदेश के सात राज्य विश्वविद्यालयों को 'ए प्लस प्लस', चार को 'ए प्लस' एवं 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि छह विश्वविद्यालयों को क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग में स्थान प्राप्त हुआ है, उत्तर प्रदेश के पांच राज्य विश्वविद्यालयों को यू0जी0सी0 द्वारा ग्रेड 1 विश्वविद्यालय घोषित किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप चौदह विश्वविद्यालयों को लगभग 740 करोड़ रूपये की ग्राण्ट प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्राप्त ग्रांट का सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिले। राज्यपाल ने बजट में इंटर्नशिप प्रावधान की सराहना की और कहा कि इसके माध्यम से प्रधानमंत्री युवाओं को रोजगार देने का प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कृषि को रोजगार का बड़ा क्षेत्र बताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय को संविधान दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करने और विजेता विद्यार्थियों के मध्य राजभवन में भी प्रतियागिता कराने तथा उनको सम्मानित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये स्कूलों तथा आगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों के मध्य करायी गयी विभिन्न प्रतियोंगिताओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा यूपी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय: संजय

उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये।यूपी को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार कीप्राथमिकताओं में है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना तथा सहकारी समितियो के गठन की समीक्षा की।डॉ निषाद ने कहा कि मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय। मत्स्य मंत्री ने 21 नवंबर को विश्व मात्सियकी दिवस के अवसर पर राज्य एवं जनपद स्तर पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिये।निषादराज बोट सब्सिडी योजना 2024-25 योजना की समीक्षा करते हुए मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका जिला स्तरीय चयन समिति से पात्र आवेदकों के चयन एवं रैंडमाइज्ड सूची पोर्टल पर अपलोड करते हुए निदेशालय को समय से प्रेषित किया जाए। जिससे पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके।मत्स्य विकास मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी लाभान्वित कराया गया है। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाए। मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में संचालित नयी योजना यथा-मत्स्य पालक कल्याण कोश, निषादराज बोट योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाया जाए।मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित योजनाओं को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए ताकि मछुआ समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इसके साथ ही अनुपयुक्त जलक्षेत्र जैसे वेटलैण्ड, खारापानी जलक्षेत्र, जलाशय व नदियों को मत्स्य विकास कार्यक्रम से आच्छादित करने तथा प्रदेश के मछुआरों व मत्स्य पालकों के जीवन में आर्थिक सुधार लाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## एसजीपीजीआई में कैडर की बहुलम्बित मांग पूरी नहीं हुई तो 30 दिसंबर से होगा आंदोलन

- संस्थान प्रशासन द्वारा करवाई सुनिश्चित कर आगामी दो माह में पूर्ण कर लिए जाने का लिखित आश्वासन दिया गया
- एसजीपीजीआई नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने किया एलान, आश्वासन पूरा न होने पर निर्णायक लड़ाई होगी
- धरना स्थल पर ही एएनएस इरिस डेविड को श्रद्धांजलि भी अर्पित की

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



एसजीपीजीआई नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन द्वारा कैडर की बहुलम्बित मांगों के संदर्भ में सोमवार को पूर्व नियोजित आंदोलन की रूपरेखा के अनुसार प्रशासनिक भवन स्थित प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया गया। संस्थान प्रशासन से मांगों के समाधान हेतु 24.10.2024 को संपन्न हुई बैठक से संबंधित पत्र तथा बैठक का कार्य व्रत उपलब्ध कराया गया। इसके माध्यम से यूनियन की लंबित मांगों को संस्थान प्रशासन द्वारा करवाई सुनिश्चित कर आगामी दो माह में पूर्ण कर लिए जाने का लिखित आश्वासन दिया गया है।संस्थान प्रशासन द्वारा तय किया गया दो माह का समय ( 24 अक्टूबर से दिसंबर 2024 ) के अंदर ही समाधान कर दिया जाए। अन्यथा नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन अपनी बहुलंबित मांगों के समाधान के लिए आंदोलन को 30 दिसंबर से पुनः जारी करने पर विवश होगा। इस आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी संस्थान प्रशासन, उत्तर प्रदेश शासन व सरकार की होगी। धरना स्थल पर अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर, उपाध्यक्ष सुजान सिंह और राजकुमार, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, सदस्य मंजू लता कमल तथा अश्वनी कुमार तथा अन्य सदस्यों के साथ यह निर्णय लिया गया। धरना स्थल पर ही एएनएस इरिस डेविड को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उनका 17 नवंबर को आकस्मिक निधन हो गया है।

## 07 हजार बसों के अलावा 550 शटल बसें चलायेगा परिवहन निगम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- यात्रियों की सुविधा के लिए शहर के बाहर बनेंगे अस्थाई बस स्टेशन

मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री के निर्देशन में राज्य परिवहन निगम दिव्य, भव्य एवं ग्रीन महाकुम्भ मेला-2025 के सफल आयोजन के लिए कुम्भ मेला 2025 में 07 हजार बसों को संचालित करेगा। परिवहन निगम प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थानों से सुगम, सस्ती एवं आरामदायक सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। मेला में सड़क मार्ग से पूर्वांचल से अधिक संख्या में तीर्थयात्री आते हैं। पूर्वांचल के छोटे-छोटे कस्बों से मेला स्थल को जोड़ते हुए बसों के संचालन की योजना परिवहन निगम ने तैयार की है। महिला एवं वृद्ध तीर्थयात्रियो को विशेष सुविधा प्रदान करने की योजना बनाई गयी है। एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने बताया कि महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान मुख्य स्नान 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच पड़ रहे, जिसमें मौनी अमावस्या का शाही स्नान 29 जनवरी एवं बसंत पंचमी का शाही स्नान 03 फरवरी को है। महाकुम्भ के दौरान लगभग 6800 परिवहन बसें एवं लगभग 200 वातानुकूलित बसें का संचालन किये जाने की योजना है। प्रथम चरण में 12 जनवरी से 23 जनवरी तक द्वितीय चरण में 24 जनवरी से 07 फरवरी तक एवं तीसरे चरण में 08 फरवरी से 27 फरवरी तक तीन चरणों में महाकुम्भ मेले में संचालन को बाटा गया है। निगम के 19 क्षेत्रों से 165 मार्गों पर निगम की बसों का संचालन किया जायेगा। एमडी ने बताया कि 07 हजार बसों के अतिरिक्त 550 शटल बसें विभिन्न स्थाई एवं अस्थाई बस स्टेशनों एवं विभिन्न मार्गों पर निर्धारित वाहन पार्किंग स्थलों से संगम तट के निकट स्थित भारद्वाज पार्क एवं भारत स्काउट गाइड कालेज बैक रोड तक तथा लेप्रोसी बस स्टेशन व अंधावा बस स्टेशन तक संचालित किये जाने की योजना है। मुख्य स्नान पर्व पर श्रद्धालुओ की अत्यधिक भीड़ बढ़ने के कारण शास्त्रीपुल, फाफामऊ पुल एवं यमुना पुल यातायात हेतु प्रतिबंधित रहने की स्थिति में शहर के बाहर 08 अस्थाई बस स्टेशन गठित किया जायेगा।

## धड़ल्ले से चल रहे मानक विहीन प्राइवेट अस्पताल,क्लीनिक, नर्सिंग होम

- मानक विहीन पैथोलॉजी व अस्पतालों का मकड़ जाल, जिम्मेदार अनजान
- बिना डॉक्टर के चल रहे निजी प्राइवेट अस्पताल, कंपाउंडर कर रहे इलाज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ






लखनऊ शहर में खुले प्राइवेट अस्पताल शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। खुलेआम गैर कानूनी काम को अंजाम देकर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। इन पर रोकथाम के लिए प्रशासन ने योजना बनाई थी, जबकि वह औंधे मुंह गिरी दिख रही है। संचालक हर काम बेखौफ होकर कर रहे हैं जो शासन की निगाह में गैर कानूनी है। वहीं लखनऊ जिले के डालीगंज, मड़ियांव, खदरा, जानकीपुरम, सैरपुर, बीकेटी, इटौंजा, महिगवां, मलिहाबाद, माल, काकोरी अन्य क्षेत्रों में धड़ल्ले से प्राइवेट नर्सिंग होम, क्लीनिक, अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप शहर में भरमार हैं, इन क्षेत्रों के स्वास्थ्य अधीक्षक व लखनऊ सीएमओ को जांच कर कठोर कार्यवाहीं करनी चाहिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग में लखनऊ जिले भर में पंजीकृत प्राइवेट अस्पतालों की संख्या से कई गुना ज्यादा अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। इनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में महकमें ने इन पर सख्ती करने का मन बनाया था जो कारगर साबित नहीं हो सका है। बीते दिनों प्रशासन ने पंजीकृत अस्पतालों में नोटिस भेजकर अभिलेखों का ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा था।

### बीकेटी स्वास्थ्य टीम ने कई अस्पतालों की जांच, दो प्राइवेट अस्पताल मिले बंद

लखनऊ जिले बीकेटी स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र अंतर्गत कई जगह प्राइवेट अस्पताल क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालित है स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देश के क्रम में बीकेटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ जेपी सिंह की टीम ने बीकेटी क्षेत्र में संचालित कुछ अस्पतालों की जांच की। जिसमें सतगुरु अस्पताल व प्रेम कृपा अस्पताल बंद मिला, एक अस्पताल के कागज़ात पूर्ण मिले। वहीं डॉ जेपी सिंह ने बताया कि बीकेटी में अवैध तरीके से संचालित प्राइवेट नर्सिंग होम अस्पताल व क्लीनिक की कोई जानकारी प्राप्त होती हैं तो कठोर कार्यवाहीं कर बंद किया जायेगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था पाए जाने पर सीडीओ ने लगाई फटकार

■ ओपीडी सेवाओं की गुणवत्ता परखने पहुंचे सीडीओ, मरीजों से सीधे संवाद, जानी हकीकत-

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीगंज का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, कर्मचारियों की कार्यशैली,स्वच्छता व्यवस्था,और रिकॉर्ड प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण का उद्देश्य जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना था। सीडीओ ने निरीक्षण की शुरुआत अपनी पहचान छिपाकर मरीजों से सीधे संवाद से की।उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उनकी समस्याओं और ओपीडी में मिलने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बिना किसी पूर्व सूचना के पूरे केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल व्यवस्था,और कार्यालयों की साफ-सफाई असंतोषजनक पाई गई।इस पर सीडीओ ने चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए चौबीस घंटे के भीतर व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि भविष्य में अस्पताल में साफ सफाई तथा चिकित्सा सुविधा संबंधी किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।सीडीओ ने फायर सुरक्षा उपकरणों की स्थिति और उपयोगिता की भी जांच की। चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरभ और सुरक्षा गार्ड ने मौके पर ही उपकरणों का प्रदर्शन कर उनकी कार्यप्रणाली का प्रमाण दिया।सीडीओ ने औषधि भंडारण कक्ष और दवा वितरण प्रक्रिया की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि ओपीडी पर्चों और दवा वितरण रजिस्टर में डॉक्टरों और विशेषज्ञों का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए ताकि दवा की ट्रैकिंग में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे।साथ ही दवाओं के भंडारण और वास्तविक स्थिति का भी मिलान किया गया।निरीक्षण के दौरान मेडिकल बोर्ड और खाद्य सुरक्षा कार्यालय का भी मूल्यांकन किया गया।यहां पर कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की गई।लेकिन साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव में खामियां मिलीं। सीडीओ ने इन खामियों को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया।सीडीओ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों और कर्मचारियों की उपस्थिति तथा उनके कार्य निष्पादन की समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए।इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### रायबरेली में 20 नहर की पटरियों पर बनेंगी सड़क

# 30 हजार ग्रामीणों को होगा फायदा फसलों में नहीं होगा जलभराव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सिंचाई विभाग खंड दक्षिणी के अंतर्गत आने वाली 20 नहरों की पटरियों पर पक्की सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। जिसके बाद क्षेत्रीय ग्रामीण को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी वहीं अधिक जलभराव के कारण पटरियों के कट जाने से फसलों के नुकसान से भी बचत होगी। जिससे किसानों की फैसले बर्बाद नहीं होगी। विभाग टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू कराएगा मामला रायबरेली के सिंचाई खंड दक्षिणी से जुड़ा हुआ है जहां तकरीबन 1200 किलोमीटर तक लंबी नहर हैं। नहर की पटरियों से नहर से सटे गांव के लोगों का आना-जाना लगातार बना रहता है। पटरियों के ऊपर खबर होने के कारण वहां से आने जाने वाले लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ता है। वहीं अधिक जलभराव हो जाने के कारण पटरी के कट जाने से किसने की फैसले भी बर्बाद हो जाती हैइस समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग ने नहर की पटरी पर पक्की सड़क के निर्माण करने का फैसला लिया है। इस बार 20 नहरों की पटरियों पर पक्की सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। विभाग के मुताबिक बताया जा रहा है कि नहर के किनारे की पटरियों के निर्माण हो जाने के बाद करीब 30 हजार ग्रामीणों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। इतना ही नहीं पटरियों के काटने का खतरा भी काम रहेगा। अधीक्षण अभियंता संजय श्रीवास्तव ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही नहरों के किनारे की पटरी का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# समाजसेवी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों का किया सम्मान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



हरचंदपुर स्थानीय कस्बे में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर समाजसेवी अनूप अवस्थी के द्वारा एक कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी पत्रकार उपस्थित रहे। हरचंदपुर कस्बा निवासी समाजसेवी अनूप अवस्थी ने अपने आवास पर राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में एक बैठक का आयोजन किया।अनूप अवस्थी ने कहा कि स्वतंत्रता की रक्षा करने और अपने कर्तव्य से और अपनी कलम की ताकत से क्षेत्र में समस्याओं को खबरों के माध्यम से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने वाले पत्रकारों का मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान व बेबाक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों को भी पुरस्कार से सम्मान भी किया इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, संतोष चौरसिया, मनमोहन तिवारी, मनीष अवस्थी, बृजेंद्र गुप्ता व गौरव कौशल मौजूद रहे।

# ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है: अतुल सिंह

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऊंचाहार कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के गंगेहरा,मरियानी,खालिदपुर कला,तिवारीपुर आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क किया एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।श्री सिंह ने कहा कि जननायक राहुल गांधी जी देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। आजाद भारत को संवारने एवं विकास करने का काम गांधी-नेहरू परिवार ने किया है।मौजूदा मोदी सरकार सिर्फ कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलने का काम कर रही है।इनका विकास से कोई लेना-देना नहीं है।जननायक राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जिन्होंने भारत में इतनी बड़ी पदयात्रा की है।इस देश में राहुल गांधी जी प्रियंका गांधी जी ऐसे नेता है,जिनकी स्वीकारता एवं भावनात्मक लगाव भारत के सभी क्षेत्र के लोगों में है।श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण ऊंचाहार का विकास नहीं हो पा रहा है।यहां की जनता छुट्टा जानवरों से परेशान है।ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।ऊंचाहार की जनता की सेवा करना हमारा मुख्य लक्ष्य है।आज किसान हमारा डीएपी खाद के लिए तरस रहा है,सरकार को किसान की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता शिवकुमार पांडे,जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,राम दत्त पांडेय,रोहनिया अध्यक्ष ज्योति सरोज,गोलू अग्रहरि,प्रदीप मौर्या, विमलेन्द्र बाजपेई,शाहिद खान,मोहम्मद कासिम,राम सुमेर साहू,काशी प्रसाद मौर्य,वेद प्रकाश द्विवेदी,शिवकेश द्विवेदी, कल्लू यादव,अभिमन्यु मौर्य,दिनेश श्रीवास्तव,राजेंद्र यादव,देवी प्रसाद मौर्य, मोतीलाल सरोज,अजय पटेल,बबलू यादव,काली दीन प्रजापति आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रेजांग–ला की लड़ाई स्वर्णिम इतिहास में अंकित – शत्रोहन

■ 1962 भारत–चीन युद्ध में मेजर शैतान सिंह ने अदम्य साहस का परिचय दिया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिले के विभिन्न संगठनों द्वारा शहीद चौक रायबरेली में 18 नवम्बर 1962 को भारत-चीन युद्ध की गौरवशाली गाथा को याद करते हुए विजय दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर पुष्प चक्र स्थापित कर वीर जवानों का स्मरण करने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी कमलेश चौधरी ने एवं संचालन शिक्षाविद् अरशद खान ने किया गोष्ठी को सम्बोधित करते हुएपालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि रेजांग-ला की लड़ाई भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है 1962 भारत-चीन युद्ध में मेजर शैतान सिंह ने अदम्य साहब का परिचय दिया सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि 18000 फीट से अधिक ऊँचाई पर मेजर शैतान सिंह की कमान में 120 लोगों की कम्पनी ने 1000 से अधिक सैनिकों का तब तक सामना किया, जब तक उनका गोला बारूद खत्म नहीं हो गया प्रान्तीय व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि भारतीय सैनिकों का गोला-बारू खत्म हो जाने के बाद उन्होनें अपनी संगीनों और हाथापाई से चीन की सुसज्जित सेना का सामना कर उन्हें मार भगाया सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादवने कहा कि 1962 की लड़ाई में भारत को काफी क्षति उठानी पड़ी, लेकिन 18 नवम्बर 1962 की ऐसी वीरगाथा है, जिस पर आज भी भारतीयों को गर्व है स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष भौमेश सोनी ने कहा कि मेजर शैतान सिंह को 1962 के भारत-चीन युद्ध में उनके उत्कृष्ठ नेतृत्व और साहस के लिए उन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गयायह सर्वोच्च वीरता पुरस्कार जीतने वाले दूसरे सैन्यकर्मी थे मौर्य समाज के महामंत्री सुशील मौर्य ने कहा कि इस शौर्य पराक्रम भरे युद्ध में देश के 110 सैनिक वीरगति को प्राप्त कर शहीद हुए थे कुर्मी समाज के उपाध्यक्ष योगेश्वर पटेल ने कहा कि 18 नवम्बर 1962 को रेजांग-ला घाटी में भारतीय सैनिकों ने तिरंगा फहराया था, यह घाटी आज भी अहीर धाम के नाम से जानी जाती है120 सैनिकोंमेंअधिकांश सैनिक अहीर थे इस अवसर पर आदर्श पटेल एडवोकेट, रोहित चौधरी, संजय सोनकर, प्रदीप पटेल, पवन अग्रहरि, रविशंकर शुक्ल, पंकज शर्मा अनुज बरवारीदुर्गेश सोनकरसुरजीत यादव शिवबरन, देवा यादव, पप्पू यादव पप्पू यादव रमेश कुमार यादव संदीप पाल आदि लोगों ने पुष्पअर्पितकरशहीदोंकोश्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए उनकी गौरवगाथा पर अपने-अपने विचार रखे।

## अयोध्या में भीषण हादसा: ट्रक की चपेट में आई कार, दो की मौत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में भीषण हादसा हो गया। ट्रक की चपेट में कार आ गई। हादसे में दो की मौत हो गई। चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। सबी लोग वाराणसी से गोंडा लौट रहे थे। यूपी के अयोध्या में रविवार की आधी रात प्रयागराज हाईवे पर सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि, चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का शिकार हुए लोग गोंडा, बलरामपुर और बहराइच जनपद के निवासी हैं। हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर के पास हुआ। बताया गया कि गोंडा के बस स्टैंड निवासी अरविंद गुप्त उर्फ राजेंद्र (45) अपने परिवार और रिश्तेदार के साथ वाराणसी गए थे। वहां से रविवार की रात वापस घर लौट रहे थे। रात करीब दो बजे चांदपुर गांव के पास उनकी कार, ट्रक की चपेट में आ गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने सभी को कार से बाहर निकाला।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 462 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

■ उद्यान मंत्री ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल होकर वैवाहिक जोड़े को दिया आशीर्वाद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन गन्ना कांटा मैदान सातंव व मिनी स्टेडियम सलोन में सकुशल संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मा0 उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह गन्ना कांटा मैदान में सम्मिलत रहेकार्यक्रम में कुल 462 जोड़ों का विवाह हुआ उद्यान मंत्री ने गन्ना कांटा मैदान में सम्मिलित होकर नव वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने नव वधुओं को निर्धारित आभूषण भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की तरफ से मुझे इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ मैं सभी वर वधुओं और उनके परिवार जनों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूंसमाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि गन्ना कांटा मैदान कार्यक्रम में हरचंदपुर 34,सातंव 21,खीरो 10,लालगंज 8,सरेनी 4,बछरांवा 66,शिवगढ़ 59,महराजगंज 50, न0प0 बछरांवा 3,न0प0 महाराजगंज 2,न0प0 शिवगढ़ 17 सहित कुल 274 जोड़े का विवाह हुआ इसी प्रकार मिनी स्टेडियम सलोन में सलोन 39न0प0सलोन 7 न0प0 नसीराबाद 2,न0प0 परशदेपुर 4, छतोह 49 डीह 87 सहित कुल 188 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ कार्यक्रम में अपरजिलाअधिकारी वित्तीय एवं राजस्व अमृता सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायबरेली में श्री अन्न महोत्सव मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 व 21 नवम्बर 2024 को पूर्वाहन 10ः00 बजे राजकीय इण्टर कालेज मैदान रायबरेली में श्री अन्न महोत्सव मिलेट्स रेसीपी विकास एवंउपभोक्ताजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैमुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में मिलेट्स से सबन्धित क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों/उपभोक्ताओं को दी जानी है

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्स/पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जाना है जिसमें समस्त विभागों के प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों एफ0पी0ओ0 के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जानी है। अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा कृषि विभाग केअधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मिलेट्स से संबन्धित उत्पाद का अधिक से अधिक स्टाल (डोटल, रेस्टोरेन्ट एवं मिष्ठान भण्डार आदि) कार्यक्रम में लगवाया जाना सुनिश्चित करेंगे

मुख्य विकास अधिकारी के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त कार्यक्रम में अपने-अपने विभागों की प्रदर्शनी / स्टाल (मुख्य आकर्षण मिलेट्स से सम्बन्धी) लगवाना सुनिश्चित करते हुए स्वयं अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# श्रीराम जी का तिलकोत्सव: वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अयोध्या के रामसेवकपुरम में आयोजित भगवान श्रीराम का तिलकोत्सव कार्यक्रम वैदिक रीति रिवाज के साथ तिलकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नेपाल के मधेश राज्य के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह अपने छह कैबिनेट मंत्रियों के साथ शामिल हुए।

रामनगरी अयोध्या रविवार को निहाल थी। हो भी क्यों न, भगवान श्रीराम का तिलकोत्सव जो था। रामसेवकपुरम में भव्य तिलकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ तो रामनगरी में त्रेतायुग जीवंत होता नजर आया। आज तिलक चढ़े रघुनंदन के...मंगलगीतों के बीच भव्यता पूर्वक भगवान श्रीराम का तिलक हुआ। वधू पक्ष से नेपाल के मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश सिंह और वर पक्ष से श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दशरथ की भूमिका में तिलकोत्सव की रस्म पूरी कराई।

भगवान श्रीराम के तिलकोत्सव से अयोध्या और जनकपुर के त्रेतायुगीन संबंधों को नया आयाम भी मिलता दिखा। इससे पहले जनकपुर से 300 से अधिक तिलकहरू बीती रात ही अयोध्या पहुंच गए थे। इन्होंने रविवार की सुबह रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन कर सभी तिलक चढ़ाने के लिए रामसेवकपुरम पहुंचे। यहां ठीक 3ः27 बजे तिलकोत्सव का लोकाचार शुरू हुआ। मंच पर बनाए गए सिंहासन पर बालक के स्वरूप में दूल्हा श्रीराम को विराजित किया गया, जबकि एक सिंहासन पर राजा दशरथ के रूप में चंपत राय विराजमान हुए। वहीं वधू पक्ष से मधेश प्रदेश नेपाल के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह व जनकपुर के महापौर मनोज कुमार शाह ने तिलकोत्सव की रस्म पूरी कराई।

कारसेवकपुरक के वैदिक आचार्य मंत्रोच्चार करा रहे थे तो जनकपुर से भी पंडित आए थे। इधर तिलकोत्सव का लोकाचार हो रहा था उधर जनकपुर से आईं सखियां व वर पक्ष की महिलाएं मंगल गीत गा रहीं थीं। जनकपुर की सखियों ने गालियों की भी खूब बौछार की। उधर आज अवधपुर चलो सखिन देखन, राम लखन चारो भइया..., सिया जी बहिनया हमार, राम लागै पहुनवा...जैसे मंगलगीत भी गूंज रहे थे। वर पक्ष से भी संत एमबी दास सहित अन्य भजन गायकों की टीम भजन प्रस्तुत कर तिलकोत्सव का उल्लास बढ़ा रही थी। जैसे ही मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तिलकोत्सव की रस्म की तो आतिशबाजी भी हुई, सखियों व महिलाओं ने जमकर नृत्य किया, जय श्रीराम के जयकारे भी गूंजे।

तिलकोत्सव समारोह का संयोजन व संचालन विहिप के केंद्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह ने किया। महंत शशिकांत दास, महंत जयराम दास, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र, निर्माण प्रभारी गोपाल राव, ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विहिप के शरद शर्मा, संघ के गंगा सिंह, मधेश प्रदेश के मंत्रिमंडल के मंत्री राजकुमार लेखी, त्रिभुवन शाह, शत्रुघ्न सिंह, सकील अंसारी, कौशल किशोर राय भी इस समारोह के साक्षी बनें।



**नेपाल से उत्तराखंड जा रही मिनी बस...**

लखीमपुर खीरी। रजागंज नेपाल से यात्रियों को लेकर उत्तराखंड जा रही तेज रफ्तार मिनी बस रविवार की देर रात हादसे का शिकार हो गई। थाना हैदराबाद क्षेत्र में...

शेष पेज 07 पर...

## सिसामऊ उपचुनाव प्रचार का आख़िरी दिन

# रवि किशन ने भेंट की तलवार, डिंपल ने हाथ जोड़ कर जनता से माँगा प्यार

- ऐतिहासिक माहौल है एक-एक हिंदू वोट देगा- रवि किशन
- पूरे उपचुनाव में बीजेपी की जगह प्रशासन लड़ रहा चुनाव- डिंपल यादव

जन एक्सप्रेस । अभिषेक शर्मा




कानपुर की सीसामऊ विधानसभा सीट के उपचुनाव में सोमवार को प्रचार का अंतिम दिन था। और इस मौके पर सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंक रही हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) की तरफ से मैनपुरी सांसद और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की पत्नी, डिंपल यादव ने सोमवार को कानपुर में भव्य रोड शो किया। जिसमें भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा। डिंपल यादव के रोड शो में उमड़ी भीड़ ने भाजपा के रवि किशन के रोड शो को फीका कर दिया। गोरखपुर के सांसद रवि किशन के रोड शो की तुलना में डिंपल यादव के कार्यक्रम में जनता की ज्यादा भीड़ देखने को मिली। डिंपल यादव के साथ सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी और सपा विधायक रागिनी सोनकर भी मौजूद रहीं।

डिंपल यादव ने अपने रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओं और जनता से अपील की कि वो सपा के उम्मीदवार के समर्थन में वोट करें। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो को भी डिंपल यादव ने चुनौती दी, जिससे सीसामऊ सीट पर मुकाबला और दिलचस्प हो गया है। सीसामऊ विधानसभा सीट दोनों पार्टियों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। चुनाव प्रचार कल शाम 5.00 बजे थम गया और इसके बाद किस पार्टी की रणनीति अधिक कारगर साबित होगी, इसका फैसला जनता के वोटों से होगा। फिलहाल, दोनों ही पार्टियां जीत के लिए पूरी ताकत के साथ जुटी हुई हैं।

### बोलीं- रिकॉर्ड मतों से मिलेगी जीत



सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में संगीत टॉकीज से रोड शो शुरू किया। वह दो घंटे देर से पहुंचीं। इस दौरान वह समाजवादी पीडीए रथ पर सवार रहीं। उन्होंने कहा कि जनता प्रत्याशी नसीम सोलंकी के साथ है। वह रिकॉर्ड मतों से जीतेंगी।

### बंटोगे तो कटोगे



अयोध्या की हार से हिंदू सबक ले चुका है अब हम एकजुट हैं और जातियों में नहीं बटेंगे। इस बार चूकना नहीं है अयोध्या के बाद हम जो अपमानित हुए हैं उसकी हार का बदला लेने का वक्त आ गया है। यह बात रोड शो करने पहुंचे रवि किशन ने कही। बोले कि आप लोग साथ दें तो क्या हम सुरेश को जीत की माला पहना दें। लोगों ने जोरदार हुंकार भरी तो बोले, यहां के विधायक के बारे में सबको पता है। वह इस समय कहां हैं सब जानते हैं। वह केवल एक वर्ग का साथ देते थे। हिंदुओं की कहीं सुनवाई नहीं हो रही थी। थाने से लेकर कार्यालय तक सब परेशान थे। क्रीम कलर का कुर्ता पहने, काला चश्मा लगाए सांसद रवि किशन बिहारी अंदाज में भगवा गमछा गले में डालें हैं। उन्होंने भोजपुरी समाज को जोड़ने के लिए भोजपुरी अंदाज में भी भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## लिव इन रिलेशन में रहने वाली युवती के साथ हुआ रेप

- युवती ने रेप की तहरीर फाड़ने का पुलिस पर लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर शहर में रेप की घटनाएं हमने का नाम नहीं ले रही है। शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता होगा जब कानपुर शहर के किसी थाने में रेप की घटना का मुकदमा न दर्ज होता हो। बीते दिन एक ऐसा ही मामला सामने आया जब एक युवती युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। इस दौरान युवक ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दे डाला। फोटो वीडियो बनाएं और उसके साथ मारपीट की। यूटी प्रेग्नेंट हुई तो उसे दौरान भी आरोपी ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने नवाबगंज थाने में रेप समेत अन्य शिकायतों को लेकर लिखित तहरीर दी थी लेकिन नवाबगंज पुलिस ने वह तहरीर फड़वा दी। उसके बाद दूसरी तहरीर लिखवाई और सिर्फ मारपीट की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली। पीड़िता का आपबीती सुनाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक बिठूर की रहने वाली पीड़िता के मुताबिक व बीते 6 सालों से गुरुदेव के पास के रहने वाले आशीष कश्यप के साथ उजियारी पुरवा में किराए का कमरा लेकर रहती थी। वहां पर आशीष ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। उसका वीडियो बना लिया। वह प्रेग्नेंट हुई तब भी आशीष उसे मारता पीटता रहा। पीड़िता ने नवाबगंज पुलिस को घटना की तहरीर दी। उसे तहरीर में पीड़िता ने यह आरोप लगाया कि आशीष और पीडित 6 साल से लिविंग रिलेशन में रहते थे। उसने मुझसे शादी का वादा किया था। और मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। 6 से 7 बार मेरा एबॉर्शन कराया। हाल ही में कुछ दिनों से हमारे बीच अनबन हो रही है। जिसके कारण 20 दिनों से मैं उससे अलग रह रही हूं। वह मुझे कई बार करने की कोशिश भी कर चुका है। आशीष के परिवार वालों से शादी के लिए कहा तो उन्होंने भी मेरे साथ मारपीट की। 17 नवंबर को जब मैं किराए के कमरे में अपना सामान देखने गई तो वहां पर आशीष मिला जिसने मुझे बहुत बुरी तरीके से पीटा। यह सारी बातें युवती ने जो पुलिस को तहरीर दी थी उसमें लिखी गई थी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि नवाबगंज पुलिस ने उसकी तहरीर फड़वा दी। और मारपीट की धाराओं में तहरीर लिखवा कर मुकदमा पंजीकृत कर दिया। इस मामले में डीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने कहा कि वीडियो व युवती की रेप का मामला संज्ञान में आया है। एसीपी करनैलगंज को मामले की जांच सौंप दी गई है। जांच में जो तथ्य सामने निकल कर आएंगे उसके आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

## वी.एस.एस.डी. कॉलेज के छात्रों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाल कर किया जागरूक






जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

वी0एस0एस0डी0 कॉलेज कानपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात एक रैली निकाली गयी, जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं एवं स्ववित्तपोषित विभागों के सभी शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन स्ववित्तपोषित विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 बिपिन चन्द्र कौशिक जी तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ0 अंशु सिंह सेंगर जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो0 आर0 के0 पाण्डेय, प्रो0 मन्जूलता द्विवेदी, प्रो0 मनोज अवस्थी, प्रो0 ए0बी0 जायसवाल, डॉ0 विपेन्द्र सिंह परमार एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा छत्र/छात्राएं उपस्थित रहें। प्राचार्य जी, एवं समस्त शिक्षकों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अमिताभ तिवारी जी द्वारा किया गया।

प्राचार्य जी द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा, लापरवाही तथा दुर्घटनाओं से बचने के सभी जानकारी दी गई। क्विज प्रतियोगिता में एम0एड0 विभाग की टीम प्रथम, बी0ए0एलएल0बी0 की टीम द्वितीय तथा बी0 पी0एड0, एम0पी0 एड0 की टीम तृतीय स्थान पर रहें। भाषण प्रतियोगिता में एम0एड0 की दीपिका सिंह बघेल प्रथम, बी0ए0एलएल0बी0 की श्रेया शर्मा द्वितीय तथा बी0ए0एलएल0 बी0 की अंजली रॉय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में डी0एल0एड0 विभाग की अंशिका निषाद प्रथम, बी0ए0एलएल0 बी0 की शिफा अली द्वितीय तथा एम0एड0 की कविता पाण्डेय एवं अंकिता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 18 किसानों की 2.1 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करेगा केडीए

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



न्यू कानपुर सिटी योजना को धरातल पर उतरने के लिए अब केडीए कानून का सहारा लेगा। तीन दिनों में योजना के लिए किसानों ने अपनी जमीन देने की सहमति नहीं दी तो केडीए भूमि के अधिग्रहण के लिए धारा 4 की कार्रवाई करेगा। इसके तहत किसानों को योजना के लिए नियम के तहत जमीन देनी ही होगी। सोमवार को इसको लेकर

केडीए सचिव अभय कुमार पांडे ने अधिकारियों के साथ एक बैठक की। सूत्रों के मुताबिक केडीए की योजना न्यू कानपुर सिटी 153 हेक्टेयर में लाई जानी है। लगभग 65 हेक्टेयर जमीन अभी केडीए को खरीदनी है। जिसको लेकर जद्दोजहद चल रही है। परियोजना को धरातल पर उतरने की कड़ी कोशिश में सचिव अभय कुमार ने विशेष कार्याधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में केडीए सभागार में एक बैठक आयोजित की। जिसमें ग्राम सिंहपुर, गंगपुर, चकवादा, हिंदूपुर, संभरपुर, के किसानों से केडीए के पक्ष में भूमि विक्रय किए जाने की चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि इन गांव में 18 किसानों ने अपनी जमीन देने के लिए सहमति दी है। जिनका रकबा लगभग 2.1 हेक्टेयर है। वही रवि प्रताप ने बताया कि अभी तक जो भी किसान बिल्डर सहमत थे उनसे वार्ता की गई है। उनसे सहमति का कारण तथा उनका समाधान भी बताया गया है।

अधिकतर लोगों की मौखिक सहमति ली गई है। उन्होंने बताया की अस्मत किसानों को केडीए के पक्ष में सहमति देने के लिए तीन दिनों का समय दिया गया है।

इसके बाद केडीए कानून का सहारा लेने के लिए बाध्य हो जाएगा।

### रोडवेज बस रैंप के डिवाइडर पर चढ़ी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रामादेवी में रविवार देर रात बहराइच डिपो की एक बस करीब 20 यात्रियों को लेकर कानपुर से बहराइच जा रही थी। इस दौरान रामादेवी से लखनऊ जाने वाले रैंप के डिवाइडर पर अनियंत्रित होकर चढ़ गई जिससे बस में सवार आठ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।

### बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। परियर। स्थानीय कार्तिक पूर्णिमा मेला गंगा स्नान व क्षेत्र में हटिया मेला कम पुलिस बल होने के बाद भी पिछले वर्षों से दो गुना श्रद्धालुओं के जत्थे आने के बाद भी मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने स्मृति चिन्ह देकर बहुत बहुत धन्यवाद व बधाई दी। विगत दिनों परियर गंगा तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान मेला व क्षेत्र के पावा, खोखपुर, हाजीपुर, मिर्जापुर में हटिया मेला लगा था।14 नवंबर शाम को पुलिस अधीक्षक मेले के निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे थे।उसके बाद क्षेत्राधिकारी सफीपुर कोतवाली प्रभारी को जरूरी दिशा निर्देश दिए थे।जिससे कम पुलिस बल होने के बाद भी एक से डेढ़ लाख लोग आने पर भी मेला सकुशल संपन्न हुआ। इसके लिए बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के रवि मिश्रा, हरिनारायण पांडे, देवी प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को सोमवार को कार्यालय पहुंच कर स्मृति चिन्ह देकर बहुत बहुत धन्यवाद व बधाई दी।

## युवक को नौकरी का झांसा देकर थाईलैंड की जगह भेजा बर्मा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




कल्याणपुर में एक युवक को थाईलैंड में नौकरी का झांसा देकर बर्मा के जंगलों में भेज दिया। वहां से युवक ने परिवार वालों को मैसेज भेजो कि अगर उसकी सही सलामत वापसी चाहते हैं तो 10 लख रुपए का इंतजाम कर लें। पीड़ित के भाई की तहरीर पर कल्याणपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

सूत्रों के मुताबिक हरि सिंह की बगिया कल्याणपुर निवासी दीपेंद्र सिंह द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार शिवेंद्र दादा नगर की एक जूते की कंपनी में मार्केटिंग की नौकरी करता था। इसी दौरान शिवेंद्र की संदीप नाम पर के एक युवक के साथ दोस्ती हो गई। संदीप ने शिवेंद्र को थाईलैंड में एक लाख महीने की नौकरी दिलाने का ऑफर दिया था। संदीप ने पीड़ित से वर्क वीजा के नाम पर दो लाख रुपए लिए थे। 31 अक्टूबर को संदीप शिवेंद्र को अपने साथ दिल्ली ले गया। जहां पर छ्ल से क की जगह टूरिस्ट वीजा बनवाकर उसे थाईलैंड भेज दिया। थाईलैंड से शिवेंद्र कौर वर्मा के जंगलों में भेज दिया गया। अपठित वहां से अपनी करंट लोकेशन और मैसेज परिजनों को भेज रहा है। आप है कि पीड़ित को वापस भारत भेजने के लिए एजेंट 10 लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शिवेंद्र के भाई दीपेंद्र सिंह ने बताया की एक कंपनी के एजेंट द्वारा बर्मा के जंगल में रहने की बात कही गई है। परिजन संभावना जाता रहे हैं कि बेटा मानव तस्करी का शिकार हो गया है। अब पुलिस के लिए यह चुनौती है कि शिवेंद्र को कैसे वापस लाया जाए।

## खेत में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सेन पश्चिमपारा में फतेहपुर मार्ग से लगभग 100 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों को खेतों में एक युवक का खून से लथपथ शव मिला। खेतों में खून से लथपथ शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची स्थानी पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाएं हैं। साथ ही युवक केशव का पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस आसपास के व्हाट्सएप ग्रुपों पर फोटो भेज कर युवक के शव की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के ओरियारा फतेहपुर मार्ग स्थित ओरछी गांव के पास बने हीरा ब्रिक फील्ड से चंद कदम की दूरी पर ढोकहा गांव निवास सोहन कुरील के खेतों में एक युवक का खून से लथपथ शब्द पड़ा देखा तो ग्रामीणों के होश उड़ गए। जिसके बाद ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। वहीं पुलिस के लिए युवक की पहचान कर पाना टेढ़ी खीर बना रहा। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को अज्ञात में दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक युवक की उम्र लगभग 25 से 27 वर्ष की बताई जा रही है। जिस वक्त युवक के साथ या घटना हुई उसे वक्त युवक काले रंग की शर्ट हल्के नीले रंग के जींस व पैरों में स्पोर्ट्स शूज पहने हुए था।

## दीवार तोड़कर स्कूल में घुसी कार, एक बच्चे की हुई मौत





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कर दीवार तोड़कर स्कूल में घुस गई। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों बच्चे अपने घर के बाहर खेल रहे थे। कर बच्चों को कुचलती हुई दीवार तोड़कर स्कूल के अंदर घुस गई। स्कूल की छुट्टी हो चुकी थी नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

सूत्रों के मुताबिक गुजैनी थाना क्षेत्र के गुजैनी गांव में बीते दिन सोमवार को एक बहुत ही दिल दहला देने वाला हादसा घटित हुआ। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कर घर के बाहर खेल रहे दो बच्चों को कुचलती हुई स्कूल में जा घुसी। घायल बच्चों को स्कूल प्रबंधन और परिजन तुरंत अस्पताल लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे की हालत चिंता जनक बताई जा रही है। कार चला रहे आरोपियों को क्षेत्रीय लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस कार सवार को गुजैनी थाने ले गई। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही से लोग आकर्षित हो गए और प्रदर्शन करने लगे। बताया जा रहा है की गुजैनी गांव में खुशी उम्र 5 वर्ष और आर्यन सचान घर के बाहर एक निजी विद्यालय के पास खेल रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार आई, कार में चार लोग सवार थे। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि कार में सवार चारों लोग नशे की हालत में थे। कर स्कूल की दीवार तोड़ते हुए अंदर घुस गई इस दौरान स्कूल के गेट के बाहर खेल रहे दोनों बच्चे कर की चपेट में आ गए। स्कूल प्रशासन ने घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने आर्य सचान को मृत्यु घोषित कर दिया जबकि बच्ची खुशी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। हाथ से की सूचना मिलते ही दोनों बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझने का प्रयास किया।

तो परिजन पुलिस पर ही लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदर्शन करने लगे। फिलहाल पुलिस ने कार सवार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अकाड़िया स्कूल के बस ड्राइवर ने जल्दबाजी में रिक्शा व ट्रक में मारी टक्कर 6 घायल

- ट्रक घुसा मकान में बैटरी रिक्शा पलटा प्रत्यक्षदर्शियों की चीखें निकल गई।

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के ककवन रोड लखनऊ इटावा राजमार्ग पर महानंद चक्की और जानकी पैलेस के सामने बिल्हौर की ओर से आ रही अकाड़िया स्कूल के बच्चों को लेकर बस आगे चले ट्रक को ओवरटेक कर तेजी से निकल रही थी सामने से आ रहे बैटरी रिक्शा से टकरा गई बैटरी रिक्शा टक्कर लगते ही वह पलट गया और बस लहरा कर ट्रक से जा भिड़ी ट्रक ड्राइवर ने बहादुरी के साथ गाड़ी बायी तरफ उतार दी और सड़क किनारे मकान के आगे लगे टीन शेड में जा घुसी और बस ड्राइवर अंकित बारामऊ निवासी बस भागता हुआ खजुरी गांव स्थित अकाड़िया स्कूल पहुंचा दी बच्चे चिल्लाते रहे लेकिन उसने बस कहीं नहीं रोकी घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास के मकान के लोगों ने दौड़कर घायलों को उठाया और पुलिस को सूचना दी पल भर में बिल्हौर कस्बा इंचार्ज ने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर पुलिस की जीप में घायलों को बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर दो लोगों को गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया गया है बैटरी रिक्शा में गर्भवती सहित छह लोग सवार थे। घायलों में पंकज शर्मा पुत्र भगत शर्मा व श्रीमती राशी शर्मा पत्नी पंकज शर्मा 21 वर्षी य, निवासी फत्तेहपुर चौरासी जिला उन्नाव, अपनी ससुराल गदनपुर चोरसा से अलिया पुर बैटरी रिक्शा पर बैठ कर बिल्हौर जा रहे थे। युवक के पैर में चोट है और गर्भवती महिला के कमर में दर्द बता रही थी उसने बताया कि कई घंटे तक अस्पताल में रुके रहे लेकिन किसी महिला डॉक्टर ने नहीं देखा वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि महिला डॉक्टर अस्पताल में अभी नहीं है कानपुर से पारिवारीजनों ने आकर दर्दसे कराह रहे दम्पति को श्रीश हॉस्पिटल में पति-पत्नी को भर्ती कराया। बुजुर्ग महिला छोटी देवी 75 वर्षीय पत्नी बैजनाथ व बिमल कुमार निवासी मनावा, सर्वेश कुमार यादव 35 बर्षीय चालक निवासी डरेह पुरवा, थाना ककवन। बैटरी रिक्शा चालक ने बताया कि हम तो अपनी साइड से जा रहे थे हमारे और ट्रक के बीच में जबरदस्ती बस जाकर घुस गई। बच्चों को बैठाकर इतनी तेजी से बस को लहरा कर चला रहा था। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया सूचना पर घायलों को अस्पताल में भर्ती कर दिया गया और गंभीर रूप से घायल को कानपुर रेफर कर दिया गया है प्रार्थनापत्र के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तरीपुरा फाटक के समीप ट्रेन से युवक गिरा, गंभीर हालत में कानपुर रेफर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा रेलवे स्टेशन के समीप चलती ट्रेन में एक युवक ट्रेन से गिर गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गंभीर हालत में पुलिस ने पारिवारीजनों के आने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी राजेंद्र पुत्र महावीर 29 वर्षीय पैसैजर ट्रेन से शाम को कन्नौज से कानपुर जा रहा था उत्तरीपुरा रेलवे स्टेशन से पहले नीचे गिर गया गंभीर रूप से घायल युवक ने बताया कि शौच क्रिया करने के लिए जा रहा था कि धक्का मुक्की में दरवाजे के पास पहुंचते ही नीचे गिर गया साथ में झोला मोबाइल और 1800 सौ रुपए छूट गए। घायल युवक के पिता महावीर ने बताया कि पुलिस के सहयोग से इलाज मिला मेरा बेटा बच गया है कानपुर अस्पताल एम्बुलेंस द्वारा लिए जा रहे हैं। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि सूचना पर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया परिजनों के आने पर सुबह कानपुर रेफर करा दिया गया है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# बुलडोजर एक्शन पर कोर्ट का आदेश मनमानी पर अंकुश

**देश का शायद ही ऐसा कोई शहर होगा जहां, प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण तोड़ने में सरकार और प्रशासन ने उदाहरण पेश किए होंगे। सरकार और प्रशासन प्रभावशाली लोगों के सामने कैसे नतमस्तक हो जाते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण नोएडा के ट्विन टावर का मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट के अपैक्स और सियान टॉवरों को अवैध ठहराया था। दोनों 40 मंजिला टावरों को ढहाने का आदेश दिया गया। कोर्ट ने कंपनी को फ्लैट खरीदारों को ब्याज के साथ पैसे वापस करने का आदेश दिया।**

*सरकारें की गलतफहमी है कि एक बार चुनाव जीतने के बाद उन्हें मनमानी का अधिकार मिल जाता है। इसी भ्रम में सरकारें अपने को अदालत से ऊपर समझने लगती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोर एक्शन के मामले में फैसला देकर सरकारों का यह सपना तोड़ दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिल्ली की आप सरकार के मामले में दिया है, किन्तु यह लागू सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर को बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए तीखी टिप्पणी की। साथ ही बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर गाइडलाइन तय कर दी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोड़ना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य से संबंधित केस में दो टूक कहा है कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी नहीं करार नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा अपना घर पाने की चाहत हर दिल में होती है। यद्यपि यह फैसला दिल्ली सरकर से संबंधित है पर इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस फैसले के बाद अब योगी सरकार के लिए बुलडोजर एक्शन लेना भी मुश्किल हो जाएगा। कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां होती हैं। इसी बल पर हर साल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कार्यपालिका विभिन्न कारणों को आधार बनाकर सैकड़ों आदेशों का अनुपालन नहीं करती है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से शुरु हुआ बुलडोजर एक्शन का यह सिलसिला पूरे देश में फैल गया था। राज्यों की सरकारों ने इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। वोट बैंक राजनीति ऐसे फैसलों में साफ नजर आती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन अपराधियों के आवास और व्यवसायिक प्रतिष्ठान गिराने के लिए लिया गया था। बुलडोजर एक्शन में भी अपराधियों में भेदभाव के उदारहण मौजूद हैं। इसका दुरुपयोग भी सांप्रदायिक आधार पर किया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कहीं न कहीं खौफ उत्पन्न होता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिस तरह माफिया या गैंगस्टर का सफाया किया, उससे काफी हद तक अपराधों पर लगाम लग सकी है। इस कार्रवाई से शायद ही कोई इत्तफाक रखता हो। सवाल यही आता है कि अपराध रोकने की आड़ में सरकार क्या कानून से ऊपर है। बुलडोजर एक्शन में यही बात नजर आती है। दरअसल यह काम देश की अदालतों का है कि सुनवाई के बाद आरोपी को सजा देने या नहीं देने का। बुलडोजर एक्शन में ऐसे न्याय की संभावना पहले ही खत्म हो जाती है, जहां बगैर किसी सुनवाई के फैसला सुना दिया जाता है। इससे यदि आरोपी गलत ना भी हो तो उसे घर या दुकान तुड़वाने की सजा भुगतनी पड़ती है। जबकि सजा तय करने की जिम्मेदारी अदालतों की है। सरकारों की यह हरकत निश्चित तौर पर अदालतों के मामले में दखलंदाजी रही है। बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई सरकारों को बेशक सस्ती लोकप्रियता दिला सकती है, न्याय नहीं। महाराजगंज जिले में सड़क के फोर लेन की चौड़ीकरण के संबंध में एक व्यक्ति के मकान गिराने के लेकर कोर्ट ने काफी तीखी टिप्पणी दी और उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख का जुर्माना भी लगाया। हालांकि यह विकास कार्यों के लिए की गई कार्रवाई थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**पाकिस्तान इसलिए भारतीय टीम की भागेदारी चाहता है कि अगर उसने भाग नहीं लिया तो सारा आयोजन चौपट हो जाएगा। प्रायोजक नहीं आएंगे। जरा सोचिए कि जब पाकिस्तान चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता तो भारतीय टीम की क्या करेगा। चीन के सामने तो सारी पाकिस्तान सरकार कटोरा लेकर खड़ी रहती है। पाकिस्तान में बीते अक्टूबर महीने में कराची हवाई अड्डे के पास आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए और कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हुआ था। पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं।**

# धूर्त पाक की नापाक धरती पर कतई न जाए भारतीय क्रिकेट टीम



डॉ0 आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान ने ही 1948, 1965, 1971 और कारगिल के युद्ध शुरू किए। यह अलग बात है कि उसे हर बार कसकर मार पड़ी। पर वह तो एक नंबर का धूर्त है। उसे मार खाने में ही आनंद आता है। हालांकि यह भी सच है कि पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद ने भारत पर गहरा प्रभाव डाला है।**

भारत ने साफ कर दिया है कि उसकी क्रिकेट टीम आगामी साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग नहीं लेगी। इस तरह से उसने दुनिया को एक सख्त और स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जब तक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद जारी रहेगा, तब तक भारत अपने पड़ोसी मुल्क के साथ अन्य क्षेत्रों में भी सामान्य व्यवहार का दृष्टिकोण नहीं रख सकता। भारतीय क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में क्रिकेट न खेलना एक जटिल मुद्दा है, जिसके राजनीतिक और सुरक्षात्मक दोनों पहलू हैं। आपको इस तरह के कई पिलपिले तर्क देने वाले मिल जाएँगे कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए। क्रिकेट के माध्यम से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध बेहतर हो सकते हैं। खेल प्रशंसकों को एकजुट करता है और सद्भावना का संदेश देता है। तो क्या हम इस काल्पनिक सद्भावना के लिये अपने लोकप्रिय खिलाड़ियों की जान खतरे में डाल दें? पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हाल के दौर में वहां पर दर्जनों चीनी नागरिकों और सेना के जवानों का कत्ल हो चुका है। पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपनाते हुए आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में खुलेआम लगे हुए हैं। क्या इन परिस्थितियों में हमें अपनी टीम को सीमा के उस पार भेजना चाहिए? कहना न होगा कि इस तरह का कोई भी कदम बहुत महंगा पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से राजनीतिक तनाव चल रहा है, जिसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सके, न तो होने की कोई संभावना ही दिख रही है । इसलिए, सुरक्षा चिंताएं एक महत्वपूर्ण कारण हैं, राष्ट्रहित में लिये गए इस निर्णय का! पाकिस्तान में सुरक्षा की स्थिति कभी भी स्थिर नहीं रहती। इसलिए भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता करना लाजिमी है। यह याद रखना होगा कि कुछ साल पहले पाकिस्तान में श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर भीषण हमला लाहौर शहर में हुआ था। श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर यह हमला 3 मार्च 2009 को हुआ था, जब लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम के पास एक बड़े काफिले का हिस्सा श्रीलंकाई क्रिकेटरों को ले जा रही एक बस पर 12 बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी। क्रिकेटर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन खेलने



**विभिन्न आतंकवादी समूहों ने भारत में कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया है, जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों को चोटें लगी हैं और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इन हमलों के परिणाम स्वरूप भारत को व्यापक आर्थिक नुकसान हुआ है।**

के लिए जा रहे थे। उस घटना को सारी दुनिया ने अपने टीवी सेटों और मोबाइल सेटों पर देखा था। भारत यूं ही पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप नहीं लगाता। पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आतंकवादी हमले किये है। पाकिस्तान ने ही 1948, 1965, 1971 और कारगिल के युद्ध शुरू किए। यह अलग बात है कि उसे हर बार कसकर मार पड़ी। पर वह तो एक नंबर का धूर्त है। उसे मार खाने में ही आनंद आता है। हालांकि यह भी सच है कि पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद ने भारत पर गहरा प्रभाव डाला है। दशकों से, विभिन्न आतंकवादी समूहों ने भारत में कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया है, जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों को चोटें लगी हैं और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इन हमलों के परिणामस्वरूप भारत को व्यापक आर्थिक नुकसान हुआ है। मुंबई पर हुए 2008 के आतंकवादी हमलों में हुए नुकसान का आंकलन करना मुश्किल है, क्योंकि; इसमें मानवीय और आर्थिक दोनों तरह के नुकसान शामिल हैं। मुंबई हमलों में 164 से ज़्यादा लोग मारे गए, जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे। सैकड़ों लोग घायल हुए, कई को गहरी चोटें आईं। उस भयावह हमलों के बाद मुंबई पहले की तरह कभी नहीं हुई। हमलों का उन लोगों पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा जो जीवित बचे, उनके परिवारों और समूचे शहर पर। अगर आर्थिक नुकसान की बात करें तो हमलों से संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ, जिसमें होटल, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। मरम्मत और पुनर्निर्माण की लागत का सटीक आकलन तो नहीं किया जा सकता। पर्यटन उद्योग पर भारी प्रभाव पड़ा, जिससे व्यापार में गिरावट आई और सैकड़ों की नौकरियां चली गईं। यह आर्थिक नुकसान दीर्घकालिक था। सारी दुनिया जानती है कि हमला पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से किया था। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है। भारत ने लाहौर में अपने सभी मैचों को दुबई में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है, क्योंकि भारतीय सरकार अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलना नहीं चाहती। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने और साथ ही सामान्य व्यवहार को अपनाने की दोहरी नीति नहीं अपनाना चाहता। यह पाकिस्तान को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के लिए अपने छद्म समर्थन को वैध बनाने की अनुमति देगा। पाकिस्तान इसलिए भारतीय टीम की भागेदारी चाहता है कि अगर उसने भाग नहीं लिया तो सारा आयोजन चौपट हो जाएगा। प्रायोजक नहीं आएंगे। जरा सोचिए कि जब पाकिस्तान चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता तो भारतीय टीम की क्या करेगा। चीन के सामने तो सारी पाकिस्तान सरकार कटोरा लेकर खड़ी रहती है। पाकिस्तान में बीते अक्टूबर महीने में कराची हवाई अड्डे के पास आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए और कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हुआ था। पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 17:34 तक |
| नक्षत्र: | आर्द्रा 14:58 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | मंगलवार |
| योग: | साध्य, 14:53 |
| सूर्योदय: | 06:51 |
| सूर्यास्त: | 17:22 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 14:44-16:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:45-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### ले के रहेंगे जोखिम !

*कर रहे प्रयोग फिर ।*
*पाना नया मुकाम ।।*
*आ रहीं हैं कब से ।*
*अड़चनें तमाम ।।*
*करना अलग हट कर ।*
*चलना अलग राह ।।*
*हो रहा ना वह कुछ ।*
*जिसकी हमको चाह ।।*
*बुन रहे हम सपने ।*
*है कुछ कर दिखाना ।।*
*ठान लिया इस बार ।*
*देखेगा ज़माना ।।*
*ले के रहेंगे जोख़िम ।*
*करना है सुधार ।।*
*बार बार ये हमको ।*
*हार नहीं स्वीकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*तेरी बेरुखी ने नया तजुर्बा दिया मुझको*
*कैसे जीते यहाँ यह सिखा दिया मुझको।*
*कोशिश लाख करूं उस पल को भूलता नहीं*
*बेचैनी का एक सिलसिला दिया मुझको।*
*तोक अपने उसूलों के सलीब पर मुझको*
*लोगों ने यूँ ही मसीहा बना दिया मुझको।*

*फिक्र न कल की ना परसों की कोई चिंता*
*जिंदगी ने एक नया तजुर्बा दिया मुझको।*
*जिंदगी ने पत्थरों से मार मार कर अब*
*टूटा हुआ आईना बना दिया मुझको।*
*उसने आंखों में मेरी यादें भरकर संजीव*
*तमाम रातों का जुगनू बना दिया मुझको।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**जीवन में अगर कोई आपके दुख में काम ना आये तो फिर उसे सुख का हिस्सा भी ना बनाएं**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में हेल्दी रहना है तो करें गिलोय का इस्तेमाल



**गिलोय** एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है। इसका इस्तेमाल डेंगू और मलेरिया जैसे कई वायरल इंफेक्शन में फायदेमंद होता है। गिलोय का काढ़ा बनाकर पीने से कई गंभीर बीमारियों में भी आराम मिलता है। कई आयुर्वेदिक दवाओं में इसका इस्तेमाल किया जाता है। मौसम बदलने के साथ बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में लोग गिलोय का सेवन ज्यादा करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सर्दियों में भी गिलोय का सेवन करना फायदेमंद होता है? गिलोय में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। इसका रोज सेवन करने से बीमारियों का खतरा कम होता है और इम्यूनिटी बूस्ट होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं सर्दियों की डाइट में गिलोय शामिल करना आपके लिए कैसे फायदेमंद है? इस बारे में जानकारी देते हुए न्यूट्रिशनिस्ट दिव्या गांधी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है।

**इम्यूनिटी बूस्ट होती है:** सर्दियां आने के साथ ही सीजनल इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में डाइट में गिलोय एड करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। सर्दियों में वायरल इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। लेकिन गिलोय में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-वायरल गुण इम्यून सिस्टम को एक्टिव रखने में मदद करते हैं।

**बॉडी एनर्जेटिक रहती है:** गिलोय बॉडी को कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है। इससे कोल्ड, कफ और फीवर जैसी समस्याएं कम होती हैं। इसके साथ ही यह बॉडी को नैचुरली डिटॉक्स करने में मदद करता है। टॉक्सिन निकलने से कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा कम होता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद:** सर्दियों में हमारी डाइट और वाटर इनटेक केपेसिटी भी बदल जाती है। इस कारण सर्दियों में हमें पाचन संबंधित समस्याएं ज्यादा होने लगती हैं। इससे कब्ज, ब्लोटिंग और अपच जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। इसलिए डेली डाइट में गिलोय जरूर एड करना चाहि। यह पाचन क्रिया को तेज करके पाचन संबंधित समस्याओं को कम कर सकता है।

**अन्य फायदे:** अन्य फायदों से साथ सर्दियों में एनर्जी लेवल बूस्ट करने के लिए भी गिलोय फायदेमंद है। यह स्ट्रेस कम करने, माइंड में क्लियेरिटी लाने और रेस्पिरेटरी हेल्थ को बूस्ट करने में मदद करता है। इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और ब्लड शुगर मेंटेन रखने में भी मदद मिलती है। सर्दियों में इंफ्लामेशन और जोड़ों के दर्द की समस्या में भी गिलोय लेना जरूरी है।

**सर्दियों में गिलोय का सेवन कैसे करना चाहिए?:** सर्दियों में आप डेली डाइट में पाउडर के रूप में गिलोय का सेवन कर सकते हैं। आपको सुबह खाली पेट 1 चम्मच गिलोय पाउडर को गुनगुने पानी के साथ लेना है। इससे आप दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस करेंगे। इस तरह से सर्दियों में गिलोय को डेली डाइट में शामिल करना फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए दवा लेते हैं, तो पहले अपने डॉक्टर से संपर्क जरूर करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# पृथ्वी के सभी घटकों का संरक्षण राष्ट्रीय कर्तव्य



हृदयनारायण दीक्षित

**वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव में हमेशा बर्फ जमी रहती है। वह बर्फ पिघल रही है। पृथ्वी के एक भूखंड में खनिज, तेल और गैस भारी मात्रा में हैं। खनिज सम्पदा और गैस पाने के लिए तमाम देश लालायित रहते हैं।**

**दुनिया के तमाम विद्वानों ने पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की है। उत्तर वैदिक काल और महाकाव्यों में भी पृथ्वी की स्तुति है। महाभारत के एक प्रसंग में श्रीकृष्ण पृथ्वी की उपासना करते हैं। वे पृथ्वी से ही पूछते हैं कि आप किस तरह की उपासना से प्रसन्न होती हैं। स्वयं पृथ्वी ने उत्तर दिया कि ''तुम प्रति दिन चिड़ियों और निराश्रित पशुओं के लिए कहीं भी अन्न डाल दिया करो। मैं इसी में प्रसन्न होती हूँ।''**

**वायु** प्रदूषण से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोग हलकान हैं। दिल्ली के आसपास सांस लेना कठिन है। हवा विषाक्त हो गई है। एक्यूआई अपने उच्चतम स्तर पर है। जहरीली वायु उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से में प्रभाव डाल रही है। अजरबैजान की राजधानी बाकू में पर्यावरण को लेकर सीओपी 29 सम्मेलन चल रहा है। वहां पर्यावरणविदों ने दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक पर गंभीर चर्चा की है। सरकार ने भी नए निर्माण रोकने, गैर बीएस6 डीजल बसों पर रोक जैसे कठोर कदम उठाए हैं। लेकिन आगे की राह कठिन है। अभी और कड़े निर्णयों की आवश्यकता है। हम सब पृथ्वी पुत्र हैं। पृथ्वी ही पालती है। यही पोषण करती हैं। दूषित पर्यावरण से पृथ्वी का अस्तित्व संकट में है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन भी नहीं। सारी दुनिया का ताप बढ़ रहा है। रामकथा के अनुसार श्रीराम का जन्म पृथ्वी को निशिचर विहीन और पृथ्वी का का कष्ट दूर करने के लिए हुआ था। रामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है, ''अतिशय देख धरम की हानी परम सभीत धरा अकुलानी-धर्म की ग्लानि को बढ़ते देख कर पृथ्वी भयग्रस्त हुई और देवताओं के पास जा पहुंची। उसने देवों को अपना दुख सुनाया-निज संताप सुनाइस रोई-पृथ्वी ने रोते हुए अपना कष्ट बताया। शंकर जी ने पार्वती जी को बताया कि वहां बहुत देवता थे। मैं भी उनमे से एक था-तेहि समाज गिरजा मैं रहेऊ। रामचरितमानस के अनुसार आकाशवाणी हुई, ''हे धरती धैर्य रखो। मैं स्वयं सूर्य वंश में आऊंगा और तुमको भार मुक्त करूँगा।'' पृथ्वी भारतीय परंपरा में माता हैं। हम सबका आश्रय हैं। पृथ्वी को भार मुक्त करने के लिए परम सत्ता मनुष्य बनती है। पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिकों के सामने भी चुनौती है। कहा जा रहा है कि पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस हर साल आता है। इस महत्वपूर्ण दिवस पर कई संकल्प लिए गए। हिन्दुत्व की जीवन शैली में पर्यावरण संरक्षण अन्तर्निहित है। भारत के प्राचीन काल में ही पृथ्वी के प्रति संवेदनशील प्रीति और श्रद्धा थी। वैदिक पूर्वजों ने जल को माताएं कहा था। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता बताया था। ऋग्वेद में जल को बहुवचन रूप में माताएं कहा गया है। यूनानी दार्शनिक थेल्स ने जल को आदि तत्व बताया है। प्रकृति के 5 महाभूतों में जल एक महत्वपूर्ण महाभूत है। वायु प्रतिष्ठित देवता हैं ही। पूर्वजों ने वायु को अनेकशः नमस्कार किया है। वायु को शुद्ध बनाए रखना व्रत है। वायु मनुष्य शरीर में प्रवाहित है। वैदिक साहित्य में जल को अतिरिक्त आदर दिया जाता रहा है। वैदिक समाज में जल वृष्टि के कई देवता हैं। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं, ''सत्कर्मों से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि आनंद मगन होती हैं।'' यहाँ मुख्य बात है कि सत्कर्म के कारण समुद्र का जल ऊपर जाता है। सत्कर्मों से ही वायु शुद्ध रहती है। ऋषि वायु से स्तुति करते हैं कि, आप सुखद आशीष देते हुए प्रवाहमान रहें। सत्कर्म महत्वपूर्ण हैं। ऐसे कर्म सांस्कृतिक कर्तव्य हैं। वर्षा पर्जन्य की कृपा हैं। पर्जन्य देव पृथ्वी, जल, वायु, नदी, वनस्पतियों और सभी प्राणियों के संरक्षण से प्रसन्न होते हैं। वैदिक देवता प्रकृति की महत्वपूर्ण शक्तियां हैं। उन्हें कई विभागों में विभाजित किया जा सकता है। पहला स्थानीय देवता हैं। द्यौ का ही एक रूप वरुण हैं। स्थानीय देवताओं में द्यौ सबसे प्राचीन बताए गए हैं। आर्यों की ग्रीक शाखा के लोग 'ज्योस' या 'जिअस' के रूप में इस देवता की उपासना करते थे। द्यौ का प्रकट रूप हैं आकाश। ऋषि राहुगण गौतम को सबके पिता कहते हैं। इसी तरह वैदिक देवताओं का दूसरा विभाग है अंतरिक्ष स्थानीय देवता। ऋग्वेद के प्रतिष्ठित देवता इन्द्र इसी श्रेणी में आते हैं। इन्द्र मेघों में अवरुद्ध जल को मुक्त करते हैं। जल प्रवाह वर्षा द्वारा पृथ्वी की ओर आता है। मातरिस्वा, अपानपात आदि अंतरिक्ष स्थानीय देवता हैं। इनमें रूद्र मुख्य हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र में रूद्र शिव को त्रयम्बक कहा गया है। देवताओं के तीसरे वर्ग को पृथ्वी स्थानीय देवता कहा गया है। इस देव तंत्र में सोम अतिप्रतिष्ठित देवता हैं। ऋग्वेद के नौवें मण्डल के अधिकांश सूक्तों के देवता सोम हैं। सोम को सर्वश्रेष्ठ पेय बताया गया है और सर्वश्रेष्ठ औषधि भी। इसी श्रेणी में अग्नि देव भी आते हैं। ऋग्वेद में अग्नि सर्वशक्तिमान बताए गए हैं। बृहस्पति भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। पृथ्वी भी पृथ्वी स्थानीय देवता हैं। नदियां भी देवता हैं। पूर्वजों के हृदय में पृथ्वी के प्रति माता का भाव है। अथर्ववेद का पृथ्वी सूक्त अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कविता है। कहते हैं कि यहाँ भिन्न भिन्न विचारधाराओं वाले लोग रहते हैं। माता पृथ्वी सबका पोषण करती हैं।

# नेपाल से उत्तराखंड जा रही मिनी बस पलटने से 20 नेपाली यात्री घायल

■ हादसे में घायल 15 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। रजागंज नेपाल से यात्रियों को लेकर उत्तराखंड जा रही तेज रफ्तार मिनी बस रविवार की देर रात हादसे का शिकार हो गई। थाना हैदराबाद क्षेत्र में पहले सांड फिर ट्रैक्टर-ट्राली और फिर ईंट के चट्टे से टकराकर वह पलट गई। हादसे में करीब 20 नेपाली यात्री घायल हुए है। इनमें से हालत गंभीर होने पर 15 यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा रविवार की रात करीब दस बजे पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर हुआ। बताया जाता है कि नेपाल से एक मिनी बस यात्रियों को लेकर उत्तराखंड जा रही थी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव उद्यान पुर में मिनी बस एक सांड से टकरा गई। रफ्तार अधिक होने के कारण चालक का नियंत्रण स्टेयरिंग से हट गया। इससे अनियंत्रित होकर मिनी बस गांव निवासी अजय कुमार वर्मा के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को ठोंकते हुए ईंट के लगे चट्टे से टकराकर पलट गई। तेज धमाके की आवाज पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मिनी बस में फंसे यात्री 30 वर्षीय तुलसी पुत्र गनेश, 38 वर्षीय गनेश पुत्र तोपबहादुर, 28 वर्षीय रूपा पत्नी तोप बहादुर, 13 वर्षीय अरलिमा पुत्री तोपबहादुर निवासी टिकलीपुर जिला काठमांडू, 25 वर्षीय श्रवण पुत्र नरपतिहुडा, 38 वर्षीय लालबहादुर पुत्र जयराम घर्ती निवासी भुलके जिला सुरखित, 23 वर्षीय पवन पुत्र टीकाराम, निवासी ठियोग, 26 वर्षीय बबली पुत्री रूप सिंह, 28 वर्षीय ऊषा पत्नी संजय निवासी जुब्बन जिला शिमला, नेपाल और18 वर्षीय स्वेता ढांबा पुत्री इंद्रबहादुर पता अज्ञात, 45 वर्षीय भगत पुत्र सिंह खटका निकाली20 वर्षीय जनुशोद जिला कोट समेत करीब नेपाली यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने आनन-फानन में एंबुलेंस 108 से सभी घायलों को सीएचसी भेजा, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर 15 यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया।

# शव रखकर गुस्साए ग्रामीणों ने मैगलगंज मार्ग किया जाम, पुलिस के खिलाफ जबरदस्त की नारेबाजी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



संदिग्ध हालात में नाले में मिले थाना फरधान के गांव सूरत सराय निवासी विजय कुमार के शव का सोमवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद घर आ रहे परिजनों ने लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर गौरिया पुल के पास शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। परिजन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे एसएसपी व प्रशासनिक अफसरों ने समझाने पर परिजन माने। तब जाकर करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका। गांव सूरत सराय निवासी 50 वर्षीय विजय कुमार की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उनका शव रविवार को गांव के बाहर बने नाले में बरामद हुआ था। मृतक की पत्नी रामदेवी ने गांव के ही तीन लोगों पर शराब पिलाकर नाले में दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। उसका कहना है कि उसके पति को शनिवार की शाम गांव के ही तीन लोग शराब पिलाने के लिए चार पहिया गाड़ी से गांव गौरिया ले गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। सोमवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंप दिया। परिजन शव लेकर गांव के लिए रवाना हुए। परिजनों ने शव घर न ले जाकर गौरिया पुल के पास सड़क पर शव रख दिया और ठेलिया, खंभे आदि डालकर रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती और उनकी गिरफ्तारी नहीं होती। वह न तो शव का अंतिम संस्कार करेंगे और न ही सड़क से हटेंगे। सूचना पर एसएसपी नैपाल सिंह, मितौली प्रभारी निरीक्षक राजू राव, फरधान एसओ भारी पुलिस बल और तहसील के प्रशासनिक अफसरों के साथ मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने परिवार वालों को काफी समझाया बुझाया। करीब दो घंटे तक चले मान मनौव्वल के बाद कार्रवाई का आश्वासन देने पर परिजन मान गए और जाम खोल दिया।

### मैच मे गांधी विद्यालय व सिंगाही इलैवन की टीमें विजयी रहीं

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी। कस्बे में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन सिंगाही के खेल के मैदान पर दो मैच खेले गये। खेले गए मैच में गांधी विद्यालय व सिंगाही इलैवन की टीमें विजयी रही। रविवार को सिंगाही में चल रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट में पहला मैच गांधी विद्यालय और अमन सपोर्टिंग क्लब सिंगाही के बीच खेला गया। गांधी विद्यालय की टीम अच्छा खेल खेलते हुए लगातार 3 गोल मारकर अपनी टीम को 3-0 से मैच को जीत लिया। दूसरा मैच सिंगाही इलैवन व सीतापुर के मध्य खेला गया जिसमें सिंगाही इलेवन 4-1 से मैच को जीत लिया। टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने बताया की मंगलवार को 1 बजे से दो मैच खेले जाएंगे । आज के मुख्य महमान डॉ एन यू खान, अशोक वर्मा अनुराग पुरवार,कमेन्ट्रेटर सैय्यद सुमित प्रमार, रतनेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना खीरी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 8 चोरी की मोटरसाइकिलें सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



थाना खीरी पुलिस ने एक शातिर आटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर आठ चोरी की बाइक बरामद हुई है। बरामद बाइक शहर व आसपास इलाकों से चोरी की गई थी। पुलिस ने पकड़े गए ऑटोलिफ्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तथा बरामद बाइकों के मालिकों की तलाश की जा रही है। इन दिनों शहर व आसपास इलाकों में बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई थी। हर रोज जिले भर में कहीं न कहीं एक दो बाइक चोरी हो रही थी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सभी थाना अध्यक्षों को आदेश दिया था कि वह अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर बाइक चोरों की गिरफ्तारी करें। सिटी सर्किल की पुलिस सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी की अगुवाई में काम कर रही थी। उधर खीरी थाने की पुलिस इंस्पेक्टर खीरी के नेतृत्व में अपराधियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी। तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अमृता गंज के पास नहर किनारे एक युवक बाइक के साथ मौजूद है। उसको पकड़ने के लिए पुलिस ने उसकी घेरा बंदी की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसकी निशान देही पर 8 चोरी की बाइक बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू वर्मा पुत्र पुत्र सतीश वर्मा निवासी ग्राम भानपुर गौरतारा थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज रही है। ऑटोलिफ्टर को पकड़ने में खीरी कस्बा चौकी इंचार्ज साधना यादव, हेड कांस्टेबल मनीष यादव, कांस्टेबल रजनीश सिंह, अंकित सिंह चौहान, दीपक कुमार, अनूप कुमार और कौशलेन्द्र मिश्र का विशेष योगदान रहा है।

# भारतीय स्वाधीनता आंदोलन इतिहास के ध्रुव तारा थे बटुकेश्वर दत्त

जन एक्सप्रेस । बहराइच

महान क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त का 114 वां जन्मदिवस सोमवार को सेनानी भवन के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम में सेनानी उत्तराधिकारियों ने भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में बटुकेश्वर दत्त को ध्रुव तारा कहा और जंगे आजादी में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि क्रांतिकारियों का देश की आजादी में महत्वपूर्ण स्थान है। उनमें एक महत्वपूर्ण क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त का जन्म 18 नवंबर 1910 को हुआ था,वो 8 अप्रैल 1929 को भगतसिंह के साथ सेंट्रल असेम्बली में बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार किए गए उन्होंने आगरा में स्वतंत्रता आन्दोलन को संगठित करने में उल्लेखनीय कार्य किया था, ब्रिटिश हुकूमत की ओर से पब्लिक सेफ्टी बिल एवं ट्रेड डिस्प्यूट बिल लाया गया था, जिसका भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु और बटुकेश्वर दत्त ने विरोध किया था। संसद भवन में बम फेंकने के जुर्म में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि असेम्बली में बम फेंकते समय बटुकेश्वर दत्त ने इस बात का ख्याल रखा कि किसी को कोई नुक्सान न हो बम फेंकने के बाद भगतसिंह के साथ वहां से फरार होने की कोशिश बिल्कुल नहीं की बल्कि असेम्बली में पर्चे फेंकते रहे और आजादी के नारे लगाते हुए अपनी गिरफ्तारी दी। बटुकेश्वर दत्त इसलिए फांसी से बचे क्योंकि इस घटना में हत्या कोई मामला नहीं था लेकिन जीवनपर्यंत उन्हें इस बात का अफसोस था कि भगतसिंह के साथ उन्हें फांसी क्यों नहीं दी गई। वरिष्ठ सेनानी उत्तराधिकारी भानु प्रताप द्विवेदी ने कहा कि बटुकेश्वर दत्त को काला पानी भेजा गया वे अपने सभी साथियों से अधिक जीवित रहे, लम्बी बीमारी के बाद 19-20 जुलाई 1965 में उनकी मृत्यु हो गई।वे शहीद फिल्म जो 1965 में बनी थी, के लेखकों में से एक थे।यह दुर्भाग्य रहा कि जिस देश की आजादी के लिए उन्होंने काला पानी की सजा भोगी उस स्वतंत्र देश में उन्हें मजदूरी करनी पड़ी।अन्त में सेनानी उत्तराधिकारियों ने एक संघर्षपूर्ण जीवन के बावजूद एक लम्बे समय तक आजादी के संघर्ष में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। और कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में संदीप, राजकुमारी सहित तमाम देश भक्त मौजूद रहे।

# झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना के बाद जिले के मेडिकल कॉलेज में सतर्कता बढ़ी

■ मॉक ड्रिल के माध्यम से बताए आग की सुरक्षा के उपाय, स्वास्थ्य कर्मियों ने दमकल कर्मियों से सीखे आग की सुरक्षा से उपाय

जन एक्सप्रेस । बहराइच

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में सोमवार को मॉकड्रिल का आयोजन हुआ। दमकल कर्मियों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों ने आग से बचाव के टिप्स सीखे। झांसी मेडिकल कॉलेज के एनसीयू वार्ड में आग लगने से 11 बच्चों की मौत हो चुकी है। इसको देखते हुए मेडिकल कॉलेज में आग से बचाव के लिए सोमवार को मॉकड्रिल हुआ।

प्रातः 11 बजे महाराजा सुहेलदेव चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री की अध्यक्षता में अग्नि शमन सुरक्षा पर मॉकड्रिल आयोजित हुई। जिसमें आग लगने पर कैसे समय से आग पर काबू पाया जाए और आग लगने पर क्या किया जाए। इसके बारे में सभी ने जाना। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं अन्य स्टाफ को अग्नि से बचाव एवं अग्निशमन की प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करना था।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी की टीम ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। टीम ने एबीसी एवं सीओटी अग्निशमन सिलेंडर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही, आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों एवं बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा, इस प्रकार के अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य किसी आपातकालीन स्थिति के दौरान स्टाफ एवं फैकल्टी को तैयार करना है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे संस्थान का हर सदस्य अग्नि सुरक्षा उपायों से पूरी तरह से परिचित हो और इसे प्रभावी रूप से लागू कर सके।

मीडिया प्रभारी डॉ. अरविंद शुक्ला ने बताया कि इस मॉकड्रिल के माध्यम से संस्थान में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई है। यह न केवल सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाएगा, बल्कि आपात स्थिति में कर्मचारियों की त्वरित प्रतिक्रिया को भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

इस प्रकार की गतिविधियां भविष्य में भी आयोजित की जाएंगी ताकि संस्थान में सुरक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता दी जा सके। मॉकड्रिल में प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमएम त्रिपाठी, नर्सिंग कॉलेज के फैकल्टी सदस्य और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कारागार मंत्री से मिले क्षेत्रवासी, बताई क्षेत्रीय समस्याये



जन एक्सप्रेस । सीतापुर। लहरपुर। हरगांव क्षेत्र के विधायक और कारागार मंत्री सुरेश राही पूरे क्षेत्र में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं ईमानदारी के साथ की जा रही उनकी सेवा की गांव परिवार में चर्चा हो रही है उल्लेखनीय है कि गांधीवादी विचारक पूर्व केंद्रीय मंत्री के योग्य पुत्र सुरेश राही अपने पिताजी के नक्शे कदम पर चलकर जंग सेवा में व्यस्त रहते हैं इसीलिए उनके दरवाजे पर क्षेत्र के तमाम लोगों की भीड़ रहती है तथा वह समस्याओं के निस्तारण में अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करते हैं क्षेत्र के तमाम लोगों ने गोपाल शास्त्री और राकेश पांडे पंकज वर्मा नबीनगर जीतू गोस्वामी ताहपुर मोनू सिंह कुशियारी हरिवंश बाजपेई मुद्रासन आदि ने जन समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्री सुरेश राही को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनको मजबूत और जमीन से जुड़ा नेता बताया है।

# मानव में होने वाला चौथा सबसे बड़ा कैंसर है सर्वाइवल कैंसर



जन एक्सप्रेस । बहराइच

महिला पीजी कॉलेज परिसर में महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग तथा कालेज के बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम
चित्र परिचय 0016 मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करतीं चिकित्सक।

महिला महाविद्यालय बहराइच के प्रांगण में, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग तथा महिला महाविद्यालय बहराइच के बालिका हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गीता सिंह ने बताया कि यह मानवों में होने वाला चौथा सबसे बड़ा कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर के कारणों पर विस्तारपूर्वक बताते हुए इसके मुख्य कारणों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस को जिम्मेदार ठहराया जो कि 90त्न मामलों में इस कैंसर के लिए जिम्मेदार होता है। इसके पश्चात डॉ.समरीन ने सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों पर चर्चा करते हुए बताया कि महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के बाद यह दूसरा सबसे अधिक होने वाला कैंसर है।

बचाव के उपायों के बारे में बताते हुए इन्होंने बताया कि इस कैंसर की रोकथाम के वैक्सीन उपलब्ध है परंतु यह वैक्सीन 9 से 14 आयु वर्ग की बच्चियों में अधिक कारगर है। 35 या अधिक आयु वर्ग की सभी महिलाओं को नियमित तौर पर सर्वाइकल कैंसर की जांच कराते रहना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो.प्रिया मुखर्जी ने कहा कि किसी भी बीमारी के प्रति जागरूकता और बचाव के उपायों की जानकारी हमें स्वस्थ जीवन की ओर ले जाने के लिए अतिआवश्यक है। इस अवसर पर एनएसएस की छात्राओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में बढ़ चढ़ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन बालिका हेल्थ क्लब की प्रभारी डॉ.अंकिता सिंह ने किया। इस अवसर पर हेल्थ क्लब के सदस्य डॉ मनीषा खन्ना, डॉ.गरिमा राय, डॉ.मधुबाला, डॉ.रूही तथा अन्य प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सोमवार को जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी, दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा तहसील सदर पर मौजूद रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई।

इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती पत्रो का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन शिकायती पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है

उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को भेजने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में मौजूद रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# नियमों को ताख पर रखकर की गई पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष की बर्खास्तगी – मुकेश

जन एक्सप्रेस । बहराइच

■ अपने बहराइच स्थित आवास पर पयागपुर के पूर्व सपा विधायक ने मौजूदा भाजपा विधायक पर साधा निशाना

पयागपुर के पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव ने क्षेत्र के मौजूदा भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके भाई बालेंद्र श्रीवास्तव की पयागपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद से बर्खास्त कि नियमों को तक पर रखकर क्षेत्रीय विधायक के दबाव में की गई जो लोकतांत्रिक नियमों का मखौल है।

पूर्व विधायक सभी श्रीवास्तव सोमवार को अपराह्न अपने बहराइच शहर स्थित आवास पर संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक वह क्षेत्र के विधायक रहे और नगर पंचायत समेत अन्य तमाम सुविधाएं क्षेत्रवासियों को उपलब्ध कराई थी उसके बाद से पयागपुर में जनकल्याण और विकास का कोई कार्य नहीं हुआ। मौजूदा विधायक के कार्यकाल में जहां लोकतांत्रिक तरीके से गठित नगर पंचायत को बर्खास्त कराया गया, वहीं एस एस इंटरप्राइजेज के माध्यम से सर्विस प्रोवाइडर लोकल परचेज तथा लोकल ठेके के माध्यम से करोड़ों का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसको हटाने की जांच कराई जाए तो करोड़ों का गोलमाल सामने आएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत समेत कई विभागों के कर्मचारी अपना मूल काम छोड़कर इनके प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत का चुनाव जीतने के बाद उनके भाई ने न खाऊंगा ना खाने दूंगा का फार्मूला अपनाया तो उन्हें हिदायत दी गई की सिस्टम के तहत काम करना पड़ेगा। समझौता न होने पर नियम विरुद्ध प्रकाश की की कार्रवाई कराई गई। पूर्व विधायक मुकेश ने अपने वक्तव्य में और भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

इस मौके पर कैसरगंज के सपा विधायक आनंद यादव महसी के पूर्व पार्टी विधायक कृष्ण कुमार ओझा तथा लोहिया वहीं के जिला अध्यक्ष नंदेश्वर यादव नंद भी उपस्थित रहे।

# कैसरगंज बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, दुकानदारों में मचा हड़कंप

■ दोबारा अतिक्रमण करते पाए गए, तो उनके खिलाफ होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । बहराइच



लखनऊ- बहराइच राजमार्ग स्थित कैसरगंज बाजार में सोमवार को एसडीएम की देखरेख में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। कैसरगंज में अतिक्रमण की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों को सोमवार को राहत मिली, जब प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया।

उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद, अधिशासी अधिकारी शिवम द्विवेदी, तहसीलदार अभयराज पाण्डेय और प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल ने यह अभियान तहसील गेट से शुरू किया। बुलडोजर और अन्य गाड़ियों की मदद से सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से बनाए गए ठेले, दुकानों और अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि यदि वे दोबारा अतिक्रमण करते पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनीकार्रवाई की जाएगी। एसडीएम आलोक प्रसाद ने बताया कि कैसरगंज में अतिक्रमण की समस्या गंभीर हो चुकी थी, जिससे आम जनता को भारी असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए यह कड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह अभियान पूरे तहसील क्षेत्र में जारी रहेगा, ताकि नागरिकों को बिना बाधा के आवागमन की सुविधा मिल सके। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोगों ने खुद ही अपने ठेले और अस्थाई दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक कदम बताया।

# पूर्व विधायक के सभी आरोप निराधार, उनके कारनामों के आगे नटवरलाल भी शर्मिंदा– सुभाष

जन एक्सप्रेस । बहराइच

पयागपुर के पूर्व सपा विधायक मुकेश श्रीवास्तव की ओर से मौजूदा भाजपा विधायक पर लगाए गए आरोप के संबंध में पयागपुर के भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी का कहना है कि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव एनआरएचएम घोटाले के अभियुक्त हैं वह अपने परिवार के दो सदस्यों के साथ 8 माह तक डासना जेल में बंद रहे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक मुकेश सीबीआई तथा ईडी की जांच के दायरे में है। उनके कारनामों को देखकर यदि नटवरलाल जीवित होता तो वह भी शर्मिंदा हो जाता। पयागपुर के विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 25 अक्टूबर को उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर एनआरएचएम घोटाले की धीमी जांच को तेज करने की मांग की थी इसके बाद मुख्यमंत्री के सचिव संजय प्रसाद में प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजकर इस प्रकार पर कृत कार्रवाई से अवगत कराने का आदेश पारित किया है उन्होंने कहा कि इन हालातो में और विधायक स्वयं को फंसता पा रहे हैं इसलिए बौखलाहट वह इस प्रकार का बयान जारी कर रहे हैं। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि पयागपुर में विकास और जनकल्याण के कार्य तेजी के साथ चल रहे हैं और जनता राहत महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जांच की प्रक्रिया पूरी होने पर पूर्व विधायक के कारनामे और भी उजागर होंगे। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा कि वह शीघ्र ही प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर पूर्व विधायक मुकेश की ओर से लगाए गए सभी आरोपों का साक्ष्य के साथ जवाब देंगे।

# दिव्यांगता चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर कल से

जन एक्सप्रेस । बहराइच

एडिप योजना के अन्तर्गत जनपद बहराइच के दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार जीवन सहायक यंत्रों एवं उपकरणों के निःशुल्क वितरण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर 20 नवम्बर से 27 नवम्बर 2024 तक भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लि. कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों की पात्रता की जांच एवं उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण हेतु चिन्हीकरण किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने दी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकास खण्ड विशेश्वरगंज, पयागपुर एवं हुजूरपुर के लिए ब्लाक मुख्यालय पयागपुर में 20 नवम्बर 2024, चित्तौरा एवं रिसिया के लिए ब्लाक मुख्यालय चित्तौरा में 21 नवम्बर, बलहा एवं नवाबगंज के लिए ब्लाक मुख्यालय नवाबगंज में 22 नवम्बर, मिहींपुरवा के लिए ब्लाक मुख्यालय मिहींपुरवा में 23 नवम्बर, बहराइच सदर हेतु तहसील परिसर बहराइच में 25 नवम्बर, शिवपुर, महसी एवं तेजवापुर के लिए ब्लाक मुख्यालय महसी में 26 नवम्बर।

# गोरखपुर में फर्जी रेप का केस दर्ज कराकर वसूली करने वाली युवती पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में फर्जी रेप का केस दर्ज कराकर एक बार फिर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। इस बार युवती ने एक होटल के मैनेजर पर फर्जी रेप का केस दर्ज कराया और फिर उससे तीन लाख रुपए की मांग करने लगी। घटना कैंट इलाके के मोहद्दीपुर स्थित एक होटल के मैनेजर के साथ हुई। लेकिन जब पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की तो कुछ और हकीकत कुछ और निकली। मैनेजर ने भी पुलिस के सामने अपने बेगुनाही के तमाम सबूत पेश किए। ऐसे अब पुलिस ने युवती के खिलाफ ही केस दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में एक लेडी पुलिसकर्मी पर भी युवती के साथ ब्लैकमेलिंग में शामिल होने का आरोप लगा है।

### मैनेजर के खिलाफ झूठा मामला, फिर ब्लैकमेलिंग का खेल

मोहद्दीपुर के एक होटल के मैनेजर ने पुलिस को बताया कि एक युवती ने पहले उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया। इसके बाद, 3 लाख रुपये की मांग की गई। युवती ने पुलिस विभाग के दीवान के साथ मिलकर झूठे आरोप गढ़े और उन्हें डराने की कोशिश की। लेकिन मैनेजर ने साक्ष्य जुटाकर अपनी बात पुलिस के सामने रखी।

### मोबाइल रिकॉर्डिंग में हुआ बड़ा खुलासा

पुलिस जांच में दोनों पक्षों के बीच सहमति से संबंध होने की बात सामने आई है। लेकिन, मोबाइल रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट हुआ कि युवती और उसके साथी वसूली के लिए यह सब कर रहे थे। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने युवती के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस के दीवान पर रैकेट संचालन के गंभीर आरोप

मैनेजर का आरोप है कि युवती पुलिस विभाग के एक दीवान के संपर्क में है। वही इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड है। युवती दीवान के कहने पर झूठे केस दर्ज कराती है और फिर वसूली का खेल शुरू होता है। मैनेजर ने यह भी खुलासा किया कि युवती पहले दो लोगों से शादी कर पैसे वसूल चुकी है।



### दोषी पाए जाने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई - एसपी सिटी

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायतों पर जांच चल रही है। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


### चौका-बर्तन करने वाली महिला की साजिश

होटल मैनेजर ने एक अन्य महिला पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। यह महिला उनके घर पर चौका-बर्तन का काम करती थी। पहले उसने सहानुभूति बटोरी, फिर दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कर तीन लाख रुपये की मांग करने लगी। उसने धमकी दी कि पुलिस विभाग का एक कर्मचारी उसकी मदद कर रहा है, जो उनकी जिंदगी बर्बाद कर देगा।

### यक्ष प्रश्न- आखिर सीएम सीटी पुलिस क्यों कठघरे में

सीएम सीटी में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में महिला दारोगा और दीवान की संलिप्तता ने पुलिस विभाग की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डीएपी की किल्लत बरकरार, आप ने की उपलब्धता की मांग



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिसवा विधानसभा 317 के प्रभारी जाहिद अली के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने निचलौल तहसील पर प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन दिया और मांग किया कि निचलौल क्षेत्र के किसी भी साधन सहकारी समिति के गोदाम पर खाद नहीं है इस वक्त खेती का काम तेजी से चल रहा है उसके बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल रहा प्राइवेट गोदाम पर खाद भरपूर है लेकिन सरकारी गोदाम पर खाद नहीं है एक तरफ सरकार अखबार और टीवी चैनल पर बयान दे रही है की भरपूर मात्रा में सभी गोदाम पर खाद उपलब्ध है वही गोदाम पर जाने पर खाद मिल नहीं रहा सरकार के सभी वादे झूठे और खोखले हैं किसान खाद लेने के लिए गोदाम पर जाकर सुबह से लाइन लगाने के बाद भी उसे खाद नहीं मिल रहा है। सरकार अपना वादा पूरा करें और निचलौल क्षेत्र के सभी साधन सहकारी समिति के गोदाम पर खाद तत्काल उपलब्ध करायें अन्यथा पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान खुर्सेद मलिक, राजू भारती,दशरथ, मोइनुद्दीन अली मोहम्मद, काशी मोहम्मदीन,महेंद्र शर्मा, कोदई,गीता देवी, रेखा देवी, सलहंती देवी,सोमारी देवी, प्रमोद मिश्रा, राजेंद्र, अली शेर, उस्मान अली, भग्गन ,तैयब, समतुल्लाह, सुदामा, परदेसी, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम ने की जिला पोषण समिति की बैठक



**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में जिला पोषण समिति की बैठक की गई। पोषण समिति की बैठक करते हुए डीएम ने वीएचएसएनडी को नियमित तौर पर आयोजित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों के लिए आयोजित बेस लाइन सर्वे के आधार पर उनके लिए पोषक भोजन की जानकारी ली और निर्देशित किया कि इस योजना को क्रमिक रूप से अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में भी लागू किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रति माह बच्चों के पोषण की रिपोर्ट तैयार करने का और उसके अनुरूप आवश्यक कार्यवाही का भी निर्देश दिया। साथ ही निर्माण परियोजनाओं के संदर्भ में सभी सीडीपीओ को जिला कार्यक्रम अधिकारी के समक्ष अपनी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सैम/मैम बच्चों की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आरबीएसके द्वारा एनआरसी को रेफर केस का अलग अलग विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिक्षा और पोषण में नवाचार करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में गुणात्मक सुधार का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्रत्येक सीडीपीओ को प्रति माह न्यूनतम 30 केंद्रों के निरीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची उपलब्ध कराने हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सैम/मैम बच्चों के डाटा के त्रुटिपूर्ण होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए, सही और व्यवस्थित डाटा को 15 दिन भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल लार्निंग सेंटर के रूप में विकसित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीसी मनरेगा करुनाकर अदीब, डीसी एनआरएलएम बी.बी. सिंह, डीपीओ दुर्गेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन टीम रोकेगी करप्शन



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन टीम से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यों की मासिक बैठक पडरौना क्षेत्र के परसौनी कला चौराहे स्थित जिला अध्यक्ष महेंद्र दुबे के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में टीम से जुड़े लोगों को टीम की मजबूती रखने और सदस्यों के साथ पदाधिकारी की सक्रियता पर जोर दिया गया। टीम से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी ने टीम के नए सदस्यों और पदाधिकारी को टीम में रहते हुए बेहतर ढंग से कार्य करने और सक्रियता निभाने की आवाहन किया गया। कहां की जनपद में बढ़ रही करप्शन पर विराम लगाने के साथ टीम से जुड़े लोगों को गाइडलाइन के साथ अपनी सक्रियता निभाने की जरूरत है। बैठक में एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन टीम के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र तिवारी को जिला अध्यक्ष महेंद्र दुबे अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। बैठक का संचालन जिला महासचिव शंभू मिश्रा ने की। इस दौरान प्रवक्ता ढूंढी राज मिश्रा, सलाहकार अधिवक्ता नंदकुमार तिवारी,ओम प्रकाश पाठक, नसीम अकरम,अनिल पांडेय, राघवेंद्र मिश्रा,अखिलेश मिश्रा, प्रेमचंद मद्धेशिया,आदित्य दुबे, मनोज कुमार मद्धेशिया आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने किया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उदघाटन



**जन एक्सप्रेस । घुघली महराजगंज**

क्षेत्र के पुरैना मे आरसेटी भवन का उद्धाटन क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के द्वारा किया गया। स्टेट बैंक महाप्रबंधक कौशलेन्द्र कुमार ने सांसद पंकज चौधरी का स्वागत किया।महाप्रबंधक ने कहा कि देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए ग्रामीण युवाओं में कौशल विकास करके स्वरोजगार की तरफ जोड़ना ही इस समस्या का हल है, इससे न केवल ग्रामीण बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है, अपितु लोगो के आर्थिक उन्नयन के साथ साथ शहरों की तरफ पलायन को रोका जा सकता है। वही पंकज चौधरी ने कहा कि भारत देश नौजवानो का देश है लेकिन सबको रोजगार देना सम्भव नहीं है मुद्रा लोन के माधयम से लोन दिलाकर आत्म निर्भर बनाया जा सकता है दुनिया आगे जा रहा है हाई टेक हो रही है प्रधान मंत्री का लक्ष्य है कि लखपति दीदी बनाना है।

# रात दस बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे : कोतवाल

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

कोतवाली परिसर में रविवार की शाम होटल संचालकों के साथ बैठक में सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। हर समय सीसीटीवी को



एक्टिव मोड में रखने और रात्रि 10 बजे के बाद शादी-विवाह के दौरान डीजे नहीं बजाने की हिदायत दी गई। इसको लेकर शादी-विवाह वाले घरों के आयोजकों को भी जागरूक करें।

इंस्पेक्टर रवि कुमार राय ने वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित तरीके से कराने को कहा। बताया कि ठंड के मौसम में कोहरा होने से चोरी की घटनाओं को संदिग्ध अंजाम देते हैं। इन घटनाओं पर रोकथाम लगाने के लिए पुलिस हर समय तैयार है। होटल संचालक कैमरे को हमेशा ऑन रखें ताकि किसी घटना की जांच करने में आसानी हो सके और संदिग्ध की भी पहचान समय रहते हो जाए। डीजे के तेज आवाज से कमजोर दिल वाले लोगों पर असर पड़ता है। ध्वनि सीमित रखें ताकि आसपास रहने वाले लोगों को किसी तरह परेशानी न हो। इस दौरान प्रमुख रुप से प्रमोद गुप्ता, राहुल शर्मा, सतीश कुमार पांडेय, अखलाक खान, किंशुक रजा, परशुराम आदि रहे।

# महिलाओं से ठगी करने वाली लेडी डॉक्टर गिरफ्तार

- गोरखपुर में लोन के नाम पर ठगे थे 1.5 करोड़ रुपए , दर्जनों महिलाएं हुई थी शिकार

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में 1.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाली बंगाली डॉक्टर रूपा विश्वास को पुलिस ने गिरक्तार कर लिया। देवराड़तुला गांव में 15 से अधिक महिलाओं को माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से समूह लोन दिलाने का झांसा दिया था। एसएसपी के निर्देश पर हरपुर-बुदहट थाने में रूपा और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### कैसे हुआ फर्जीवाड़ा?




पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कृष्णगंज थाना क्षेत्र के दिगंबरपुर की रहने वाली रूपा विश्वास अपने पति दिनेश चंद और बेटी के साथ देवराड़तुला गांव में कई वर्षों से किराए के मकान में रह रही थीं। रूपा ने गांव की महिलाओं को भरोसे में लेकर माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से समूह लोन दिलवाया। लोन की रकम मिलने के बाद, रूपा ने धोखाधड़ी से पैसे निकाल लिए। जब महिलाओं को इस फर्जीवाड़े का पता चला और उन्होंने रूपा से जवाब मांगा, तो उसने बहाना बनाया कि उसकी बेटी का डॉक्टरी में दाखिला होना है और जल्द ही वह पैसे वापस कर देगी। इसके बाद वह परिवार सहित घर में ताला लगाकर फरार हो गई।

### पीड़ित महिलाओं ने किया प्रदर्शन

बैंक कर्मियों द्वारा बकाया राशि मांगने पर परेशान महिलाओं ने एसएसपी से शिकायत की और प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए रूपा को गिरफ्तार कर लिया। इस धोखाधड़ी के कारण महिलाओं पर कर्ज चुकाने का भारी दबाव है।

### पुलिस जांच में जुटी

हरपुर-बुदहट पुलिस ने रूपा और उनके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है, ताकि महिलाओं के पैसे वापस कराए जा सकें।

# दवा के बहाने अपहरण कर संपत्ति का फर्जी बैनामा कराने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । मोतीराम अड्डा गोरखपुर**

चौरीचौरा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां दवा कराने के बहाने एक बुजुर्ग व्यक्ति को धोखा देकर उनका अपहरण किया गया और उनकी संपत्ति का फर्जी बैनामा करवा लिया गया। कमलेश पुत्र सरजू उर्फ सिरजू निवासी दुधई, ने आरोप लगाया है कि उनके पिता सरजू उर्फ सिरजू को दवा कराने के बहाने कुछ लोगों ने उन्हें अपहृत कर लिया। जन सुनवाई के शिकायत में कहा कि उनके पिता का इलाज शहर के एक अच्छे डॉक्टर से कराने का वादा किया गया था, लेकिन जब उनके पिता घर नहीं लौटे तो उन्होंने परिजनों से पूछताछ की। इसके बाद पता चला कि आरोपियों ने उनके पिता को धोखा देकर गोरखपुर के अस्पताल में भर्ती करवा दिया था।इस बीच, आरोपियों ने उनके पिता की संपत्ति का फर्जी बैनामा भी करवा लिया। प्रार्थी के अनुसार, आरोपियों ने मिलकर उनकी जमीन के रकबे में 0.167 हेक्टेयर का फर्जी बैनामा कमलेश पुत्र राम अधार के नाम करा लिया। यह बैनामा 11 सितंबर 2024 को किया गया, जिसमें दो अन्य लोगों ने गवाही दी।प्रार्थी का कहना है कि उक्त जमीन पर उनका मकान स्थित है और इसकी कीमत लगभग 50,000 रुपये प्रति एयर बाजारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने साजिश करके न केवल उनके पिता को अपहृत किया, बल्कि उनकी संपत्ति भी हड़प ली।

### बुजुर्ग ने स्वेच्छा से किया है भूमि बैनामा - सीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मामले की जांच हुई थी। बुजुर्ग दिव्यांग की उनके बच्चे मदद नहीं कर रहे थे तो स्वेच्छा से बुजुर्ग ने भूमि बैनामा किया। उनका अपहरण नही हुआ था। वह बाहर घूमने चले गए थे। एक माह बाद आए तो उनके पुत्रों को भूमि बैनामा की जानकारी हुई। इसके बाद आपत्ति किया है। बैनामेदार को बुलाकर भूमि छोड़ने व दिए गए पैसे की वापसी का निर्देश दिया गया है। बैनामेदार ने एक माह का समय मांगा है।

# 14 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन- जनपद न्यायाधीश

**जन एक्सप्रेस । संत कबीर नगर**

जिला जज अनिल कुमार वर्मा-प्रथम ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14-12-2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दिवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वाद/पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत समनीय वाद, स्थाई लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका-नगर निगम संबंधी मामले एवं स्थानीय विधियों के अंतर्गत सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है वो प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है जिसका आदेश सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होगा। इसके अतिरिक्त अभिवाक सौदेबाजी से सम्बंधित फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है।

### जिला जज ने जनपदवासियों से की अपील

जिला जज ने जनपद के समस्त सम्मानित जनमानस से अपील है की 14 दिसम्बर 2024 को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराते हुए सफल बनावें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय संत कबीर नगर में संपर्क कर सकते हैं।

## घर में घुसकर युवक की पीटकर हत्या, पांच पर दर्ज हुआ केस

**मथौली(कुशीनगर)।** जमीन विवाद में शनिवार देर रात पड़ोसियों ने घर में घुसकर युवक को पीटकर मार डाला। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों पर केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। घटना के बाद पहुंची पुलिस एहतियात के तौर पर पूरी रात जमी रही। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी इश्तेयाक (28) शनिवार की रात भोजन करने के लिए अपने बरामदे में बैठे थे।

## देवरिया में आयोजित होगा रोजगार मेला, निजी कंपनी द्वारा किया जाएगा चयन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय और मॉडल कॅरियर सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में 20 नवम्बर, 2024 को एक दिवसीय रोजगार मेला नगर के डॉक्टर. आशीष पैरामेडिकल कॉलेज, सीसी रोड, देवरिया में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी Quess Corps द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से छात्रों और रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन किया जाएगा। शैक्षिक योग्यता ए.एन.एम. या जी.एन.एम. या बी.एससी. नर्सिंग उत्तीर्ण एवं आयु सीमा कम से कम 18 वर्ष निर्धारित है। रोजगार मेले में भाग लेने या चयन के बाद कोई भी धनराशि नहीं दी जाएगी। यदि कोई धनराशि की मांग करता है, तो इसकी शिकायत जिला सेवायोजन कार्यालय में की जा सकती है। चयन प्रक्रिया में कोई भी भत्ता/मार्ग-व्यय नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकतें है।

# पुलिस ने 22 गोवंश के साथ 3 गौ-तस्करों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**



जनपद के थाना बरियारपुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के करौंदी के पास से एक ट्रक से 22 राशि गोवंशीय पशुओं को बरामद करते हुए 3 अभियुक्तों विनोद गुप्ता पुत्र रामसुमरन साकिन नसरदपुर , इरफान पुत्र जुम्मन साकिन काशीपुरवा थाना मोहनलालगंज जनपद अमेठी व खबरुद्दीन पुत्र मोहर्रम अली साकिन धुवहिया थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया । पुलिस टीम द्वारा बरामद वाहन व पशुओं को कब्जे में लेते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर 273/2024 धारा 3/5ए/8 गोवंश निवारण अधिनियम, 11 पशु क्रुरता का निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई। गौवंश बरामदगी व तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अबसार अहमद , हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल दीपक दूबे, संजीव कुमार, राजकुमार यादव व नरेन्द्र कुमार थाना बरियारपुर रहे।

# डीएम ने किया चकबंदी कार्यालय का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सोमवार को चकबंदी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चकबंदी वादों से जुड़े विभिन्न अभिलेखों की गहन पड़ताल की और लंबित वादों पर निर्देश के बावजूद लंबी तारीख देने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लंबित चकबंदी वादों में किसी भी दशा में एक माह से अधिक की तारीख न लगाई जाए तथा लोगों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जाए। डीएम ने सोमवार को प्रातः लगभग साढ़े ग्यारह बजे चकबंदी कार्यालय पहुंची। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति, दस्तावेजों के रखरखाव, वादों के निस्तारण की प्रगति और साफ-सफाई का गहन अवलोकन किया। उन्होंने चकबंदी से जुड़ी प्रक्रियाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। कर्मचारियों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और कार्य में लापरवाही न बरतने की सख्त चेतावनी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मामलों की सुनवाई में तिथियां तेजी से निर्धारित की जाएं, ताकि कार्य गति पकड़ सके।



### जिलाधिकारी ने किया अभिलेखों गहन पड़ताल

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों की गहन जांच-पड़ताल की और अभिलेखीय कार्यों को व्यवस्थित और सटीक तरीके से संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पारदर्शिता और कुशलता बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। जिलाधिकारी ने चेताया कि एक माह बाद अभिलेखागार की जांच करेंगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यलय की कार्यक्षमता बढ़ाने का दीं निर्देश

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य विधि-सम्मत और नियमानुसार किए जाएं, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को न्याय और राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने की सलाह दी और कार्यालय की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार, डीजीसी नवनीत मालवीय सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तीन सोसायटी का एक सचिव पर चार्ज किसानों ने उठाए सवाल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ब्लॉक क्षेत्र की सहकारी समिति सोसायटी गोदाम पर डीएपी खाद वितरण नहीं होने और लगातार किसानों के चक्कर काटने पढ़ रहे हैं। आक्रोशित ने शनिवार को हंगामा खड़ा कर दिया था। किसानों का कहना है कि ब्लॉक की तीन सहकारी समिति पिनाहट, चचिहा, पडुआपुरा का एक ही सचिव पर चार्ज है। जिसके कारण सचिव की मनमानी देखने को मिल रही है। तीनों सोसाइटियों पर अलग सचिवों की तैनाती क्यों नहीं की गई है। किसानों ने सवाल खड़े करते हुए प्रशासन के उच्च अधिकारियों से सभी समिति सोसाइटियों पर सचिव तैनात किए जाने की मांग उठाई है।

### अभियुक्त को थाना पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** वादी द्वारा थाना हरीपर्वत पर सूचना दी गई कि वादी की माताजी का मोबाइल विजय नगर गुरुद्वारा के कमरे के बाहर चार्जिंग पे लगा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल चोरी कर लिया। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 16.11.2024 को थाना हरीपर्वत पर मु0अ0सं0 452/2024 धारा 305 (ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया
दिनांक 16.11.2024 को थाना हरीपर्वत द्वारा गश्त/चैंकिग की जा रही थी, इस दौरान मुखबिर की प्राप्त सूचना के आधार पर विजय नगर गुरुद्वारा में से मोबाइल चोरी करने वाले अभियुक्त संजय सिंह को पालीवाल पार्क से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 मोबाइल बरामद हुये। बरामदगी के आधार उपरोक्त पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढौत्तरी की गयी पछताछ का विवरण पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त संजय से बरामद मोबाइल फोन के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया, कि वह नशे का आदी है और नशे की लत होने के कारण तथा बेरोजगार होने की वजह से उसे पैसों की रोज जरूरत होती थी इसलिए वह मन्दिर व गुरुद्वारा जैसी जगहों से मोबाइल चोरी कर भाग जाता था। दिनाँक 16/11/2024 को भी उसने विजय नगर गुरुद्वारा से

### एक मोबाइल चोरी किया था करीब 15 दिन पहले

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 452/2024 धारा 305 (ए)/317 (2) बीएनएस थाना हरीपर्वत, कमिश्नरेट आगरा बरामदगी का विवरण 2मोबाइल फोन पुलिस टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार थाना हरीपर्वत, कमिश्नरेट आगरा उ0नि0 सचिन उपाध्याय थाना हरीपर्वत, कमिश्नरेट आगरा ।का0 देवेन्द्र कसाना थाना हरीपर्वत, कमिश्नरेट आगरा। 04. का0 नितिन थाना हरीपर्वत, कमिश्नरेट आगरा चिकित्सा शिविर में 256 मरीज का हुआ पंजीकरण , 69 मरीज का निशुल्क होगा ऑपरेशन
फतेहपुर सीकरी । रविवार 17 नवंबर को सर्वहितम समिति फतेहपुर सीकरी आगरा व कल्याणं करोति मथुरा द्वारा संचालित श्री जी बाबा न?त्र चिक्तिसा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड. कोलकता के तत्वाधान में न?त्र चिक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन बी आर स्कूल म? किया गया, जिसमें 256 मरीजो ने पंजिकरण करा कर वरिष्ठ चिक्तिको द्वारा नेत्रो का सफल परिक्षण कराया , परिक्षण के द्वारा मिले 69 मोतियाबिन्द के मरीजो को निशुल्क आपरेशन ह?तु श्री जी बाबा नेत्र चिक्तिसालय मथुरा भेज दिया गया व शिविर में 38 चश्मे वितरित किए गए, शिविर में उपस्थित डॉ नरेश कुमार सचिन शर्मा, योगेन्द्र आर्य, शनि सारस्वत आदि मौजूद रहे व समिति से अजय कुमार, पंकज गर्ग, प्रदीप गर्ग, संजय रुपवासिया, डॉ यू सी मिश्रा, श्रेय गोयल, मुकेश मित्तल आदि उपस्थित रहे ।

### भैंस खोल कर ले जाने का विरोध करने पर महिला के सिर में मारी लाठी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भैंस खोलकर ले जाने का विरोध करने पर महिला के सिर में लाठी मारने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद पर भर्ती कराया गया है । ग्राम वेहड का नगला निवासी नीरज देवी ने बताया कि गांव के एक युवक के रुपए पड़ोस के दूसरे युवक पर बकाया थे। लेकिन आरोपी नीरज देवी घर के बाहर बंधी भैंस को खोल कर ले जाने लगा।

# पूजन के साथ मिझौडा चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के मिझौडा स्थिति चीनी मिल में अखण्ड रामायण पाठ के समप्ती के साथ उप गन्ना आयुक्त अयोध्या, उप जिलाधिकारी अकबरपुर एंव इकाई प्रमुख अकबरपुर द्वारा कांटा एवं डोंगा की विधिवत् पूजा-पाठ कर चीनी मिल में गन्ना पेराई कार्य का शुभारम्भ किया गया जिसके दौरान जिला गन्ना अधिकारी-, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक-मिझौडा, सचिव गन्ना समिति अकबरपुर, चैयरमैन गन्ना समिति अकबरपुर, श आर0एस0 प्रसाद-महाप्रबन्धक (वाणिज्य), अरूण कुमार सिंह-महाप्रबन्धक (यांत्रिक), रविन्द्र सिंह-महाप्रबन्धक (गन्ना), सुनील तिवारी-सहा0 महाप्रबन्धक (उत्पादन), जीतेन्द्र कुमार सिंह-उप महाप्रबन्धक (कार्मिक एंव प्रशा0), अरविन्द सिंह-सहा0 महाप्रबन्धक (गन्ना), शसंजय कुमार सिंह-गन्ना प्रबन्धक सहित चीनी मिल के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एंव किसान



उपस्थित रहे।
उप गन्ना आयुक्त द्वारा प्रेस वार्ता करते हुये कहा गया कि चीनी मिल अकबरपुर द्वारा गत पेराई सत्र में समय से गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है जिससे क्षेत्र के कृषक आर्थिक रूप से समृद्ध हुये है। उन्होंने कृषकों से अपील करते हुये कहा कि कृषक अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई कर गन्ना उत्पादन बढ़ायें तथा अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति कर गन्ना फसल का उचित दाम पायें। इसके अतिरिक्त सडक सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें।
चीनी मिल के इकाई प्रमुख रमेश कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि चीनी मिल अकबरपुर जिले के विकास के लिये अपने क्षेत्र के समस्त गन्ना खरीद एंव त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान हेतु कटिबद्ध है। गत वर्ष चीनी मिल द्वारा 92.14 ला0कु0 गन्ने की पेराई की गयी थी। इस वर्ष 95 लाख कु0 गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष चीनी मिल समय से चलाई जा रही है ताकि कृषकों का पेड़ी गन्ना समय से चीनी मिल में आपूर्ति हो सके। उन्होंने कृषकों से अपील करते हुये बताया कि इस वर्ष 15 दिसम्बर तक सभी कृषकों को प्रथम पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी इसलिये किसान भाई अपना कीमती गन्ना औने-पौने दाम में कोल्हूओं पर ना बेचें। चीनी मिल द्वारा इस वर्ष भी त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान, सप्ताह में दो बार गन्ने का भुगतान गतान किया जायेगा इसलिये गन्ना में अपना समस्त गन्ना आपूर्ति कर उचित दाम पायें एंव अपना बेसिक कोटा बढ़ायें। महाप्रबन्धक (गन्ना) रविन्द्र सिंह से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि दिनांक 16.नवम्बर से वाह्य क्रय केन्द्रों पर एवं दिनांक 17.नवम्बर से चीनी मिलगेट पर गन्ना खरीद कार्य शुरू कर दिया गया है। किसान भाई बिना पर्ची प्राप्त हुये गन्ना कदापि न काटे, क्योकि गन्ना कटने के बाद उसके वजन में निरन्नतर कमी आती है तथा पर्ची के अभाव में कृषक भाईयों को मजबूर होकर उसे गन्ना माफियाओं के हाथ कम मूल्य पर बेचना पड़ता है, जिस कारण कृषक भाईयों को काफी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। किसान भाई गन्ना आपूर्ति हेतु एस0एम0एस0 मिलने पर ही गन्ना कटाई करें, गन्ना बंधन हेतु सूखी पत्तियां अथवा धान के पुआल का प्रयो प्रयोग करें तथा गन्ने की कटाई व छिलाई करते समय गन्ने को बीच से न काटें व वजन में कमी से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचे। कृषक भाई चीनी मिल को जड़-पत्ती-अगौला रहित, साफ-सुथरा एंव ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें।

## घर के आगे बनाये गये अवैध चबूतरे को ध्वस्त कराया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम का अभियान बदस्तूर जारी है। नगर निगम प्रवर्तन दल ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए बल्केश्वर स्थित गिरधर कालोनी में नाली पर बनाये गये रैंप और स्थाई चबूतरे को ध्वस्त करा दिया। विनोद कुमार नाम के व्यक्ति ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी कि उनके पड़ोसी ने घर के आगे पक्का चबूतरा बनाकर मार्ग पर अतिक्रमण कर लिया है। जिससे आने जाने में परेशानी हो रही हे। इस पर कर अधीक्षक गजेंद्र सिंह के नतृत्व में प्रवर्तन दल ने मौके पर जाकर बुल्डोजर की सहायता से अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। वहीं दूसरी ओर न्यू सिद्धार्थ नगर अपार्टमेंट वेलफेयर सोसायटी के आसपास वाहनों और ठेल धकेलों के खड़े होने से यहां पर फुटपाथ गायब सा हो गया था। आने जाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत भी स्थानीय लोगों द्वारा की गई थी। दोपहर को कार्रवाई कर यहां से ठेलधकेल और वाहनों को फुटपाथ से हटवा दिया



गया। देहली गेट स्थित बाबू गुलाब राय की प्रतिमा के आसपास भी प्रवर्तन दल ने कार्रवाई कर अतिक्रमण हटवाया।

### सड़क पर डाला सीएंडडी वेस्ट, चेतावनी

विजय नगर कालोनी में एक भवन स्वामी मुख्य मार्ग पर सीएंडडी वेस्ट फैला रखा था इसकी जानकारी पर नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम ने मौके पर पहुंच कर जब चालान की कार्रवाई प्रारंभ की तो भवन स्वामी ने मलवा हटाये जाने के लिए 24 घंटे की मोहलत मांगी। इस उसे तय समय में रोड से मलवा हटाये जाने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

# लूट व हत्या मामले में पुलिस ने किया खुलासा, एनकाउंटर के बाद दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर थाना महराजगंज तराई क्षेत्र अंतर्गत विगत एक सप्ताह पूर्व हुए लूट तथा हत्या के मामले में पुलिस ने एनकाउंटर के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है । एक बदमाश को पुलिस एनकाउंटर में गिरफ्तार किया गया तथा दूसरे बदमाश को भागते समय गिरफ्तार किया गया ।
जानकारी के अनुसार 18 नवंबर को बलरामपुर पुलिस द्वारा लूट के दौरान हत्या की सनसनी खेज घटना का खुलासा करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान शातिर अभियुक्त सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि 13 नवंबर 2024 को पीड़ित अखिलेश बहादुर सिंह पुत्र दशरथ सिंह निवासी निबोरिया सुदर्शनजोत थाना महाराजगंज तराई जनपद बलरामपुर द्वारा थाना महाराजगंज तराई पर एक तहरीर दी गई, जिसमें बताया गया कि 12-13 नवंबर 2024 की रात्रि करीब 12.30 से 1.00 बजे के बीच कुछ अज्ञात



चोरों के द्वारा सीढ़ी लगाकर घर में घुसकर अल्मारी तोड़कर जेवरात, रुपया एवं रिवाल्वर चुरा कर ले गए । साथ ही मेरी माता उम्र करीब 70 वर्ष का गला दबा कर हत्या कर दी । पीड़ित के लिखित तहरीर के आधार पर थाना महाराजगंज तराई पुलिस ने सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया था । पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण किया गया व इस सनसनी खेज घटना के सफल अवानरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (उ0) योगेश कुमार के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में 05 टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गए थे । आदेश के क्रम में 17 नवंबर 2024 को मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में चोरी व हत्या की घटना थाना महराजगंज तराई में कारित करने वाले वांछित अभियुक्त नेपाल भागने की फिराक में है, जिसपर थाना महाराजगंज तराई पुलिस व एस.ओ.जी. टीम द्वारा घेराबंदी कर रोके जाने पर कार में बैठे अपराधी ने गाड़ी को कच्चे रास्ते पर घुमाकर पुलिस टीम पर फायरिंग की । जिसमें कां0 सुशील सिंह घायल हो गए तथा पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगी और उसे कवईनाला थाना को0 जरवा के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना नाम बच्छराज चौहान पुत्र रामखेलावन चौहान नि0 कोलगढ़ तम्बौर जनपद सीतापुर बताया गया जो कि थाना महराजगंज तराई पर पंजीकृत में वांछित था । घटना में सम्मिलित बदमाशों के साथी राजकुमार पुत्र छोटेलाल निवासी औरी साईंपुर थाना तम्बौर जनपद सीतापुर जो कि सिद्धार्थनगर कारागार से दिनांक 23 सितंबर 2024 को रिहा हुआ था को आसाम चौराहा जनपद बहराइच से गिरफ्तार किया गया । मुठभेड़ में घायल अभियुक्त व आरक्षी को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है । पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तार कर्ता टीम को 25,000 रुपए के नगद इनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है ।

### गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम गंभीर धाराओं में 23 मुकदमे

गिरफ्तार अभियुक्त बच्छराज चौहान तथा राजकुमार के विरुद्ध जनपद लखीमपुर खीरी, बहराईच व सीतापुर समेत आस पास के जनपद में विभिन्न प्रकरण से संबंधित यूपी गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, चोरी व एनडीपीएस एक्ट में 23 मुकदमें पंजीकृत है। गिरफ्तारी कर्ता टीम में अखिलेश कुमार पाण्डेय थानाध्यक्ष महराजगंज तराई, उ0नि0 दिग्विजय यादव, का0 धनेश यादव, का0 प्रमोद कुमार, का0 धर्मेन्द्र यादव, एसओजी व सार्विलांस टीम के नि0 सत्येन्द्र बहादुर सिंह प्रभारी एसओजी, उ0नि0 सैय्यद खादिम सज्जाद, उ0नि0 कर्मवीर सिंह, हे0कां0 देवेन्द्र सिंह, हे0कां0 पवन कुमार, हे0कां0 श्याम नारायण, कां0 श्याम जी, कां0 सुशील सिंह, कां0 अखिलेश, कांस्टेबल अंकित कुमार तथा शिव सागर शामिल थे।

## ‘विश्व हिंदी भूषण’ मानद उपाधि से सम्मानित हुए विष्णु कान्त शर्मा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

शिव की पवित्र भूमि नेपाल के लुंबिनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता संपन्न हुई है। प्रतियोगिता में आगरा के विष्णु कान्त शर्मा को *÷विश्व हिंदी भूषण÷* मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। शनिवार को उन्हें *÷नेपाल भारत मैत्री अंतर्राष्ट्रीय सम्मान÷* दिया गया था। विष्णु कान्त शर्मा वर्तमान में श्री ज्ञाप्रसाद उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ा पुरा में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले भी उन्हें विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है जिनमें भारतीय शैक्षणिक संगठन द्वारा शिक्षक सम्मान, अरविंद सोसायटी द्वारा टीचर इनोवेशन अवार्ड, ग्लोवल यूनिवर्सिटी सहारनपुर द्वारा शिक्षा रत्न सम्मान, अथर्व इंडिया अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान द्वारा राम किशन महतो शिक्षक सम्मान आदि शामिल हैं।
आपको बता दें नेपाल कि प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा नेपाल भारत मैत्री विकास, नेपाल भारत बीच साहित्यिक पर्यटन विकास, देवनागरी लिपि के सरंक्षण, हिंदी भाषा, साहित्य कला संस्कृति के प्रचार प्रसार तथा देश विदेश की अग्रज तथा नवोदित साहित्यिक प्रतिभाओं की प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस कविता प्रतियोगिता में नेपाल, भारत, अमेरिका तथा तंजानिया से महिला पुरुष 317 रचनाकारों की सहभागिता रही थी। उत्कृष्ट कविता चयन के आधार पर 60 रचनाकारों को सम्मान के लिए चयनित कर विश्व हिंदी भूषण मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। विष्णु कान्त शर्मा को विश्व हिंदी भूषण मानद उपाधि मिलने पर स्वामी शांता नंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसरन सिंह चौहान, आरके तिवारी, जयवीर सिंह परिहार, सुरेश सिंह परिहार, रामबृज तिवारी, अशोक कन्हौआ, गिर्राज शर्मा, सुमित परिहार एवं समस्त स्टाप ने शुभकामनाएं दीं।

## तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का एसएसबी मुख्यालय पर शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी द्वारा सोमवार को तीन दिवसीय अंतर वाहिनी एवं अंतर क्षेत्रक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।
जानकारी के अनुसार 18 नवंबर को नौवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के वाहिनी परिसर में उच्च मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में तीन दिवसीय अंतर वाहिनी एवं अंतर क्षेत्रक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋषिपाल सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी) द्वारा किया गया । उद्घाटन अवसर पर वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे ।
कार्यक्रम में सीमांत मुख्यालय लखनऊ के अंतर्गत क्षेत्रक लखीमपुर एवं क्षेत्रक गोरखपुर के सभी वाहिनियों के चुनिंदा पुरूष एवं महिला कार्मिकों ने भाग लिया। सर्वप्रथम अंतर वाहिनी 100 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता करवाया गया तथा उनमें से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में आए प्रतिभागियों को चुना



गया । इसी प्रकार महिलाओं का भी चयन किया गया। तत्पश्चात अंतर वाहिनियों से चुने गए प्रतिभागियों के बीच अंतर क्षेत्रक 100 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता कराया गया । इसी प्रकार महिला प्रतिभागियों का भी प्रतियोगिता कराया गया और उनमें से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को चुना गया । दूसरे चरण में 1600 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता कराया गया । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए हुए कार्मिकों को अगले प्रतियोगिता के लिए चुना गया । 100 मीटर दौड़ में अगले प्रतियोगिता केलिए चुने गए प्रतिभागियों में उप निरीक्षक सामान्य शेरतो संजाथोई, अक्षय, रमेश के., पूजा, सुमन कंबोज, मधुमिता, पिंकी, चंद्रप्रभा, मनीष, शिविन देव व गणेश यादव शामिल थे । 1600 मीटर दौड़ में अगले प्रतियोगिता के लिए चुने गए प्रतिभागियों के नाम आरक्षी चालक देवलाल, आरक्षी सामान्य रमेश के, अंकित कुमार प्रदीप कुमार ,अजय कुमार परजित के.पी.महिला कर्मियों के नाम सुमन कंबोज, सविता देवी, मानसी देवी, अर्पिता गुप्ता मधुमिता, चंदा चंद्रप्रभा अमृता लक्ष्मी ये अगले चरण के प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे । प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में आए हुए प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## ट्रैक्टर के रोटावेटर से कटकर किसान की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम उदयराज पुरवा में सोमवार को ट्रैक्टर से खेत की जुताई कराते समय 60 वर्षीय किसान रोटावेटर में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार 18 नवंबर को लक्ष्मण सोनकर पुत्र महेश उम्र करीब 60 वर्ष निवासी उदयराज पुरवा थाना कोतवाली देहात ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करा रहा था । अचानक संतुलन बिगड़ने से लक्ष्मण अचानक रोटावेटर के आगे गिर गया । इससे पहले की ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर रोक पाता लक्ष्मण की रोटावेटर में फस का दर्दनाक मौत हो चुकी थी । रोटावेटर में फंसने से लक्ष्मण के शरीर के कई टुकड़े हो गए थे । घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया । पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# विद्यामंदिर क्लासेज ने की वीआईक्यू की घोषणा, 24 नवम्बर में होगा टेस्ट

**जन एक्सप्रेस । रोहतक**

विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) जेईई (मेन व एडवांस), नीट, ओलंपियाड और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए भारत के सबसे भरोसेमंद संस्थानों में है। वीएमसी ने आज अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक इवेंट यानी विद्यामंदिर इंटलेक्ट क्वेस्ट (वीआईक्यू) की घोषणा कर दी है। वीआईक्यू एक राष्ट्रीय स्तर का ऑनलाइन व ऑफलाइन टेस्ट है जो इस साल 24 नवम्बर को आयोजित कराया जाएगा। ये टेस्ट मुख्य रूप से कक्षा 5 से 11 तक के बच्चों के लिए होता है।
वीआईक्यू के जरिए बच्चों को सब्जेक्ट वाइज अपनी परफॉर्मेंस और अन्य सभी डिफिकल्टी लेवल पर एक्यूरेसी का अंदाजा लग जाता है। जो छात्र अच्छी परफॉर्मेंस करने का लक्ष्य रखते हैं उनके लिए ये नेशनल लेवल का टेस्ट काफी महत्वपूर्ण है।
विद्यामंदिर क्लासेज के सह-संस्थापक और आईआईटी दिल्ली के एलुमनाई संदीप मेहता ने कहा, इस साल के वीआईक्यू टेस्ट में भाग लेने वाले सभी छात्रों को स्ट्रीम/करियर सिलेक्टर टेस्ट (वीएमसी दिशा/वीएमसी विजन) देने का खास अवसर मिल रहा है, जिसका मूल्य जीरो फीस पर 2500 रुपये है। इसके अलावा, टॉप परफॉर्मर छात्रो को वीएमसी के प्रसिद्ध स्टडी सेंटर सिटाडेल ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में पढ़ाई का मौका मिलेगा। सीओई में इन छात्रों को एक्सपर्ट फैकल्टी से क्वालिटी एजुकेशन मिलेगी और स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाओं तक उनकी पहुंच होगी, ऐसा माहौल मिलेगा जो उनकी एकेडमिक जर्नी को बेहतर बनाएगा।
वीआईक्यू को इस बार जो चीज खास बनाती है वो है 8 की पावर। इसमें 2 शानदार ऑफर और जल्दी जॉइन करने पर 6 बेनिफिट्स हैं, जिससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलते हैं और उनके पास 2.5 करोड़ कैश जीतने का भी मौका रहता है। वीआईक्यू में बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले छात्रों के पास 100 फीसदी स्कॉलरशिप पाने का भी चांस रहता है, साथ ही उनकी इच्छा के मुताबिक वीएमसी के ऑफलाइन या ऑनलाइन प्रोग्राम में एडमिशन दिया जाता है।

# कैंप के समापन अवसर पर एनसीसी कैडेटों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में स्थापित 51 वीं यू पी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में सिरसिया श्रावस्ती के बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे आल इंडिया यू पी ट्रैक प्रथम के अंतिम दिन रविवार को राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ कैम्प का समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदानकर सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 17 नवंबर को एनसीसी ट्रैकिंग कैंप के समापन ऑफर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल ने समापन समारोह में कैडेटों को संबोधित करते हुए कैडेटों को राष्ट्रसेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा के लिए जरूरी



नहीं है कि हर व्यक्ति देश के लिए जान ही दे बल्कि आवश्यकता है कि आप जहां भी जिस भी कार्य या भूमिका में हो उस दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। ट्रैकिंग कैम्प के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति का भी मन पर गहरा शांत प्रभाव पड़ता है। दैनिक जीवन के निरंतर शोर और विकर्षणों से मुक्त शांत वातावरण छात्रों को आराम और तरोताजा होने का मौका देता है। चलने की लयबद्ध गति, उनके आस-पास की प्राकृतिक सुंदरता के साथ मिलकर एक ध्यानपूर्ण अनुभव प्रदान करती है जो मन को शांत करने में मदद करती है। कर्नल पटवाल व एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजवार ने निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी रमेश मिश्र व शिवम जोशी को स्वर्ण,शिवा मौर्या को रजत तथा आशीष कुमार सिंह को कांस्य पदक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त चित्रकला प्रतियोगिता में रंजन भुनिया व योगेश को स्वर्ण, अनूप सिंह व बलराम चौहान को रजत एवं गौरव व बंटी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।भाषण में मृदुल जोशी को स्वर्ण, अबू हरेरा ,सत्यम तिवारी व मोहित को रजत एवं संक्षम गुप्ता को कांस्य पदक मिला। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजयी प्रतिभागी भी सम्मानित किए गए । इस अवसर पर लेफ्टिनेंट डॉ सूर्य भान रावत,लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, लेफ्टिनेंट मदन लाल, सूबेदार मेजर रामनिवास, सूबेदार खड़का बहादुर, सूबेदार बी एच नायक,नायब सूबेदार बलवीर सिंह, नायब सूबेदार राकेश,नायब सूबेदार कुलदीप सिंह सहित कई एन सी सी अधिकारी व पी आई स्टाफ मौजूद रहे।

# जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता मे सी.आई.सी.बैठक का हुआ आयोजन





- सर्दी से बचाव हेतु चीनी मिल यार्ड में जगह जगह अलाव जलाये व ट्रैक्टर एवं ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाये जाये- खुशीराम भार्गव

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

**पीलीभीत।** सोमवार को जिला गानाअधिकारी खुशीराम भार्गव की अध्यक्षता मे केन इम्प्लीमेंटेशन कमेटी की बैठक का आयोजन गन्ना भवन पीलीभीत मे किया गया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी ने मिल गेट एवं वाहय क्रय केन्द्रो सहित सभी तौल लिपिकों का लॉटरी के माध्यम से सभी सदस्यो की उपस्थित मे ऑनलाइन स्थानांतरण किया गया। सभी सचिवों द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र 2024-25 मे 4496 किसानो को नये कोड आवंटित किये गए है। जिसमें से 4419 किसानो की कलेन्डरिंग भी कर दी गयी है। इन किसानो के कैलेंडर भी स्मार्ट गन्ना किसान पर लाइव कर दिये गए है। जिन किसानो द्वारा अपने ज़मीन से सम्बंधित राजस्व अभिलेख नहीं दिये गए है उनके कैलेंडर संचालित नहीं किये गए है। बैठक मे सभी चीनी मिल प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि वह सर्दी से बचाव हेतु चीनी मिल यार्ड मे जगह जगह अलाव जलाये। सभी ट्रैक्टर एवं ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगाये जाये। बैठक में बरखेड़ा चीनी मिल के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में अध्यक्ष गन्ना समिति बीसलपुर द्वारा पूछा गया तो बैठक मे उपस्थित शिव राज सिंह यादव वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा बताया गया कि उनकी चीनी मिल द्वारा पिछले पेराई सत्र का शेष भुगतान 15 दिसम्बर 2024 तक कर दिया जायेगा। इसके बाद वर्तमान पेराई सत्र का भुगतान किया जायेगा। सभी चीनी मिल गेट एवं वाह्य क्रय केन्द्रों पर तैनात 184 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लाटरी से ट्रांसफर किया गया। जनपद मे आज तक 17263 किसानो से 10.57 लाख कु गन्ना की खरीद की जा चुकी है। बैठक मे जिला गन्ना अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी तौल लिपिक तौल कार्य शुरू करने से पहले काटा जाँच करेंगे और काटा जाँच करने के बाद इसे रजिस्टर मे अंकित करेंगे। सभी क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के लिये टीमे गठित कर दी गयी है स सभी सचिव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, खांड़सारी निरीक्षक क्रय केन्द्रो का औचक निरिक्षण करेंगे। घटतौली की शिकायत मिलने पर तत्काल टीम पहुंचेगी तथा जाँच करेंगे। यदि कही घटतौली मिलती है तो सम्बंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

बैठक मे दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत द्वारा कहा गया कि क्रय केन्द्रो पर किसी भी किसान के साथ भेदभाव न किया जाये।

क्रम से सभी किसानो के गन्ने की तौल की जाये।

इसके लिए एक यार्ड रजिस्टर बनाया जाये। बैठक मे राजेश सिंह अध्यक्ष बीसलपुर गन्ना समिति, सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सभी सचिव, खांड़सारी निरीक्षक, चीनी मिल पूरनपुर, बरखेड़ा, पीलीभीत, फरीदपुर, बीसलपुर, मकसूदापुर, एवं गुलरिया मिलो के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# राशन वितरण न होने से नाराज़ उपभोक्ताओं ने एसडीएम का घेराव कर रोक ली गाड़ी

- हत्या के आरोप में जेल गए कोटेदार की पत्नी को कोटा आवंटित करने की मांग
- नायब तहसीलदार के लिखित आश्वासन पर माने उपभोक्ता

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



भाजपा विधायक के तहेरे भाई की हत्या में शामिल कोटेदार के जेल जाने के बाद राशन कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई। उपभोक्ताओं ने हत्या के आरोप में जेल गए कोटेदार की पत्नी के नाम कोटा आवंटित करने की मांग कर एसडीएम का घेराव किया।नायब तहसीलदार ने कोर्ट से दोष सिद्ध न होने तक कोटा निरस्त न करने का आश्वासन दिया।जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। घुंघचाई क्षेत्र के गांव उदरहा निवासी फूलचंद की हत्या में शामिल कोटेदार को जेल भेज दिया गया था।जिसके बाद राशन कोटे की दुकान निलंबित कर दी गई। कोटेदार के जेल जाने से गांव में राशन वितरण बंद हो गया। उपभोक्ताओं को जानकारी लगी की उदरहा की राशन कोटे की दुकान घुंघचाई से संबंध कर दी गई है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष फैल गया। सोमवार आक्रोशित दर्जनों उपभोक्ता ट्रैक्टर ट्राली से तहसील पंहुच गए।उपभोक्ताओं ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से वार्ता कर राशन कोटे की दुकान हत्या के आरोप मे जेल गए सर्वेश की पत्नी के नाम आवंटित कर राशन वितरण कराने की मांग की। एसडीएम ने नियमानुसार चयन प्रक्रिया की बात कही।

जिससे आक्रोशित उपभोक्ताओं ने एसडीएम की गाड़ी का घेराव कर हंगामा शुरू कर दिया। विरोध में जमकर नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देख सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने उपभोक्ताओं को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। उपभोक्ता जिद पर अडे रहे।

नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने कोर्ट से आरोप सिद्ध न होने तक कोटा निरस्त न करने का आश्वासन दिया।

> कोटेदार के जेल जाने के बाद राशन कोटे की दुकान निलंबित कर घुंघचाई से संबद्ध की गई है। कोर्ट से आरोप सिद्ध न होने तक कोटा निरस्त नहीं किया जाएगा।
> **अजीत प्रताप सिंह, एसडीएम पूरनपुर।**

# देर रात किशोरी को भगा ले गया युवक




**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

घर में सो रही नाबालिग किशोरी को गांव का युवक बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया।शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।पुलिस ने युवक सहित तीन आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने लिखाई गई प्राथमिकी में बताया कि 15 नवंबर की रात खाना खाने के बाद सभी सो रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी ओमकार किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी को ले जाने में जैतराम, रंजीत ने भी सहयोग किया। किशोरी घर में रखी चालीस हजार की नगदी, एक तोला सोने के जेवर साथ ले गई। आरोप है कि युवक से स्वजनों से किशोरी के बारे में जानकारी की तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# जिलाधिकारी ने मै0 किसान एग्रो ट्रेडर्स, मंडी गेट का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



कृषकों को उनकी जोत के आधार पर उर्वरकों का किया जाये वितरण

रबी फसलों की बुवाई को दृष्टिगत रखते हुये कृषको को सुगमता से उर्वरक की आपूर्ति कराया जाना एवं उर्वरक बिक्री केन्द्रों से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया का अवलोकन करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज मै0 किसान एग्रो टेऊ्डर्स, मंडी गेट पीलीभीत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बिक्री केन्द्र पर 14.95 मै0टन यूरिया, 0.05 मै0टन एन0पी0के0 तथा रबी फसलों की बुवाई हेतु गेहूँ, सरसो, मटर आदि बीज पाये गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कृषकों को समुचित उर्वरक वितरण कराया जाये एवं कृषको को बैठने एवं पीने के पानी की व्यवस्था की जाये। कृषकों को उनकी जोत के आधार पर उर्वरक का वितरण किया जाय। उर्वरक के साथ कम प्रचालित उत्पादों की जबरन टैगिंग न की जाय। उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की अनियमिता पाये जाने पर दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से उर्वरक बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण किया जाये। सभी उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार उर्वरक भी आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। रबी फसलों की बुवाई तीव्र गति से चल रही है रबी फसलों के लिये फास्फेटिक उर्वरकों ककी आवश्यकता होती है। वर्तमान समय जनपद में कुल 770 मै0टन डी0ए0पी, 1910 मै0टन एन0पी0के0, 5447 मै0टन एस0एस0पी0, 748 मै0टन एम0ओ0पी0 एवं 39013 मै0टन यूरिया उपलब्ध है। एक अक्टूबर 2024 से दिनांक 17.11.2024 तक जनपद में कुल 13029 मै0टन फास्फेटिक डी0ए0पी0 एवं एन0पी0 के0 की बिक्री हुई जो कि विगत तीन वर्षों से औसत फास्फेटिक उर्वरक बिक्री के अनुरूप है।

दिनांक 18.11.2024 को कुल 1095 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर यूरिया, 151 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर डीएपी 319 बिक्री केन्द्रों पर एन0पी0के0 उपलब्ध है। कृषको को उनकी जोत के आधार पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। 01 एकड़ क्षेत्रफल के फास्फेटिक उर्वरक का 01 बैग अनुमन्य किया गया।

जनपद में एक सप्ताह के अन्दर फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति इफको, कोरोमण्डल इन्टरनेशनल लि0, इण्डियन पोटास लि0 नेशनल फर्टिलाइजर लि0 के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है,

जिससे जनपद में माह दिसम्बर, 24 तक बिक्री हेतु पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वरक उपलब्ध सुनिश्चित हो जायेगी।

# बेसिक शिक्षा के स्कूलों में मान्यता के विपरीत चल रही कक्षाएं, कार्रवाई की तैयारी

- बीआरसी क्षेत्र में धड़ल्ले से निजी स्कूलों में हो रहा अवैध कक्षाओं का संचालन
- बीईओ ने अवैध कक्षाओं के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने की शुरू की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

> कुछ माह पहले अवैध कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों का सत्यापन कराया गया था। कई स्कूलों को नोटिस देकर अवैध कक्षाओं का संचालन बंद करा दिया था। अगर दोबारा से अवैध कक्षाएं लगने की जानकारी मिल रही है। संकुल प्रभारियों से सत्यापन कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> **विजय वीरेंद्र सिंह बीईओ, पूरनपुर**

बीआरसी क्षेत्र के अधिकांश बेसिक की मान्यता वाले निजी स्कूलों में इंटरमीडिएट तक की कक्षाओं का संचालन हो रहा है। जबकि विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर ऐसे स्कूलों को बंद कराने की कवायद भी की जाती है। बावजूद इसके अवैध कक्षाओं का संचालन बंद नहीं हो पा रहा है। हालांकि बीईओ ने अब फिर से अवैध कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों पर नकेल कसने की कवायद शुरू कर दी गई। स्कूलों का सत्यापन कराकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजी स्कूलों में अवैध कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। जबकि शासन से गैर मान्यता की श्रेणी वाले स्कूलों पर कार्रवाई और संचालन बंद कराने के सख्त निर्देश हैं। गैर मान्यता के स्कूलों का संचालन न होने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। स्कूलों में बेसिक से मान्यता तो कक्षा पांच या आठ तक की है लेकिन कक्षाएं इंटर तक की संचालित हो रही है। घुंघचाई क्षेत्र के डूडा कालोनी नंबर आठ, छह, सिमरिया ताल्लुक अजीतपुर बिल्हा, जितौरियां टांडा, बिलंदपुर अशोक, सिकरहना, कलीनगर क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष, जमुनिया, के अलावा माधोटांडा, सेहरामऊ उत्तरी, ट्रांस शारदा क्षेत्र में संचालित अधिकांश बेसिक के स्कूलों में इंटर तक की कक्षाएं लग रही हैं। आरोप है कि संकुल क्षेत्र के जिम्मेदार की उदासीनता के चलते स्कूलों में अवैध कक्षाओं के संचालन पर रोक नहीं लग पा रही है। मिलीभगत कर शिकायत को रफा-दफा कर दिया जाता है। कार्रवाई न होने से संचालकों से हौसले बुलंद हैं।

## देह व्यापार का खुलासा

**जन एक्सप्रेस । मेरठ।** सीसीएसयू के सामने एक सैलून में देह व्यापार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यहां मसाज पार्लर की आड़ में देह व्यापार चल रहा था। पुलिस ने संचालिका समेत 17 लोगों को पकड़ा है। मेरठ के चौधरी चरण सिंह विवि के सामने द सीजर फैमिली यूनिसेक्स सैलून मसाज पार्लर में रविवार को पुलिस ने देह व्यापार का खुलासा किया। पुलिस ने यहां से पार्लर संचलिका सरधना निवासी अहाना खान समेत नौ महिला और सात युवकों को हिरासत में लिया। अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर भी कब्जे में ले लिया है। इस पार्लर में मसाज कराकर ब्लैकमेलिंग का शिकार हुए बैंककर्मी की शिकायत पर पुलिस ने ये कार्रवाई की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मृत्यु हो गई। शव आम के बाग में फंदे से लटका मिला। जानकारी से सनसनी फ़ैल गई।मृतक के पुत्र ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। फील्ड यूनिट की टीम की मौजूदगी में शव को पेंड से उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

माधोटांडा निवासी अमरनाथ (60) सोमवार दोपहर घर से निकले थे। अपराह्न तीन बजे गोमती उद्गम स्थल पर जा रहे लोगों ने आम के बाघ में वृद्ध का शव लटका देखा। जानकारी पर आस पड़ोस के दर्जनों लोग एकत्र हो गए। शव की शिनाख्त होने पर जानकारी स्वजनों को दी गई।मौके पर पहुंचे स्वजनों में शव देख चीत्कार मच गया।मृतक के पुत्र विपुल ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाकर सूचना पुलिस को दी।संदिग्ध हालात में पेड़ से लटके शव के पैर जमीन में लगे हुए थे। उप निरीक्षक गौतम सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए।सूचना फील्ड यूनिट को दी गई।देर शाम घटनास्थल पर पंहुची फील्ड यूनिट की टीम की मौजूदगी में शव को पेंड से उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वृद्ध की मृत्यु से स्वजनों में चीत्कार मच गया। कस्बा इंचार्ज गौतम सिंह ने बताया कि वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# देर रात प्रेमी के घर जा धमकी नाबालिग प्रेमिका, खलबली

- प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी प्रेमिका,दोनों को थाना लेकर पहुंची पीआरबी
- दोनों पक्षों में वार्ता के चलते पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

प्रेम प्रसंग के बाद देर रात नाबालिक प्रेमिका प्रेमी के घर पंहुच गई।किशोरी के स्वजनों ने जानकारी पीआरबी को दी।पुलिस दोनों को थाना ले आई। दोनों पक्षों में समझौता होने के कारण पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का गांव निवासी नाबालिग किशोरी से प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों के बीच बात-चीत शुरू हो गई। रविवार देर रात नाबालिक प्रेमिका प्रेमी के घर जा धमकी। प्रेमिका के पहुंचने से खलबली मच गई।रात में किशोरी घर से गायब होने पर स्वजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान सोमवार सुबह किशोरी प्रेमी के घर मौजूद मिली।स्वजनों ने किशोरी से घर वापस चलने की बात कही। नाबालिग किशोरी प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड गई। स्वजन काफी देर तक मिन्नतें करते रहे लेकिन किशोरी घर वापस जाने को तैयार नहीं हुई। स्वजनों ने मामले की जानकारी पीआरबी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाना ले आई। सोमवार सुबह दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। इसके बाद किशोरी उसके स्वजनों के सुपुर्द कर दी गई। मामले में समझौता होने के कारण पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि दो पक्षों में बच्चों को लेकर कहासुनी हो गई थी। दोनों पक्षों में वार्ता होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सिलिंडर में आग लगने से झुलसी महिला की बरेली में उपचार के दौरान मृत्यु

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** चाय बनाते समय सिलिंडर में आग लगने से महिला बुरी तरह से झुलसी महिला की बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। स्वजनों ने सोमवार शव का अंतिम संस्कार कर दिया ।मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर निवासी गुड्डू लाल की पत्नी काजल 9 नवंबर की दोपहर घर पर अकेली थी। गैस चूल्हे पर चाय बनाते समय सिलिंडर ने अचानक आग पकड़ ली थी। चपेट में आकर काजल बुरी तरह से झुलस गई थी। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया था। महिला को नगर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर हालत में पीलीभीत रेफर कर दिया था ।महिला का बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार देर रात उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई ।देर रात शव घर पंहुचा। सोमवार गमगीन माहौल में महिला का अंतिम संस्कार किया गया ।महिला की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मच गया ।थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

### दियोरिया रेंज के जंगल में पेंड से लटका मिला विवाहिता का शव

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** पति से विवाद के बाद घर से निकली विवाहिता का शव दियोरिया रेंज के जंगल में पेंड से लटका मिला ।स्वजन विवाहिता के शव को पेंड से उतारने के बाद घर लाए। सोमवार पुलिस को जानकारी दिए बगैर गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मटेहना कलोनी निवासी ग्रामीण का रविवार पत्नी से विवाद हो गया ।विवाद के बाद पत्नी घर से चली गई ।स्वजनों ने विवाहिता की तलाश शुरू की ।खोजबीन के बाद भी विवाहिता का कोई सुराग नहीं लगा। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने दियोरिया रेंज के जंगल में विवाहिता का शव पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका देखा। शिनाख्त होने पर जानकारी विवाहिता के स्वजनों को दी । मौके पर पहुंचे स्वजन शव को पेंड से उतारने के बाद घर लाए। पुलिस को जानकारी दिए बगैर विवाहिता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया ।मृतक महिला के तीन बच्चे हैं ।थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ त्रिवेदी के घर पहुंचे राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त किया

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सा मोहल्ला केसरी सिंह निवासी डॉक्टर सुभाष त्रिवेदी के पुत्र डॉक्टर दीपंकर त्रिवेदी के अचानक निधन की सूचना पाकर गन्ना विकास एवं चीनी मील राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार आज उनके आवास पर पहुंचे और पुत्र के अकस्मात निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि युवा पुत्र के निधन की कमी पूरी नहीं की जा सकती उन्होंने परिवार को इस असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की काफी देर तक परिवार वालों के साथ रहे राज्य मंत्री श्री गंगवार ने डॉक्टर पुत्र के अचानक निधन पर हैरानी भी जताई इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा मीडिया प्रभारी ऋषि श्रीवास्तव डॉ त्रिवेदी के परिजन आदि मौजूद रहें। ज्ञात रहेगी डॉक्टर सुभाष त्रिवेदी शहर के प्रमुख चिकित्सकों में शामिल है और उनके कई पीढियां से चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं दी जा रही है उनके पिता डॉक्टर धर्मेंद्र त्रिवेदी और उनके पिता श्री विद्या कन्हैया लाल त्रिवेदी शहर के नामी चिकित्सकों में शामिल थे दिवंगत डॉक्टर दीपंकर त्रिवेदी की धर्मपत्नी डॉ अर्चना त्रिवेदी भी चिकित्सक हैं और राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सारी सुंदरपुर में कार्यरत है कल 17 नवंबर को डॉ दीपांकर त्रिवेदी के निधन पर शहर के बड़ी संख्या में लोगों ने उनके घर पहुंच कर शोक व्यक्त किया वहीं अंत्येष्टि में बहुत लोग शामिल हुए।

## गैंट्री गिरने से इलेक्ट्रिशियन की मौत

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के शताब्दीनगर स्थित रैपिड रेल के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में काम कर रही लारसन एंड टूर्बो लिमिटेड (एलएंडटी) कंपनी के यार्ड में रविवार को हादसा हो गया।

गैंट्री (लोहे का भारी ढांचा) गिरने से बिहार के रोहताश जिले के गांव समहोता निवासी इलेक्ट्रिशियन सुबोध (35) की मौत हो गई। जबकि चार मजदूर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। कंपनी के अधिकारी काफी देर तक हादसे को छिपाने में जुटे रहे।

# मुठभेड़ में गौ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठा कर हुआ फरार।
- एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक खोखा 9 एम एम व मोटरसाइकिल पल्सर बरामद।



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के नीभापुर गांव के पास सोमवार को भोर में पुलिस मुठभेड़ में शातिर गौ तस्कर गिरफ्तार हो गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर , दो कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 9 एम एम व एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद हुई है। इस पर अनेक स्थानों पर कुल सात मुकदमे पंजीकृत है।जबकि उसका दूसरा साथी फरार होने में कामयाब रहा।

मुंगरा बादशाहपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक हमराहियों के साथ नीभापुर गांव के पास गस्त कर रहे थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि शातिर गौ तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर इधर ही आ रहे हैं उनके पास तमंचा और कारतूस भी है। कुछ ही समय में नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लोग आते दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो पीछे बैठे साथी ने पुलिस पर फायर करने लगा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया जिसमें एक शातिर अपराधी घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस द्वारा देखा गया तो उसके दाएं पैर में गोली लगी थी। जिसे भोर में पौने चार बजे गिरफ्तार किया गया। वही दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल अपराधी से पूछेने पर उसने अपना नाम नीरज गौड़ 31 वर्ष पुत्र लालजी गौड़ निवासी गांव कोर्री, थाना जलालपुर, जौनपुर बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक खोखा 9 एम एम, एक पल्सर बाइक बरामद कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त शातिर गौ तस्कर है। इसके ऊपर अनेक थानों में कुल सात अपराधिक मामले पंजीकृत हैं। मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक, उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र देव पांडेय, अरुण कुमार यादव, कांस्टेबल पंकज मिश्र, आनंद सिंह, शामिल रहे।

# खेल से तन मन और मस्तिष्क का विकास होता है- बीएसए

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**सांस्कृतिक में दाउदपुर रंगोली में बटनहित का दबदबा**

सांस्कृतिक खेलो में कंपोजिट दाउदपुर, कंपोजिट जमालपुर, तो पीटी में भिदूना, मेहंदी में चौकिकला की स्वेच्छा प्रथम रही। दौड़ में रामपुरकला, रसूलपुर, सेमरहो, छाछो, रामपुरखुर्द के बच्चो ने बाजी मारी, बच्चों के खेल दौड़, कबड्डी, खोखो, जेबलिंग, गोला प्रक्षेप, सहित रंगोली मेहदी प्रतियोगिता संपन्न हुई। सांस्कृतिक के स्थान वाले टीम को बीएसए डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा तथा खेल में स्थान वाले बच्चो को खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल द्वारा मेडल, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी मिश्र ने सक्रिय सहयोग किया।

खेल बच्चो का बहुमुखी विकास करता है। खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ होता है। खेल में प्रतिस्पर्धा का विकास बच्चो में होता है। सकारात्मक सोच के साथ खेल भाग लेकर शिखर तक पहुंचने का उद्देश्य हर बच्चो में विकसित करने की आवश्यकता है। उक्त बाते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने सोमवार को विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों एवम आयोजन टीम को संबोधित करते हुए फौजदार इंटर कॉलेज के प्रांगण में कहा बीएसए साहब ने प्राथमिक विद्यालय भिदूना के बच्चो द्वारा डम्बल पीटी और कंपोजिट दाउदपुर के बच्चो के सुंदर प्रस्तुति को खूब सराहा। बालिका वर्ग के कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन के बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित भी किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित खेलकूद में स्थान लाने वाले बच्चो की टीम सहित कोच शिक्षको को भी उत्साहवर्धन किया। खेल प्रतियोगिता में खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल द्वारा बीएसए को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन अखंड प्रताप सिंह तथा प्रणवीर प्रताप सिंह और अब्दुल अजीज, अरविंद मिश्रा ने किया। आयोजक मंडल डॉक्टर संतोष तिवारी,शिवाकांत तिवारी, डॉक्टर राजेश यादव, रविंद्र बहादुर सिंह, रोहित यादव, लाल साहब यादव, चंद्रेश यादव, ने प्रतियोगिता संपन्न कराने सक्रिय सहभाग किया। रेफरी के रूप में खेल शिक्षक श्री प्रकाश मिश्र, आनद सिंह, संजय सिंह, राकेश यादव, स्वतंत्र तिवारी, प्रदीप श्रीवास्तव, मद्रिका मौर्या, प्रतिभा यादव, सहित अन्य रहे।

# शिकायतकर्त्ता की संतुष्टि पर ही माना जायेगा शिकायत निस्तारण- एडीएम

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आशीष कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में बैठक ली। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि आगामी 3 दिवस में होने वाले डिफाल्टर की सूची प्रतिदिन अधिकारियों को उपलब्ध करायी जा रही है किन्तु समय से निस्तारण में जिन अधिकारियों द्वारा रूचि नही ली जा रही है, ऐसे प्रकरणों की जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन समीक्षा की जायेगी। जिन अधिकारियों के संदर्भ लंबित होगे, उन्हें अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करना होगा। आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में गंभीरता लाएं। कोई भी संदर्भ डिफाल्टर नही होना चाहिए। अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतो का निस्तारण करे, और उसकी फोटोग्राफ्स भी अपलोड करें। जब शिकायतकर्ता संतुष्ट न हो तभी प्रकरण को स्पेशल क्लोज पर भेजें। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तार्किक व गुणवत्तापूर्ण हो इस पर भी विशेष ध्यान रखे।

अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी लोग अपने मोबाइल पर आईजीआरएस एप्प के माध्यम से प्रतिदिन शिकायतो को स्वयं देखकर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करेंगें तो निश्चित रूप से प्रकरणों में सुधार आयेगा और जनपद की बेहतर रैंकिंग होगी। इसके लिए सभी अधिकारी हर संभव प्रयास करें।

शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए। जो न्यायालय में वाद लंबित है ऐसे वादों का तिथि सहित पूरे तथ्य का उल्लेख करें। बैठक में संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छात्राओं के दल ने किया शैक्षिक भ्रमण

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी ।** राजकीय बालिका इंटर कालेज देवा की छात्राओं को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की छात्राओं का समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य डॉ सुविद्या वत्स के कुशल नेतृत्व में सोमवार को कक्षा 9से12की छात्राओं को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विष्वविद्यालय लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

# व्यावसायिक वाहनों के टैक्स बकाया में एकमुश्त समाधान योजना लागू



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

### पेनाल्टी समेत पूरा शुल्क देना होगा

यहां छोटी गाड़ियों के लिए आवेदन पर 200 रुपये और बड़ी गाड़ियों पर 500 रुपए आवेदन शुल्क जमा करना होगा। एआरटीओ ने बताया कि टैक्स जमा न होने पर यदि चेकिंग के समय सड़क पर चलते हुए गाड़ी पकड़ी जाएगी तो पेनाल्टी समेत पूरा टैक्स मोटर मालिक को भरना होगा।

### गाड़ी खींचने पर फाइनेंसर को भरना होगा टैक्स

एआरटीओ इज्या तिवारी ने बताया कि किश्त जमा न कर पाने पर यदि आपके वाहन को फाइनेंसर ने खींच लिया है तो इसकी जानकारी मोटर मालिक उनके विभाग को दे दें। ऐसे में फाइनेंसर ने जिस तारीख की सरेंडर स्लिप मोटर मालिक को दी होगी, उसी तारीख से वाहन का टैक्स फाइनेंसर से जमा कराया जाएगा और फिर आरसी भी फाइनेंसर के ही नाम कटेगी। इसके अलावा जिन्होंने गाड़ी कटवा दी है तो वह लोग इसकी भी सूचना विभाग को देकर यहां का कागजों में भी नाम कटवा दें, अन्यथा टैक्स बढ़ता रहेगा।

जिले के एआरटीओ ऑफिस में रजिस्टर्ड कामर्शियल व्हीकल्स पर 12 करोड़ का टैक्स बकाया है। इसको वसूलने के लिए शासन की ओर से एकमुश्त समाधान योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत टैक्स जमा करने पर जुर्माने में 100 फीसदी छूट मिलेगी।

एआरटीओ ऑफिस कन्नौज में करीब 600 से 700 ऐसे कामर्शियल वाहन रजिस्टर्ड हैं, जिन पर टैक्स की काफी रकम बकाया है। तय समय तक टैक्स जमा न करने पर जुर्माना भी लगाया जाता है जोकि समय के साथ बढ़ता ही जाता है। जिस कारण मोटर मालिक टैक्स जमा करने से बचने का प्रयास करते हैं और फिर उनके नाम से आरसी कटती है।

ऐसे में बकाया टैक्स वसूली के लिए शासन ने एकमुश्त समाधान योजना लागू की है, जोकि 6 नवम्बर से लागू हो चुकी और ये 5 फरवरी तक चलेगी। इस योजना के तहत टैक्स जमा करने पर मोटर मालिक को पेनाल्टी में 100 परसेंट की छूट मिलेगी।

मामले की जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन इज्या तिवारी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए मोटर मालिक को उनके कार्यालय आकर पटल संख्या 2 पर आवेदन फार्म जमा करना होगा।

## बुधवार को किसान बाजार में आयोजित होगा किसान दिवस- सिरोही

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने बताया है कि शासन की मंशानुसार कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को (राजकीय अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस पर) किसान दिवस का आयोजन पूर्वान्हः 11.00 बजे से अपरान्हः 2.00 बजे तक किये जाने हेतु निर्देश दिए गए है, जिसमें कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों के साथ-साथ कृषकों से सम्बन्धित विभागों यथा- कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केन्द्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेहा एवं फसल बीमा कम्पनी के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कृषकों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण का कार्य किया जायेगा तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नवीनतम एवं उन्नत कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जागरुक करने का कार्य भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में माह नवम्बर, 2024 में किसान दिवस का आयोजन 20 नवम्बर बुधवार को किसान बाजार, तिर्वा में किया जायेगा। इस अवसर पर ग्रीन टीवी एवं कृषि विभाग तथा निजी कृषि संस्थानों के सहयोग एवं समन्वय से कृषक गोष्ठी/सम्वाद का आयोजन भी कराया जायेगा।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बुजुर्ग महिला को रौंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**फतेहपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन को अपने कब्जे में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम इसरौली की है। जहां पर इसी क्षेत्र के बादशाह नगर निवासिनी शाकिरा पत्नी जाबिर (70) दोपहर को घर से बकरी चराने के लिए निकली थी कि तभी अचानक बांसारा गाँव के निकट बकरियों को रोड पार कारते समय तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गयी। गंभीर रूप से घायल महिला को आनन फानन मे स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी देंवा भेजा गया।

जहां पर मौजूद डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

वही पुलिस ने गाडी कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को एचपीवी टीकाकरण जरूरी- लवली

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वार्षिक कार्ययोजना के क्रम मे अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल की अध्यक्षता में तहसील कन्नौज में स्थित सुशीला देवी गर्ल्स इण्टर कालेज में आज सवाईकल कैंसर उन्मूलन दिवस के अवसर पर कैंसर को समाप्त करने हेतु डब्ल्यू0एच0ओ0 द्वारा बनायी गयी योजना के संबंध में वृहत स्तर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0के जाटव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा महेन्द्र भान सिंह, जनपद सलाहकार रवि एवं डा0 नितिका त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, स्कूल के प्रधानाध्यापक रीना कन्नौजिया एवं अन्य शिक्षकगण, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तरफ से पराविधिक स्वयं सेवक शुभा तिवारी एवं साजिब मौजूद रहे।

सचिव लवली जायसवाल द्वारा शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि बताया गया कि महिलाये, माता बहने परिवार की अग्रणी सदस्य है उनके बिना परिवार अधूरा है उनका सम्मान करना अनिवार्य है। महिलाओं के लिये संवैधानिक तौर पर कानून बनाये गये है। महिलाओं को समान कार्य का समान वेतन, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन कानून, महिला उत्पीडन, भरण पोषण महिलाओं के मदद के लिये महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, महिला हेल्प लाईन इत्यादि और महिलाओं को रात में गिरफ?तार न करने का कानून बनाये गये है साथ ही साथ महिलाओं की मदद के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्पर है। प्राधिकरण में एक सादे कागज पर अपनी समस्या को लिखित तौर पर प्रस्तुत करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विधिक सहायता प्रदान की जाती है, उपस्थित सभी महिलाओं को संरक्षण कानूनी सहायता से संबंधित पम्प्लेट किट उपलब्ध कराई गयी। साथ ही साथ बताया कि महिलाओं के कानूनी अधिकार के प्रति महिला को ही सजग रहना होगा उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकार जैसे कामकाजी महिलाओं का मातृत्व संबंधी अधिकार कार्यस्थल पर छेड़?छाड़ यौन उत्पीड़न से सरंक्षण का अधिकार पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। डा0 निलिका त्रिपाठी द्वारा सर्वाइकल कैंसर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि महिलाओ में सर्वाइकल कैंसर आम बीमारी के रूप में फैल रही है। इस बीमारी की प्रारम्भिक अवस्था में जानकारी हो जाने पर 90 प्रतिशत मामलों में मरीज को बचाया जा सकता है। इस बीमारी के निवारण हेतु सुरक्षा एवं जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है। महामारी के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। सर्वाइकल कैंसर मुख्य रूप से कम उम्र में बालिकाओं का विवाह तथा उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित होने एवं महिलाओं में किसी भी प्रकार के यौन रोग सर्वाइकल कैंसर का कारण बन सकते है, कमजोर प्रतिरक्षा किडनी के रोगी, एड्स इत्यादि के रोगियों को असुरक्षित यौन राम्बन्ध करने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा हो सकता है। महिलाओं / बालिकाओं को विशेष रूप से यह समझाया गया कि अनुरक्षित यौन सम्बनध करने से उनको इस भयंकर बीमारी की चपेट में ला सकता है। अनियमित रक्त साव अथवा सफेद ग्राव का होना इराके प्रारम्भिक लक्षण हो सकते है। यदि किसी भी प्रकार का यौन रोग सम्बन्धी कोई लक्षण अथवा संदेह होता है तो उसकी जीप आवश्यक है। सर्वाइकल कैंसर का टीका एचपीवी 9 से 12 वर्ष की अवस्था में लग सकता है।

# 173 नवविवाहित जोड़ों ने सात जन्मों के लिए फेरे

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

सोमवार को शहर में स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज के आडिटोरियम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वैवाहिक समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जिसमें 172 हिन्दू तथा 01 मुस्लिम कुल 173 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से एमएलसी अंगद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने वर वधुओं को आषीर्वाद देकर उनके नये जीवन की मंगल कामना की।

इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा के अलावा खण्ड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान व स्थानीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज ने देखी बहादुरपुर मझिगवां की पंचायती व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज नरेन्द्र भूषण एवं मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा विकास खण्ड सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में बने ग्राम पंचायत सचिवालय में पहुंचकर उन्होंने त्रिनेत्र योजनान्तर्गत सीसीटीवी कैमरे, ग्राम पंचायत में स्थापित पंचायत सचिवालय, आर0जी0 एस0 योजनान्तर्गत निर्मित कॉमन सर्विस सेन्टर, पंचायत लर्निंग सेन्टर, पुस्तकालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग का औचक निरीक्षण किया, साथ ही ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट के कराये गये कार्यों में मजरा गढ़िया एवं नगला परसा में नालियों का निरीक्षण किया, जिसमें नालियों में ग्रे-वाटर का निस्तारण पाया गया।

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्ध के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निर्मित आर0आर0सी0 के निरीक्षण में पाया कि ग्राम पंचायत के 11 मजरों में से कुल 1387 परिवारों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें रु0-162540.00 धनराशि अर्जित की गयी।

अपर मुख्य सचिव द्वारा ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां के लिए और अधिक बेहतर जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पहुंचाने और लाभान्वित किये जाने हेतु जोर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी कन्नौज, खण्ड विकास अधिकारी एवं योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्री कार्यालय स्थानान्तरण के विरोध में अधिवक्ताओं की कलम बंद हड़ताल

- मुख्य शहर से 5 किमी. दूर दारापुर ग्राम में बनाया जा रहा कार्यालय

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

नवाबगंज तहसील के उप निबंधक कार्यालय के मौजूदा स्थान से 5 किमी. दूर नेशनल हाईवे पर दारापुर गांव की सीमा में ले जाए जाने के विरोध में ज़िला बार एसोसिएशन ने रजिस्ट्री संबंधित समस्त काम रोक दिया है। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज तहसील के रजिस्ट्री ऑफ़िस को ज़िला प्रशासन द्वारा यातायात की नारकीय स्थिति के चलते पूर्व में गोकुलपुरम मोहल्ले ले जाने की योजना थी, किंतु वहाँ भी ट्रैफ़िक की जटिलता को देखते हुए तत्पश्चात यह कार्यालय वर्तमान स्थान से 5 किमी. दूर हाईवे पर दारापुर ग्राम में बनाया जाना नियत हुआ और इसके लिए वहाँ बहुत तेज़ी से कार्य भी शुरू हो गया। वकीलों को उक्त स्थान की तहसील-कचहरी से दूरी के अलावा हाईवे पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र होने तथा सुरक्षा की कमी जैसे एतराज़ हैं। साथ ही उक्त क्षेत्र में बैंक न होने या अधिवक्ताजन के बैठने की जगह की कमी जैसी तीव्र आपत्तियाँ हैं, जिसके विषय में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लिखित सूचना दी। लेकिन इस बारे में कुछ भी न होकर मौक़े पर काम चलता रहा और वकीलों की समस्या की गंभीरता पर उनकी प्रतिनिधि संस्था ज़िला बार एसोसिएशन ने 14 नवंबर को ज़िलाधिकारी को ज्ञापन देकर उक्त जगह की जगह उचित विकल्प न मिलने पर सोमवार से काम न करने की सूचना दी। प्रशासन ने भी वकीलों की कठिनाइयों पर संजीदा रुख़ अपनाते हुए दारापुर में काम रोककर त्वरित गति से विकल्प तलाशने शुरू कर दिए। इधर वकीलों ने भी पूर्व निर्धारित प्रस्ताव के अनुसार काम रोक दिया, किंतु हाल-फ़िलहाल अधिवक्ता-प्रशासन दोनों पक्ष एक-दूसरे के सहयोग से बेहतर विकल्प तलाश रहे हैं।

आज दिन भर निबंधन, स्टाम्प व तहसील अधिकारियों द्वारा पारदर्शिता के साथ वकीलों को साथ लेकर उक्त कार्यालय के स्थान के लिए सुझाए गए विकल्पों के स्थल निरीक्षण होते रहे तथा अधिवक्ताजन ने पूरी तरह से पेन-डाउन बॉयकॉट रखा।

ज़िला बार अध्यक्ष हिसाल बारी ने प्रशासन की संवेदनशीलता और तेज़ी से संतोष जताते हुए आशा जताई कि बहुत जल्दी ही प्रशासन निबंधन कार्यालय के लिए ऐसा स्थान चुन लेगा, जहाँ अधिकारी-कर्मचारियों के साथ वकीलों-दस्तावेज़ नवीसों और जनता के लिए उत्तम इंफ़्रास्ट्रक्चर होगा।

# अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज ने देखी बहादुरपुर मझिगवां की पंचायती व्यवस्था



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज नरेन्द्र भूषण एवं मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा विकास खण्ड सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में बने ग्राम पंचायत सचिवालय में पहुंचकर उन्होंने त्रिनेत्र योजनान्तर्गत सीसीटीवी कैमरे, ग्राम पंचायत में स्थापित पंचायत सचिवालय, आर0 जी0 एस0 योजनान्तर्गत निर्मित कॉमन सर्विस सेन्टर, पंचायत लर्निंग सेन्टर, पुस्तकालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में निर्मित रैन वाटर हार्वेस्टिंग का औचक निरीक्षण किया, साथ ही ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट के कराये गये कार्यों में मजरा गढ़िया एवं नगला परसा में नालियों का निरीक्षण किया, जिसमें नालियों में ग्रे-वाटर का निस्तारण पाया गया। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्ध के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निर्मित आर0आर0सी0 के निरीक्षण में पाया कि ग्राम पंचायत के 11 मजरों में से कुल 1387 परिवारों से कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें रु0-162540.00 धनराशि अर्जित की गयी। अपर मुख्य सचिव द्वारा ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां के लिए और अधिक बेहतर जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से आम जनमानस को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पहुंचाने और लाभान्वित किये जाने हेतु जोर दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी कन्नौज, खण्ड विकास अधिकारी एवं योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्जी निकली लूट की सूचना, पांच पर मुकदमा दर्ज




**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

दो दिन पहले कोठी थाना क्षेत्र के अतरौली पुल से 40 हजार की नगदी व बाइक लूटने की सूचना फर्जी निकली। खुलासा में भैंस खरीदार ने किसान का बकाया 40 हजार रूपये देने से बचने को लेकर फर्जी सूचना देना स्वीकार किया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों विरुद्ध कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 16 नवंबर की रात क्षेत्र के देवकली गांव निवासी जमाल पुत्र वारिस अली ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। उससे अतरौली पुल समीप चार नकाबपोश लुटेरे ने बाइक व 40 हजार रूपये नगदी लूट ली। रात में ही सक्रिय हुई पुलिस ने सर्विसलांस व इंटेलिजेंस मदद से खुलासा किया।

तब पुलिस पूछताछ में पीड़ित ने फर्जी लूट की सूचना देना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने करीब 12 दिन पहले क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी इंद्राज पुत्र रामखेलावन से 15 हजार देकर 67 हजार रूपये की कीमत की भैंस खरीदा थी। उसे 76 हजार रूपये में बेच दिया।

मगर किसान इंद्राज के बकाया 40 हजार रुपए आए दिन तगदा कर रहा था।

जिससे बचने को लेकर फर्जी सूचना देना स्वीकार किया।

इसमे रामअचल पुत्र बाबूलाल, अमित पुत्र जगतपाल व अमरेश पुत्र मोल्हे निवासीगण सरायपुरखू भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# अंतराष्ट्रीय स्तर के सम्मान विश्व हिंदी भूषण मानद उपाधि से सम्मानित हुई डॉ.रानी शुक्ला कादंबरी

**नेपाल**



इस विभिन्न देशों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की आयोजित रचना प्रतियोगिता में जिले की प्रसिद्ध साहित्यकार, कवियित्री, लेखिका तथा प्रोफेसर डॉ रानी शुक्ला कादंबरी(पुत्री-श्री सुरेश कुमार शुक्ला, माता-श्रीमती प्रभा शुक्ला) को एक कार्यक्रम के बीच सम्मानित किया गया है। नेपाल के लुंबिनी में आयोजित किए गए एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले की युवा कवियित्री, लेखिका तथा प्रोफेसर डॉ रानी शुक्ला कादंबरी को सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वे शिक्षिका पद पर पदस्थ होते हुए काव्य सृजन में क्रियाशील रहती आईं हैं। देवनागरी लिपि के सरंक्षण, नेपाल भारत मैत्री सम्बंध मजबूत बनाने, हिंदी भाषा साहित्य के विकास तथा साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर की हिंदी हैं हम अंतराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में विश्व हिंदी भूषण मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ रानी शुक्ला कादंबरी प्रदेश की ख्याति प्राप्त नवोदित लेखिका हैं। इनकी सैकड़ों रचनाएं देश विदेश की विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं साथ ही शिक्षा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दर्जनों सम्मान भी मिल चुके हैं। इसके साथ ही डॉ रानी शुक्ला ने 700 से अधिक नेशनल एवं इंटरनेशनल स्तर के सेमिनार/ वेबिनार में भी प्रतिभाग एवं वाचन किया है जिसमें भी उन्हें कई बार सम्मानित किया गया है।

# प्रवीण योजना की खराब प्रगति पर डीएम नाखुश, बोले तय करूँगा ज़िम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षित बंदियो द्वारा तैयार की गई, 1950 जगमग झालर के विक्रय में 78000.00 रुपये का मुनाफा एवं 1117 कपड़े के थैले के विक्रय में 4854 रू0 का लाभ प्रशिक्षित बंदियों को प्राप्त हुआ।

थैले बनाने के साथ-साथ एलईडी जगमग झालर पर फोकस किया जाये ताकि मार्केट में अपना ब्राण्ड बना रहे।

उन्होंने कहा कि यदि लोगो को प्रोडक्ट की क्वालिटी अच्छी मिलेगी तो निश्चित रुप से प्रोडक्ट की डिमांण्ड बढ़ेगी और मुनाफा भी अधिक होगा। प्रवीण योजना की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुये निर्देश दिये कि योजना की प्रगति में सुधार लाये अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो संस्थायें प्रशिक्षण के कार्य करने में अक्षम है, उनका कार्य दूसरे इच्छुक केन्द्र को देकर लक्ष्य की पूर्ति की जाये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग, प्रधानाचार्य आईटीआई सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कंगना रनौत थप्पड़ कांड: सीआईएसएफ लेडी कांस्टेबल कुलविंदर के भाई का बड़ा बयान, बोले, नहीं मागेंगे माफी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कपूरथला**





चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हिमाचल प्रदेश की मंडी से भाजपा सांसद व एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ हुए थप्पड़ कांड में नया अपडेट आया है। कंगना को थप्पड़ मारने वाले सीआईएसएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर के भाई ने मामले को लेकर बयान दिया है। लेडी कांस्टेबल कुलविंदर कौर के भाई शेर सिंह महीवाल ने मामले को लेकर एक वीडियो भी जारी किया है है। शेर सिंह ने कहा कि उक्त मामले को लेकर जांच पूरी हो चुकी है, अब सिर्फ फैसले का इंतजार है। फैसले में कोई पक्षपात नहीं होना चाहिए, दोनों पक्षों को सजा दी जानी चाहिए। इस हाईप्रोफाइल मामले में महिला जवान कुलविंदर कौर के भाई शेर सिंह महीवाल ने एक वीडियो जारी करके बड़ा आरोप लगाया कि मामले की जांच के दौरान बार-बार कुलविंदर कौर और उसके पति पर सॉरी बोलने का दबाव बनाया गया। हम किस बात की सॉरी कहें। हम आज भी कहते हैं कि न तो पहले सॉरी कही है, न आज कहेंगे और न ही आगे कहेंगे। जो सजा मिलेगी, वह भुगतने को तैयार हैं।

### हम सजा से भागते नहीं, पर एकतरफा न हो फैसला

शेर सिंह ने कहा कि मामले की जांच बैंगलुरू से पूरी होकर चंडीगढ़ आ चुकी है। अब फैसला आना बाकी है। कोई भी फैसला अच्छे से छानबीन करके ही लें। क्योंकि हम तो पहले ही मैदान में हैं और शंभू व खनौरी बॉर्डर पर बैठे हुए हैं। इसलिए जो सजा बनती है, वह दी जाए। हम सजा से नहीं भागते, लेकिन एकतरफा फैसला नहीं होनी चाहिए।

### थप्पड़ कंगना को नहीं, सिस्टम को लगा है

शेर सिंह ने कहा कि छह जून 2024 को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर थप्पड़ कंगना को नहीं, बल्कि सिस्टम को लगा है। ऐसे हालात इसलिए बने कि यहां कानून एक समान नहीं है। रसूखदार के लिए अलग कानून है और आम जनता के लिए अलग। जब ऐसी स्थिति होगी तो ऐसी घटनाएं होना स्वाभाविक है।

### मामले की जांच गांव और घर तक पहुंची

उन्होंने कहा कि चलती इंक्वायरी में उनके जीजा की ट्रांसफर बहन कुलविंदर कौर को जोड़कर बैंगलुरू कर दी गई। इंक्वायरी की आंच उन तक सुल्तानपुर लोधी स्थित उनके घर गांव मंड महीवाल तक पहुंची। हमारे पृष्ठभूमि जांची गई। इस मामले से संबंधित सारे गवाह व अफसर बैंगलुरू जाते रहे हैं।

### कंगना पर आठ केस दर्ज, एसएसपी को सौंपी थी कॉपियां

शेर सिंह ने कहा कि इस मामले में कंगना रनौत की भी इंक्वायरी होनी चाहिए। छह जून की घटना के तीन दिन बाद 9 जून को हमने एसएसपी मोहाली कार्यालय के बाहर धरना दिया था। जहां पर कंगना रनौत पर पहले से दर्ज आठ एफआईआर की कॉपियां सौंपी। फैसले में कोई पक्षपात नहीं होना चाहिए, दोनों पक्षों को बराबर सजा दी जानी चाहिए।

### कंगना ने नहीं की थी मामले की जांच की अपील

शेर सिंह ने दावा किया कि इस मामले की जांच के लिए कंगना रनौत की ओर से कोई अपील नहीं की गई थी। यह सब जांच सीआईएएसफ विभाग की ओर से की जा रही है। यदि विभाग यह सोच रहा है कि इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल देंगे। कुछ समय बाद लोग या पीड़ित परिवार भूल जाएगा और हम कुलविंदर कौर और उसके पति को डिसमिस करके घर भेज देंगे। ऐसा बिल्कुल गलत है। कोई भी फैसला लेने से पहले उनकी (कुलविंदर व उसके पति)16 साल की सर्विस, पढ़ाई और जिंदगी के बारे में सोचना चाहिए, कि उन लोगों ने यह नौकरी किन परिस्थितियों से गुजरने के बाद हासिल की है।

### क्या था पूरा मामला

चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर इसी साल 6 जून को सुरक्षा जांच के दौरान कंगना रनौत को महिला सुरक्षाकर्मी कुलविंदर कौर ने थप्पड़ मार दिया था। आरोपी महिला किसान आंदोलन के दौरान कंगना की बयानबाजी से नाराज थी। हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से जीत दर्ज करने के बाद कंगना दिल्ली में भाजपा की बैठक में शामिल होने के लिए जा रही थीं। उन्हें चंडीगढ़ हवाईअड्डे से विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या यूके-707 से रवाना होना था। हवाईअड्डे पर सुरक्षा जांच की जा रही थी। इसी दौरान वहां उपस्थित सीआईएसएफ की महिला सुरक्षाकर्मी कुलविंदर कौर ने उनसे सवाल किया कि मैडम आप भाजपा से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही है। साथ ही किसान आंदोलन के दौरान कंगना की बयानबाजी पर भी कुलविंदर ने सवाल पूछा। इस पर दोनों के बीच बहस होने लगी। आरोप है कि इसी बीच महिला सुरक्षाकर्मी ने कंगना को थप्पड़ मार दिया।

# मणिपुर में हिंसा के मद्देनजर बड़ा फैसला

## राजधानी इंफाल में कर्फ्यू के बीच स्कूल-कॉलेज 19 नवंबर तक बंद



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में कर्फ्यू लगाए जाने के बीच, मणिपुर सरकार, सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग ने इन जिलों में राज्य विश्वविद्यालयों समेत संस्थानों, कॉलेजों को मंगलवार तक बंद करने की घोषणा की है। यह निर्णय मणिपुर सरकार के गृह विभाग के परामर्श से लिया गया है।

### आज और कल के लिए बंद किए गए स्कूल-कॉलेज

सचिवालय उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के आदेश में कहा गया है, कई जिलों में जिला मजिस्ट्रेट की तरफ से लगाए गए कर्फ्यू के मद्देनजर और छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यह आदेश दिया जाता है कि मणिपुर सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत सभी सरकारी संस्थान/सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, जिनमें राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं, जिन जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है, वे 18 नवंबर से 19 नवंबर तक दो दिनों के लिए बंद रहेंगे।

### हालिया हिंसा की जांच एनआईए ने अपने हाथ ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस महीने के पहले दो हफ्तों में मणिपुर में हुई हालिया हिंसा से जुड़े तीन प्रमुख मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसके कारण जानमाल का नुकसान हुआ और सार्वजनिक व्यवस्था में व्यापक व्यवधान हुआ। एजेंसी ने गृह मंत्रालय (एमएचए) की तरफ से हाल ही में जारी निर्देश के बाद मणिपुर पुलिस से ये मामले अपने हाथ में ले लिए क्योंकि तीनों मामलों से जुड़ी हिंसक गतिविधियों के कारण पहाड़ी राज्य में घटनाएं बढ़ गई थीं, जिससे मौतें हुईं और महत्वपूर्ण सामाजिक अशांति हुई।

### इन तीन मामलों की जांच करेगी एनआईए

पहला मामला 8 नवंबर, 2024 को जिरीबाम पुलिस स्टेशन में सशस्त्र उग्रवादियों की तरफ से जिरीबाम क्षेत्र में एक महिला की हत्या के संबंध में दर्ज किया गया था। इस बीच, दूसरा मामला 11 नवंबर, 2024 को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था, जो सशस्त्र उग्रवादियों की तरफ से जिरीबाम के जकुराधोर करोंग में मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) चौकी (ए-कंपनी, 20वीं बटालियन) पर हमले से जुड़ा था। तीसरा मामला 11 नवंबर, 2024 को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था, जो बोरोबेकरा क्षेत्र में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या से जुड़ा था।

### इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में लगाए गए कर्फ्यू

इससे पहले रविवार को मणिपुर में जारी हिंसा एक बार फिर बढ़ गई, जिसके चलते मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व दोनों जिलों में कर्फ्यू लगा दिया। छह शव मिलने के बाद कर्फ्यू लगाया गया। बढ़ती हिंसा के चलते राज्य सरकार ने सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। खास तौर पर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के आवास और राजभवन के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, प्रभावित इलाकों में वाहनों की आवाजाही सीमित देखी गई।

# राहुल पर जेपी नड्डा का पलटवार

## बोले, गठबंधन के साथी भी आपके साथ नहीं, आप एक होते हो तभी सेफ होते हो



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को महाराष्ट्र में रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। नड्डा ने राहुल की तरफ से एक हैं तो सेफ हैं नारे का मखौल उड़ाए जाने को लेकर गुस्सा जताया और कहा कि एक हैं तो सेफ हैं का मतलब यह है कि अगर एकता है, तो हम सुरक्षित रहते हैं। नड्डा ने कहा, पीएम मोदी जब कहते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं, तो इसका मतलब होता है कि जब आप एक साथ रहेंगे तो सभी सुरक्षित रहेंगे। राहुल के एक हैं तो सेफ हैं का मतलब मैं आपको बताता हूं। राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महा विकास अघाड़ी का एक साथी मौजूद नहीं था। इनके एक का मतलब है कि अकेले हैं तभी सुरक्षित हैं। भाजपा प्रमुख ने आगे कहा कि राहुल गांधी हमेशा अकेले रहते हैं, इसलिए उन्हें लगता है कि वह सुरक्षित हैं। नड्डा ने राहुल पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि उन्हें पहले कांग्रेस के नेताओं को एकजुट करना चाहिए, तभी वे देश की एकता और सुरक्षा की बात कर सकते हैं।

### 'संविधान के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे राहुल'

राहुल गांधी पर संविधान को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया और उनकी आलोचना करते हुए कहा, ''आज राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर घूमते हैं। उन्होंने संविधान की किताब पढ़ी तक नहीं है। वह बस, इसे लेकर घूमते हैं।''उन्होंने कहा, ''डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन आज कांग्रेस पार्टी कर्नाटक में निजी ठेकेदारों को निविदा देने में अल्पसंख्यकों को चार प्रतिशत आरक्षण दे रही है।''

### 'महायुति-एनडीए ने महाराष्ट्र में राजनीति की नई संस्कृति गढ़ी'

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महायुति और एनडीए ने महाराष्ट्र में राजनीति की एक नई संस्कृति और परिभाषा गढ़ी है। नड्डा ने नवी मुंबई में रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''हम ऐसी सरकार दे रहे हैं जो लोगों के प्रति जवाबदेह है।'' उन्होंने कहा, आज हमारी सरकार में जो कहा गया वह भी किया और जो नहीं कहा वह भी किया की राजनीति की रही है।''

### महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनवाएं और...

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आर्थिक नीति के मोर्चे पर दुनिया को प्रधानमंत्री मोदी में उम्मीद की किरण नजर आ रही है। उन्होंने कहा, ''10 साल पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 12वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, पर पीएम मोदी ने इसे 5वें पायदान पर ला दिया। आप महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनवाइए और मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।'' भाजपा नेता ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति एक उगता सूरज है जो महाराष्ट्र को रोशनी देगा, जबकि महाविकास आघाडी महाराष्ट्र को अंधकार में धकेलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि महायुति महाराष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है जबकि महाविकास आघाडी आपकी परेशानियों को और बढ़ाएगी।

### उद्धव ठाकरे पर भी साधा निशाना

भाजपा अध्यक्ष ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा, ''बालासाहेब ठाकरे ने कहा था कि वह अपनी पार्टी खत्म कर देंगे, लेकिन कांग्रेस के साथ समझौता नहीं करेंगे। लेकिन आज उद्धव ठाकरे सत्ता के लिए कांग्रेस की गोद में बैठे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बालासाहेब ठाकरे के विचारों को आगे बढ़ाया है।'' नड्डा ने कहा, ''सत्ता की खातिर जिस तरह से आपने (उद्धव ठाकरे ने) अपने पिता के विचारों को दरकिनार कर कांग्रेस के साथ समझौता किया है उसके लिए महाराष्ट्र आपको कभी माफ नहीं करेगा।''

# भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत

## बोले, किसी के दबाव में फैसला नहीं लिया, आसान नहीं था आप छोड़ना



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें मुझे सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है। लेकिन जिन मूल्यों के लिए आम आदमी पार्टी ज्वाइन की उनका पतन देखा तो मैं दंग रह गया। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ मेरी बात नहीं है, हजारों आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ऐसा सोच रहे हैं। आम आदमी अब कुछ खास आदमी बन चुके हैं। कोई सरकार अगर लगातार केंद्र सरकार से लड़ने में समय निकालेगी तो दिल्ली का विकास कैसे होगा? मेरा जितना समय मंत्री के रूप में निकला, मेरी पूरी कोशिश रही कि मैं बेहतर करूं। आज मैं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा ताकि दिल्ली का विकास कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ कर सकूं। मैंने अपनी प्रैक्टिस छोड़कर काम शुरू किया और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि आप छोड़ना आसान नहीं था। आप में अब हालात ठीक नहीं है। आप में आत्मविश्वास टूट गया है। पीएम मोदी की नीतियों से प्रभावित हुआ हूं।

### मुख्यमंत्री ने इस्तीफा किया मंजूर

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत का मंत्री पद से स्वीकार कर लिया। वह दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि कैलाश गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। उनके ऊपर कई बार ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी हो चुकी है। ऐसे में इस छापेमारी से बचने के लिए उसके पास भाजपा में शामिल होने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा था। यह भाजपा का गंदा षड्यंत्र है। भाजपा दिल्ली चुनाव ईडी और सीबीआई के बल पर चुनाव जीतना चाहती है।

### मुख्यमंत्री को मिले कैलाश गहलोत के विभाग

कैलाश गहलोत के इस्तीफे के बाद उनके सभी विभाग मुख्यमंत्री को सौंप दिए गए हैं। सरकार के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैलाश गहलोत के सारे विभाग मुख्यमंत्री आतिशी के पास रहेंगे। इस मामले में मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को प्रस्ताव भेज दिया है।

## राजोआना की दया याचिका पर दो हफ्ते में विचार किया जाए, सुप्रीम कोर्ट का राष्ट्रपति से अनुरोध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति के सचिव को बेअंत हत्याकांड के दोषी बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष रखने का निर्देश दिया। कोर्ट ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि राजोआना की दया याचिका पर आज से दो सप्ताह के अंदर विचार किया जाए। दरअसल, मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सचिव को निर्देश दिया कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मौत की सजा पाने वाले बलवंत सिंह राजोआना की दया याचिका को राष्ट्रपति के सामने विचार के लिए रखें। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने राष्ट्रपति से दो सप्ताह के भीतर याचिका पर विचार करने का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए विशेष रूप से आज का दिन तय किए जाने के बावजूद भारत संघ की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। पीठ केवल इसी मामले की सुनवाई के लिए बैठी थी। सुनवाई की इससे पहले की तारीख में मामले को स्थगित कर दिया गया था, ताकि केंद्र सरकार राष्ट्रपति कार्यालय से यह निर्देश ले सके कि दया याचिका पर कब तक निर्णय लिया जाएगा।

# भारत और अमेरिका के बीच संबंध और मजबूत बनेंगे: एरिक गार्सेटी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका में शीर्ष तकनीकी कंपनियों के भारतीय मूल के सीईओ की उपलब्धियों पर जोर देते हुए अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि वे उनके देश में आव्रजन अवसरों के कारण पहुंचे। उन्होंने उम्मीद जताई और सिफारिश की कि इस पुल को न केवल बनाए रखा जाए, बल्कि इसे और मजबूत किया जाए। यह टिप्पणी अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने सोमवार को अमेरिकी सेंटर में एक समाचार एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में की। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी में पदभार संभालने से पहले आया है।

### 'भारत के बारे में बहुत सकारात्मक सोचते हैं ट्रंप'

अमेरिका के हालिया चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक वापसी और उनके सत्ता में आने से पहले भारतीय छात्रों और वीजा नीतियों को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। एरिक गार्सेटी ने कहा, मुझे पता है, राष्ट्रपति ट्रंप भारत के बारे में बहुत सकारात्मक सोचते हैं। उनका और प्रधानमंत्री मोदी का बहुत अच्छा संबंध है। मेरी सिफारिश होगी कि इस रिश्ते को बनाए रखें और इसे और मजबूत करें।

### आव्रजन से अमेरिका और भारत को लाभ

उन्होंने आगे कहा, अमेरिका से भारत और भारत से अमेरिका जाने वाले लोगों के लिए रास्ता खुला रहना चाहिए। इससे दोनों ही देशों को लाभ होता है। गार्सेटी ने बताया कि कैसे भारतीय प्रवासियों ने अमेरिका को समृद्ध बनाया है। उन्होंने गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे शीर्ष कंपनियों के सीईओ का उदाहरण दिया, जो आव्रजन के कारण वहां पहुंचे।

### दुनिया में कम बाधाएं होनी चाहिए: अमेरिकी राजदूत

गार्सेटी ने कहा, जब हम देखते हैं कि गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियों के सीईओ आव्रजन अवसरों के कारण अमेरिका आए, जब हम देखते हैं कि भारतीय अमेरिका में शिक्षा प्राप्त करके लौटते हैं और सरकार, उद्योग, चिकित्सा और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी बनते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि दुनिया में कम बाधाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टियों के राष्ट्रपति की तरफ से मजबूत किया गया है।

### शिक्षा और वीजा पर ध्यान: एरिक गार्सेटी

अमेरिकी राजदूत ने भारत और अमेरिका के बीच शिक्षा सहयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय छात्र लगातार दूसरे साल अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का सबसे बड़ा समूह हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट 2024 के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 3,31,602 तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष से 23प्रतिशत अधिक है।

### 'अमेरिका ने पिछले साल जारी किए थे 1.4 मिलियन वीजा'

उन्होंने कहा, पिछले साल हमने 1.4 मिलियन वीजा जारी किए। इस साल भी हम रिकॉर्ड संख्या में वीजा देने की उम्मीद कर रहे हैं। खासतौर पर छात्र वीजा में बड़ा उछाल आया है। एरिक गार्सेटी ने कहा कि यह रिश्ते को दर्शाता है कि भारत और अमेरिका समान मूल्यों को साझा करते हैं और समान चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और उभरती प्रौद्योगिकियों को मिलकर हल करना चाहते हैं।

## सॉल्वर बैठाकर आरक्षक बने युवक को कोर्ट ने सुनाई 14 साल की सजा, एक दशक से कर रहा था नौकरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्वालियर जिला न्यायालय के एसटीएफ विशेष कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए पुलिस में कार्यरत एक आरक्षक को 14 साल की सजा सुनाई है। खास बात ये है कि आरक्षक के खिलाफ आरोप था कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर को बैठाकर पास हुआ था। यह शिकायत उसके ही एक रिश्तेदार द्वारा 10 साल बाद की गई और अब जब उसे सजा सुनाई गई, तब वह 11 साल की नौकरी कर चुका है। आरक्षक वर्तमान में इंदौर के विजय नगर थाने में पदस्थ था। दरअसल, मप्र में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा 2013 में धर्मेंद्र शर्मा नामक युवक आरक्षक बना था, जिसके स्थान पर किसी अन्य युवक ने परीक्षा दी थी। तब धर्मेंद्र की उम्र 19 साल थी। 2022 में एसटीएफ मुख्यालय भोपाल में धर्मेंद्र के ही एक रिश्तेदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी धर्मेंद्र ने दो बार यानी अप्रैल 2013 और सितंबर 2013 में सॉल्वर बैठाकर परीक्षा दी थी। अप्रैल के एग्जाम में वह सफल नहीं हुआ, लेकिन सितंबर की परीक्षा में पास हो गया और वह बगैर परीक्षा दिए आरक्षक बन गया। शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद तत्कालीन एडीजी पंकज श्रीवास्तव ने राजेश भदौरिया के नेतृत्व में इसके लिए एक जांच टीम बनाई। नौ साल बाद व्यापम की कॉपियां और अन्य साक्ष्य जुटाना बड़ी चुनौती थी। जब इसके लिए एसटीएफ ने व्यापम से संपर्क किया तो पता चला कि पहले रिकॉर्ड तीन साल बाद नष्ट कर दिया जाता था।

# लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 22 ठिकानों पर छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ धनशोधन से जुड़े मामलों में कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को ईडी ने मार्टिन और उसकी कंपनी मैसर्स फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े अलग-अलग प्रदेशों में 22 ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान ईडी ने 12.41 करोड़ की नकदी और 6.42 करोड़ की एफडीआर जब्त की। ईडी ने तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मेघालय और पंजाब में उसके ठिकानों से कई आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस भी बरामद कीं। मार्टिन के खिलाफ लॉटरी में धोखाधड़ी व अवैध बिक्री के मामलों में कई एफआईआर दर्ज हैं। 15 नवंबर को भी ईडी ने मार्टिन के चेन्नई स्थित कॉरपोरेट कार्यालय से 8.8 करोड़ रुपये और कोलकाता से तीन करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी जब्त की थी। उल्लेखनीय है कि मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में लॉटरी किंग के खिलाफ ईडी को कार्रवाई करने की अनुमति दी थी।

### 457 करोड़ रुपये की संपत्ति हो चुकी है अटैच

ईडी ने बीते वर्ष केरल में लॉटरी बिक्री में धोखाधड़ी कर सिक्किम सरकार को 900 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने से जुड़े मामले में मार्टिन की करीब 457 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की थी।

### कई सालों से चल रही जांच

मार्टिन की कंपनी फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशन्स इंडिया प्रा.लि. सिक्किम लॉटरी की प्रमुख वितरक है। ईडी तमिलनाडु में इस लॉटरी किंग के खिलाफ 2019 से ही जांच कर रही है। मार्टिन हाल ही में तब सुर्खियों में आया, जब चुनाव आयोग के आंकड़ों से पता चला कि उसकी कंपनी 2019 से 2024 के बीच राजनीतिक दलों को चंदे के लिए 1,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड की सबसे बड़ी खरीदार थी। बता दें कि मार्टिन कभी साधारण मजदूर के रूप में काम करता था। 13 साल की उम्र में लॉटरी के व्यवसाय में उतरा और साम्राज्य खड़ा कर दिया। उसका व्यवसाय ज्यादातर लॉटरी से जुड़ा रहा। वह मार्टिन ग्रुप ऑफ कंपनीज का फाउंडर और चेयरमैन भी है।

## एनसीपी नेता छगन भुजबल ने बीजेपी के बटेंगे तो कटेंगे नारे से काटी कन्नी, बोले, हमारा इससे लेना-देना नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के एनसीपी नेता और मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे नारे से पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि इस नारे से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। एनसीपी का इन नारों से कोई संबंध नहीं है। हम केवल विकास की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि विकास हमारी जाति और धर्म है। मेरी पार्टी और मेरी भाषा केवल विकास की है। मैं भी विकास के अलावा किसी और बारे में बात नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि इन्हीं मुद्दों के साथ महायुति सरकार अच्छे बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। येवला विस सीट से एनसीपी प्रत्याशी छगन भुजबल ने

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)